राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 केएल राहुल ने निचले क्रम में खेलने पर बोले नंबर 5 पर उतरना बहुत ...

राजस्थान में बिना सीएम फेस के उतरेगी भाजपा .... 12

वर्ष : 11 | अंक : 139 | पटना, शुक्रवार , 29 सितंबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%
नहीं 50%
कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबईः ट्रक रिक्शे पर पलटा, 4 लोगों की मौके पर मौत

मुंबई। चंद्रपुर जिले में बल्लारपुर बाईपास के पास बीती रात तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर रिक्शे पर पलटने से 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल चार लोगों को तत्काल जिला सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात बल्लार बाईपास पर अष्टभुजा मंदिर की ओर से तेज रफ्तार ट्रक रेलवे फ्लाईओवर की ओर जा रहा था। अचानक ट्रक चालक का नियंत्रण बिगड़ जाने से ट्रक बगल से गुजर रहे एक रिक्शा पर पलट गया। घटना में रिक्शे में सवार संगीता चहांडे (56 वर्ष), अनुष्का खेरकर (22 वर्ष), प्रभाकर लोहे और ऑटो चालक इरफान खान (49 वर्ष) की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चार घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगत सिंह की जयंती पर बृहस्पतिवार को उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह हमेशा न्याय और स्वतंत्रता के लिए भारत की अनवरत लड़ाई का प्रतीक रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, शहीद भगत सिंह का उनकी जयंती पर स्मरण कर रहा हूं। भारत की आजादी के लिए उनका बलिदान और अटूट समर्पण पीढ़ियों तक प्रेरित करता रहेगा। साहस की प्रतिमूर्ति के रूप में वह हमेशा न्याय तथा स्वतंत्रता के लिए भारत की अनवरत लड़ाई का प्रतीक रहेंगे। ब्रिटिश शासकों ने 1931 में 23 साल की उम्र में भगत सिंह को फांसी दे दी थी। फांसी से पहले उनके साहस और बलिदान की भावना तथा उनके आदर्शों ने उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे लोकप्रिय नायकों में से एक बना दिया था।

### नवाचार में भारत 40वें स्थान पर बरकरार

नई दिल्ली। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की ओर से प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक-2023 में भारत रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बना हुआ है। वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) में पिछले कई वर्षों से 81वें स्थान पर था। 2023 में सुधार के साथ भारत 40वें स्थान पर पहुंच गया। नीति आयोग के अनुसार महामारी से उत्पन्न संकट के खिलाफ देश की लड़ाई में नवाचार ने अग्रणी भूमिका निभाई है। यह प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान में निहित है। जीआईआई रैंकिंग में लगातार सुधार अपार ज्ञान पूंजी, जीवंत स्टार्ट-अप ईको सिस्टम और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों के कारण है। उल्लेखनीय है कि जीआईआई दुनिया भर में नवाचार से होने वाले सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों का आकलन करता है। नीति आयोग इस वर्ष भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के साथ साझेदारी में 29 सितंबर को जीआईआई 2023 के शुभारंभ की मेजबानी कर रहा है।

# एशियाई खेलः भारत ने निशानेबाजी में जीता चौथा स्वर्ण पदक

प्रातः किरण

हांगझोउ/एजेंसी। भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे। सरबजोत सिंह ने क्वालीफाइंग राउंड में 580 के साथ भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर बनाया। अर्जुन सिंह चीमा 578 के स्कोर के साथ आठवें स्थान

पर रहे जबकि शिवा नरवाल 576 के स्कोर के साथ 56 निशानेबाजों के बीच 14वें स्थान पर रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में सिर्फ शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाते हैं। हालांकि, तीनों भारतीय निशानेबाजों के 1734 के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक दिलाया। वही चीन को (1733) स्कोर के साथ रजत जबकि वियतनाम (1730) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत फाइनल में, सरबजोत सिंह ने चौथे स्थान के लिए 199 का स्कोर बनाया और पदक की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन सिंह चीमा 113.3 अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे। 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में वियतनाम के क्वांग हुई फाम ने (240.5) के साथ स्वर्ण, दक्षिण कोरिया के वोन्हो ली ने रजत (239.4) और उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने (219.9) कांस्य हासिल किया। इस बार एशियाई खेलों में निशानेबाजी स्पधाएं एक अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों में कुल 33 स्वर्ण पदक दांव पर हैं।

# हरित क्रांति के जनक एम एस स्वामीनाथन का निधन

## 98 साल की उम्र में चेन्नई में ली अंतिम सांस, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, खड़गे व राहुल सहित अन्य ने जताया शोक

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। हरित क्रांति के जनक मशहूर वैज्ञानिक डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन का 98 वर्ष की आयु में गुरुवार को चेन्नई के एक अस्पताल में निधन हो गया। सूत्रों को कहना है कि स्वामीनाथन लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वह लगातार डॉक्टरों की निगरानी में थे लेकिन आज उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी और सुबह 11.20 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका जन्म 07 अगस्त, 1925 को कुंभकोणम, मद्रास प्रेसीडेंसी में हुआ था। उल्लेखनीय है कि हरित क्रांति के बाद ही भारत अनाज के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो पाया था। यह पहल एम. एस स्वामीनाथन के नेतृत्व में शुरू हुई थी। स्वामीनाथन का मानना था कि भारत की बहुत बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, इस लिए सजग रहने की बहुत जरूरत है। वह अपने उद्बोधनों में हमेशा कहा करते थे कि भारत में कृषि से होने वाली आय छोटे किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है। वह हमेशा खेती में प्रयोग और तकनीकी को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करते रहे। स्वामीनाथन को विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र में भारत सरकार ने वर्ष 1972 में पद्मभूषण से नवाजा था। उन्हें कृषि के क्षेत्र में कई अन्य अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

**उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा :** एमएस स्वामीनाथन के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया है।

प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर एम एस स्वामीनाथन के साथ दो तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन से गहरा दुख हुआ। हमारे देश के इतिहास के एक बहुत ही महत्वपूर्ण समय में, कृषि में उनके अभूतपूर्व कार्य ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में अपने क्रांतिकारी योगदान के अलावा डॉ. स्वामीनाथन नवप्रवर्तन के पावरहाउस और कई लोगों के लिए एक प्रेरक गुरु थे। अनुसंधान और परामर्श के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने अनगिनत वैज्ञानिकों और नव प्रवर्तकों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन के साथ अपनी बातचीत को हमेशा याद रखूंगा। भारत को प्रगति करते देखने का उनका जुनून अनुकरणीय था। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।

**खड़गे-राहुल ने जताया गहरा शोक :**

## मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

### बोलें- यह देश के लिये अपूरणीय क्षति

पटना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत के हरित क्रांति के जनक, महान कृषि वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने शोक-संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि डॉ एमएस स्वामीनाथन को भारत के हरित क्रांति का पिता भी कहा जाता है, वे महान कृषि वैज्ञानिक थे। देष के नाजुक वक्त में उन्होंने कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किये, जिससे देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुयी। 1960 के दशक में डॉ एमएस स्वामीनाथन ने अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और दूसरे कई वैज्ञानिकों के साथ मिलकर गेहूं की उच्च पैदावार वाली किस्म का बीज विकसित किया था, जिससे भारत खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बन गया था। डॉ एमएस स्वामीनाथन को वर्ष 1967 में पद्म श्री, वर्ष 1972 में पद्म भूषण और वर्ष 1989 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। डॉ एमएस स्वामीनाथन के कार्यों की सराहना सिर्फ भारत ही नहीं दुनिया भर में होती रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ एमएस स्वामीनाथन के निधन के समाचार से उन्हें गहरा दुख हुआ है। यह देश के लिये अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश में हरित क्रांति के जनक के रूप में प्रसिद्ध महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन जे निधन पर गुरुवार को गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है जिसने लोगों में वैज्ञानिक सोच पैदा करके कृषि की तस्वीर बदली है।श्री खड़गे ने कहा कि डॉ. स्वामिनाथन भारत की हरित क्रांति के प्रमुख वास्तुकार रहे हैं और देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।श्री गांधी ने कहा, भारत की कृषि में क्रांति लाने के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता ने हमें एक खाद्य अधिशेष देश में बदल दिया। हरित क्रांति के जनक के रूप में उनकी विरासत को हमेशा याद किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने उर्स के मुबारक मौके पर की चादरपोशी

## राज्य में अमन, चैन एवं तरक्की की दुआ मांगी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को फुलवारीशरीफ खानकाह मुजीबिया में उर्स के मुबारक मौके पर हजरत मखदूम सैयद शाह पीर मुहम्मद मुजीबुल्लाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह की मजार पर चादरपोशी की तथा राज्य में अमन, चैन एवं तरक्की की दुआ मांगी। इस अवसर पर खानकाह-ए-मुजीबिया के हाफिज मो नइमुद्दीन मुजीबी ने मुख्यमंत्री को राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिये दुआ करायी। चादरपोशी से पहले मुख्यमंत्री ने खानकाह मुजीबिया के पीर सज्जादानशीं हजरत मौलाना सैयद शाह मोहम्मद अयातुल्लाह कादरी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। खानकाह-ए-मुजीबिया के प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प-गुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मो इरशादुल्लाह, बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अफजल अब्बास, फुलवारीशरीफ नगर परिषद के अध्यक्ष मो आफताब आलम, खानकाह-ए-मुजीबिया के सचिव मो मिनहाजुद्दीन कादरी मुजीबी, राजद के प्रदेष महासचिव मो सलाउद्दीन मंसूरी, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# नवादा में ट्रक ने 4 मजदूरों को रौंदा, 3 की मौके पर मौत

प्रात : किरण

पटना/नवादा/एजेंसी। बिहार नवादा-गया पथ पर केवट नगर के पास अनियंत्रित ट्रक ने 4 लोगों को रौंद दिया जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस के मुताबिक अनियंत्रित ट्रक ने गुरुवार सुबह नवादा में हुए हादसे में मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक गया की तरफ से नवादा

आ रहा था, इसी दौरान यह घटना हुई है। सभी लोग मंडी में काम करने के लिए नवादा जा रहे थे। इसी दौरान एक पिकअप वाहन का चालक इन मजदूरों से मंडी जाने का रास्ता पूछ रहा था, तभी बेकाबू ट्रक ने उन चारों को रौंद डाला। सभी मजदूर केवट नगर के रहने वाले हैं। मृतकों में प्रह्लाद कुमार (17 ), समीर कुमार (26), आकाश कुमार (15) शामिल हैं। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया। घटना के बाद नगर थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंची। प्रशासन के अधिकारी आक्रोशित लोगों को समझाने में जुटे हैं।

## राहुल ने कीर्ति नगर में लकड़ी के कारीगरों से की मुलाकात

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के कीर्तिनगर इलाके में लकड़ी के कारीगरों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीरें एक्स सहित कई अन्य सोशल मीडिया मंचों पर साझा की। इन तस्वीरों में वह लकड़ी के कारीगरों से मुलाकात के साथ उनके औजार भी इस्तेमाल करते देखे जा सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा, दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की। ये मेहनती होने के साथ ही कमाल के कलाकार भी हैं -मजबूती और खुबसूरती तराशने में माहिर! काफी बातें हुई, थोड़ा उनके हुनर को जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पूरी करने के बाद समाज के अलग-अलग वर्गों के लोगों से मुलाकातें कर रहे हैं।

# पिछड़ों का आरक्षण खा रहे भाजपाई : लालू

प्रात : किरण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने देश के 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रोफेसर की संख्या महज चार प्रतिशत रहने से संबंधित रिपोर्ट को लेकर आज भारतीय जनता पार्टीइपर हमला बोला और कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं। श्री यादव ने गुरुवार को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर इस संबंध में प्रकाशित रिपोर्ट की प्रति के साथ टिप्पणी की, भाजपा की गरीब, वंचित, उपेक्षित और बहुजन विरोधी विचारधारा एवं धर्म के आवरण तले तथा मोदी सरकार की एक सोची समझी रणनीति और षड्यंत्र के तहत केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में सुनियोजित ढंग से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है। राजद अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सिर्फ. चार प्रतिशत ओबीसी प्रोफेसर हैं जबकि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं।

# मणिपुर : इंफाल में हिंसक प्रदर्शन जारी, डीसी कार्यालय में तोड़फोड़, दो वाहन फूंके

प्रात : किरण

इंफाल/एजेंसी। मणिपुर में दो छात्रों की मौत को लेकर बृहस्पतिवार सुबह भी हिंसक प्रदर्शन जारी रहा और इंफाल वेस्ट में एक उग्र भीड़ ने उपायुक्त कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो वाहनों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य की राजधानी में छात्रों की अगुवाई में यह हिंसा मंगलवार को तब शुरू हुई जब जुलाई में लापता हुए एक लड़के और लड़की के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। अधिकारियों ने बताया कि गत रात उरीपोक, यैसकुल, सगोलबंद और टेरा इलाकों में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों से झड़प हुई जिसके कारण सुरक्षा बल को स्थिति पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को रिहायशी इलाकों में प्रवेश करने से रोकने के लिए टायर जलाकर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि भीड़ ने उपायुक्त कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो चार पहिया वाहनों को फूंक

दिया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने स्थिति को काबू में किया। इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट जिलों में सुरक्षाबलों के हिंसक प्रदर्शनों से निपटने के बीच कर्फ्यू फिर से लगा दिया गया है। इन प्रदर्शनों में मंगलवार से लेकर अब तक 65 प्रदर्शनकारी घायल हो गए हैं। इस बीच, पुलिस ने बताया कि थौबल जिले के खोंगजाम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय में आग लगा दी गयी। मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि भीड़ ने एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया तथा उसमें आग लगा दी जबकि एक पुलिसकर्मी से मारपीट की और उसका हथियार छीन लिया। उसने कहा कि ऐसे अपराध में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। छीने गए हथियारों को बरामद करने और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश अभियान चलाया गया है। मणिपुर के बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सुरक्षाबलों से किशोरों पर मनमाने ढंग से लाठीचार्ज न करने, आंसू गैस के गोले न छोड़ने और रबड़ की गोलियां न चलाने का अनुरोध किया है। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में जनजातीय एकजुटता मार्च के बाद तीन मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़क गई थी। हिंसा की घटनाओं में अब तक 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। मणिपुर की आबादी में मेइती समुदाय के लोगों की आबादी लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। वहीं, नगा और कुकी आदिवासियों की आबादी करीब 40 प्रतिशत है और वे ज्यादातर पर्वतीय जिलों में रहते हैं।

## राजद ने मनोज झा को वाई श्रेणी की सुरक्षा के लिए गृह मंत्री से लगाई गुहार

पटना। सत्तारूढ़ पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फरियाद लगाई है। ठाकुर विवाद में राज्यसभा सांसद मनोज झा को भाजपा के अलावा अपने साथ के भी नेताओं से खतरा बताया है। सुरक्षा की मांग की है। राजद प्रवक्ता ऋषि मिश्रा ने चिट्ठी लिखकर सांसद मनोज झा को वाई श्रेणी की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रो. मनोज झा जी को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि वह सुरक्षित महसूस कर सकें। कृपया इसे गंभीरता से लेने की कृपया करेंगे। ऋषि मिश्रा ने आगे लिखा कि आपको ज्ञात है कि जो सुरक्षा कवच में रहने वाले थे कालांतर में उन्हें भी जान गंवानी पड़ी है। प्रो. मनोज झा बुद्धिजीवी, सभ्य व शांत प्रवृति के इंसान है।

**पहल** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री बोलें- देश में सड़कों का बिछाया जा रहा जाल

# सड़क निर्माण में होगा शहरी कचरे का इस्तेमाल : गडकरी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नगरों और महानगरों के कूड़े-कचरे को सड़क निर्माण में इस्तेमाल करने की जरूत पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और इसमें शहरी कचरे का इस्तेमाल किया जाएगा। गडकरी ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने का सपना है और उनके इस दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए सड़क निर्माण क्षेत्र में हरित गतिविधियों की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इस क्रम में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाने के लिए 13 हजार स्थानों पर कार्यक्रम चलाए जाएंगे जिसमे राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क के किनारे सुविधाओं वाली जगह, ढाबों तथा टोल प्लाजा पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाने की योजना ई है और इसके लिए 7 हजार स्थानों पर तैयारी पूरी हो चुकी है। श्री गडकरी ने कहा कि दैनिक आधार पर उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे का निपटान देशभर के शहरी क्षेत्रों की प्रमुख पर्यावरणीय चुनौती है। इसमें लगभग 10 हजार हेक्टेयर भूमि डंप साइट के लिए

इस्तेमाल की जा रही है। उनका मंत्रालय राजमार्ग निर्माण में शहरी ठोस कचरे का उपयोग करने की दिशा में इस सनस्य का समाधान निकालने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कचरा शहरी क्षेत्रों की बड़ी समस्या है और इसका प्रौद्योगिकी और दूरदर्शी तरीके से समाधान खोजने की जरूरत है। उनका कहना था कि यह कचरा बड़ा संकट जरूर है लेकिन इसी कचरे से आय रजत करना भी संभव है।

गडकरी ने कहा कि देश में वैकल्पिक जैव ईंधन का जिक्र करते हुए कहा कि वह ईंधन क्षेत्र में एथनाल को महत्वपूर्ण भूमिका में लाने के लिए काम कर रहे हैं और देश में एथनॉल अर्थव्यवस्था को संचालित करना चाहते हैं। उनका कहना है की एथनॉल के इस्तेमाल से कृषि कार्यक्रम को बढ़ावा मिलेगा और एथनॉल की अर्थव्यवस्था से कृषि विकास को 6 प्रतिशत तक बढ़ावा मिलेगा इसलिए वह बड़े पैमाने पर एथनॉल के इस्तेमाल पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य एथनॉल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है और इसके लिए जो कदम उठाये जा रहे हैं उनका उद्देश्य इथेनॉल को बढ़ावा देना है।

इस क्रम में दिल्ली में दुनिया के पहले बीएस-6 अनुरूप फ्लेक्स फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन लांच किया गया। पानीपत में आईओसीएल संयंत्र चावल के भूसे जैसे कृषि अपशिष्ट को एथनॉल और बायोबिटुमेन में परिवर्तित कर रहा है। इस क्रम में 2025 तक भारत में एक प्रतिशत सतत विमानन ईंधन का उपयोग करने और फिर 5 प्रतिशत तक एथनॉल मिश्रण की योजना है। इंडियन ऑयल पानीपत में 87 हजार टन सतत विमानन ईंधन उत्पादन की क्षमता वाला एक संयंत्र स्थापित कर रहा है। श्री गडकरी ने कहा कि भारत में दूरसंचार क्षेत्र लगभग 6 लाख मोबाइल टावरों का संचालन होता है और एक टावर सालाना लगभग 8 हजार लीटर डीजल की खपत करता है। इस तरह से इन टावरों पर 250 करोड़ लीटर डीजल की खपत होती है जिस पर करीब 25 हजार करोड़ रुपए हर साल खर्च होते हैं। एथनॉल से संचालित अब एक जनरेटर सेट विकसित कर लिया गया है और विश्वास किया जा सकता है कि आने वाले समय में जेनसेट उद्योग को केवल एथनॉल आधारित जनरेटर होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### हर्ष फायरिंग के दौरान एक युवक को पैर में लगी गोली

दानापुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत दियारा के हाबसपुर गांव में विगत रात जन्मदिन के मौके पर हर्ष फायरिंग के दौरान एक नाबालिक युवक को पैर में लगी। गोली जख्मी हालत में दोनों को सगुना स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां वे खतरे से बाहर है। वहीं हर्ष फायरिंग करने का आरोप दियारा के पतलापुर निवासी अमित कुमार पर लगा है। इस मामले में शाहपुर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। हाबसपुर निवासी सहेन्द्र राय ने बताया कि उसके भाई कृष्णा राय के पुत्र अंकुश उर्फ दिलखुश कुमार का जन्मदिन मनाया जा रहा था। बुधवार की देर शाम पार्टी चल रही थी। उसी दौरान पतलापुर गांव का अमित कुमार शराब के नशे में पहुंचा और अपनी पिस्टल से हर्ष फायरिंग करने लगा। इस दौरान वहां खड़े राजेश्वर महतो के 19 वर्षीय पुत्र निरंजन कुमार के दोनों पैर में गोली जा लगी। वही पास में खड़े बरियार चक, छपरा से आए उसके रिस्तेदार ललन देव राय के 12 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार के दाहिने पैर में गोली जा लगी और जख्मी होकर वहीं गिर पड़ा। हादसे के बाद आरोपित अमित फरार हो गया। वही परिजनों व ग्रामिणों की मदद से दोनों जख्मी को दानापुर सगुना स्थित निजी अस्पताल में लाया गया जहां वह इलाजरत है।इस संबंध में मकसूदपुर निवासी जख्मी निरंजन कुमार के भाई शिव महादेव महतो ने लिखित शिकायत करते हुए अमित को आरोपित किया है। थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है।

### जुलूस ए मोहम्मदी ने अमन शांति और भाईचारा का पैगाम दिया

दानापुर खगौल। नगर के गुरुवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी निमतल्ला रोड से चादर पोसी के लिए जुलूस निकाली गई। जहां मुस्लिम समुदाय के लोग ने मरहबा के नारों के साथ जुलूस निकाल कर नवी के जन्मदिन की खुशी मनाई। यह जुलूस ताज एकता कमिटी की ओर से निकाली गई । यह जुलूस चिकटोली से निकलकर जयराम बाजार से होते हुए मोती चौक, चक्रदाहा, थाना रोड,लख पर होते हुए वापस चिकटोली पहुंचा। जुलूस के दौरान लोगों ने फूलो की बरसात की। इस दौरान देश में अमन चैन की दुआ भी मांगी गई। इस जुलूस मे मुस्लिम समुदाय के अलावा सभी धर्म के लोगो ने हिस्सा लिया। वही जश्ने ईद मिलादुन्नबी मौके पर खगौल मे कुल 4 जुलूस निकाले गए।मौके पर ताज एकता कमेटी के अध्यक्ष मोहमद रिंकू संजोयक चंदू प्रिंस, पिंटू, ओम नन्दन तिवारी, मो. गुड्डू वसीम अशरफी मो . गोल्डन मोहम्मद सदाब मोहम्मद बादल मोहम्मद वसीम अशरफी एवं सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

### मोहम्मद साहब की जयंती पर झांकी के साथ निकला जुलूस

इसुआपुर। प्रखंड में मोहम्मद साहब की जयंती भव्य जुलूस और झांकी के साथ निकाली गई। आधा दर्जन से अधिक गांवों से श्रद्धालु झांकी व जुलूस के साथ इसुआपुर बाजार स्थित ईदगाह परिसर में पहुंचे। जहां जलसे का आयोजन किया गया था। जलसे में जामा मस्जिद इसुआपुर के इमाम मौलाना इजहार अशरफ, मोहम्मद नासिर, तौकीर राजा ,बनारसी न्याज अहमद कादरी ,मास्टर चांद अख्तर ने लोगों को मोहम्मद साहब द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की बात कही। वहीं शांति और भाईचारे का संदेश दिया। इस मौके पर इसुआपुर गांव से जुलूस के लाइसेंसधारी अशरफ अली, डटरा से नौशाद आलम, चहपुरा से खुर्शीद आलम, दरवा से अजमत अली, मुड़वा एराजी से रेयाज अहमद, नवादा से अजमुल साईं, बिशुनपुरा से शाकिर अली के नेतृत्व में शांति जुलूस निकाला गया। ईदगाह परिसर में सैनिक कैंटीन इसुआपुर के द्वारा शीतल पेयजल का स्टॉल लगाया गया था। जुलूस का संचालन मुखिया अजय राय, इसुआपुर के मुखिया प्रतिनिधि अजमल रहमानी,पूर्व सैनिक मोहम्मद वारिस, अरशद रहमानी, जुबेर जफरुल्लाह अंसारी ,दुनदुन हाशमी, अशरफ अंसारी, अतिउल्लाह अंसारी, शाकिर हुसैन ,साबिर हुसैन, अल्ताफ आलम ,जुल्फिकार अंसारी ,गोला अंसारी आदि में किया। प्रतीक जुलूस में पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी वहीं थानाध्यक्ष मिहिर कुमार, अपर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार वह अन्य पदाधिकारी पुलिस बल के साथ विधि व्यवस्था में लगे हुए थे।

# गूंगी अंग्रेज सरकार को जगाने के लिए भगत सिंह ने संसद में किया बम धमाका

## पंजाबी कालोनी, चितकोहरा में गैरमजरुआ जमीन पर भगत सिंह के नाम पर पार्क की मांग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह की 116वीं जयंती के पर भाकपा माले पटना साहिब कमेटी के द्वारा गुरु गोविंद सिंह पथ पीर अली मुफ्त स्वास्थ्य केंद्र से मार्च निकाला गया। भगत सिंह चौक स्थित क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर जयंती मनाया गया। उनकी याद में सभा की गई, जिसमें वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह गरीब, मजदूर, किसान, महिलाओं के अधिकार की आवाज गूंगी-बहरी अंग्रेजी सरकार को सुनाने के लिए संसद में बम का धमाका करना पड़ा। इस कारण से उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी। आजादी के बाद केन्द्र की वर्तमान भाजपा सरकार धीरे-धीरे जनाधिकार समाप्त करने में लगी है। विरोध की आवाज दबाने के लिए सरकारी व गैर सरकारी तरिके से करती है। देश की सभी सरकारी संपति निजी हाथो में बेचा जा रहा है। इसके कारण आरक्षण खत्म करने तथा महंगाई चरम सीमा पर है। किसानों को लाभकारी मूल्य नही मिल रहा, जिस कारण किसान कर्ज तले दब आत्महत्या कर रहे हैं।सामंती साम्प्रदायिकता के चलते बलात्कार और नग्न कर मारपीट की घटना में वृद्धि हुइ है। भगत सिंह का कहना है कि गोरे अंग्रेज तो चले जाएंगे, लेकिन काले अंग्रेजों से सावधान रहना होगा। इसलिए भगत सिंह के विचार को जन-जन में फैलाने की वक्त की मांग है।

कमेटी मांग करती है कि इन्हें भारत रत्न तथा संसद में इनकी आदमकद मूर्ति लगाई जाए। कार्यक्रम में सचिव अनय मेहता, नसीम अंसारी, शंभूनाथ मेहता, राखी मेहता, राजेश सिंह कुशवाह, मुजफ्फर आलम, महेश चंद्रवंशी, चन्द्रभूषण शर्मा, ललन यादव, रामनारायण सिंह, आत्माराम, श्रवण सिन्हा, मेहंदी हसन, मुनारिक चौधरी , इदरीश खां, महेंद्र यादव, उमा यादव, हसनैन, सुबोध कुमार, देवेन्द्र सिंह, मिथिलेश सिंह, बजरंगी प्रसाद, अजित कुमार यादव आदि ने भाग लिया। दूसरी ओर चितकोहरा पंजाबी कॉलोनी में शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की जयंती पर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर और प्रार्थना सभा अयोजित कर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी कॉलोनी गुरुद्वारा के उपाध्यक्ष सरदार हीरा सिंह बग्गा ने की। इस अवसर पर श्री बग्गा ने सरकार से मांग की कि पंजाबी कालोनी स्थित आम गैरमजरुआ जमीन, जो लगभग 1.64 एकड़ है। इसे लोग वर्षों से शहीद भगत सिंह पार्क के नाम से जानते हैं। उसे सरकार जल्द से जल्द एक खूबसूरत पार्क में विकसित कर सरदार भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाए। नहीं तो भू-माफिया प्रशासन से मिल तरह-तरह का अड़ंगा लगा कर इसे हड़पने की फिराक में हैं। चूंकि यह सिख बहुल जगह है, तो इवनकी भावना का कद्र करते हुए इसे जल्द से जल्द अमल में लाया जाए। कुछ लोग साजिश के तहत बड़े सरकारी अफसरों से मिल विद्वेष फैला कर माहौल खराब करने की साजिश रच रहें हैं, ऐसा सिख भाइयों का कहना है। इसका हल सिर्फ यही है कि चितकोहरा पंजाबी कॉलोनी स्थित आम गैरमजरुआ जमीन में यथाशीघ्र शहीद भगत सिंह पार्क विकसित कर घेराबंदी कर दिया जाए। पार्क बनने से हर समुदाय के लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। सभा में सरदार जगजीवन सिंह, रंजीत सिंह, सुमित घोष, अमित मल्होत्रा, चरणजीत कौर, ट्विंकल, पूनम सलूजा, अभिनंदन कौर, हरजीत सिंह मुच्छल, अंकित गुप्ता, पलिन सरवाल, सतपाल सिंह आदि मौजूद थे।

## वार्ड 60 के आधार दर्जन मुहल्ले में जलजमाव से स्थिति बुरी

### हड़ताल में काम हो रहा, तो सफाई करा समस्या दूर करा दें

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। नगर निगम के आयुक्त को पूर्व में भी जलजमाव की समस्या से अवगत कराया गया है। लेकिन आपके स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। हिंदुओं का महापर्व दुगार्पूजा कुछ दिनों में शुरू होगा। निगमायुक्त से अजीमाबाद अंचल के वार्ड नं 60 की समस्या से छोटी बाजार, टिकिया टोली, शेखा का रोजा, जलवा टोली, छत्ता तल के निवासियों के लिए एकमात्र रास्ता मोगलपुरा पीपल तल से होकर अशोक राजपथ एवं श्री गुरु गोविंद सिंह अस्पताल जाता है। लेकिन महीनों से पूरे रास्ते पर नाला का पानी सड़क जमा रहता है। उसी रास्ते से हजारों की संख्या में स्कूली छात्र, वृद्ध, महिलाएं, मरीज आदि आते-जाते हैं। पास में ही पीपल तल में स्थित सरकारी स्कूल चरखा विद्यालय में सैकड़ों की संख्या में छात्रा पढ़ाई करने उसी नर्क से होकर गुजरती हैं और अब तो इस विकराल समस्या के कारण छात्र स्कूल जाने से कतराने लगे हैं। निगमायुक्त से निवेदन है कि एक बार स्वयं निरीक्षण कर इस नारकीय जीवन से निजात दिलाने की कृपा करें। वैसे अभी नगर निगम में सफाई मित्रों की हड़ताल चल रही है इसके बावजूद आपका बयान लगातार आता रहता है की सफाई कर्मी युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं ऐसे में इस वार्ड 60 के मोहल्ले में भी सफाई मित्रों को लगाकर स्थानीय और इस रास्ते से गुजरने वाले लोगों को नारकीय जीवन से मुक्ति दिलाने की दिशा में प्रयास करें ताकि हम जनता को भी यह एहसास हो सके की सफाई मित्रों की हड़ताल के बाद भी निगम प्रशासन सफाई को ले सक्रिय व सजग है।

# अजीमाबाद व सिटी अंचल में दिखने लगा हड़ताल का असर

## पटना जल परिषद के कर्मी भी हड़ताल में हुए शामिल, अब होगा जल संकट

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम कर्मियों की हड़ताल आठवें दिन भी जारी रहा। इस हड़ताल का असर ऐसा रहा कि अब अजीमाबाद आंचल और पटना सिटी अंचल की गलियों और संपर्क पथों में साफ-साफ देखने को मिल रहा है। भले अधिकारियों को दिखाने के लिए मुख्य मार्ग अशोक राजपथ, सुदर्शन पथ, पुरानी बाइपास और कुछ संपर्क पथों पर लगातार कचरे का उठाव किया जा रहा है, मगर जिस तरीके से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, झाड़ू लगाने, कचरा उठाने और कचरा प्वाइंट से कचरा उठा कर निस्तारित करने का काम सामान्य दिनों में किया जा रहा था, उसका 25 प्रतिशत काम भी देखने को हड़ताल के दौरान नहीं मिल पा रहा है। इधर डेंगू का डंक लगातार लोगों को मार रहा है। ऐसे में अब बदबू से लोगों को अपने घर में भी रहना मुश्किल हो गया है। रास्ते से गुजरने के समय तो वैसे भी नाक पर रुमाल रखना या फिर मास्क पहनना उनकी मजबूरी है। दरअसल दोनों अंचल और बांकीपुर अंचल का कुछ भाग पटना सिटी अनुमंडल में पड़ता है। यहां सफाई कर्मी सुबह सात बजे के पहले नहीं आते हैं और 8 से 10 के बीच दो घंटे में काम कर प्रस्थान कर जाते हैं। इसी दौरान खास गली व सड़क में झाड़ू लगाना और कचरे का उठाव कर लेना होता है। यहां तक की दबी जुबान सिटी मैनेजर, मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक, पर्यवेक्षक आदि का कहना है कि कब हड़ताली कर्मचारी आकर धावा बोल देगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। ऐसे में उन लोगों को हड़ताल के दौरान सफाई मित्रों से काम कराना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के आह्वान पर निगमकर्मियों की हड़ताल के समर्थन में गुरुवार भी निगम के प्रधान कार्यालय मौर्यलोक परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया। इसे सम्बोधित करते अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह ने कहा कि महापौर से लेकर स्थायी समिति के सदस्यों को नगर निगम कर्मियों की थोड़ी सी भी चिंता नहीं है। हड़ताल में शामिल कर्मियों पर जो मुकदमा दर्ज किया जा रहा है, उसका कोई आधार ही नहीं है।

कर्मी मारपीट करने वाले हैं, तो मुकदमा दर्ज तो वह करेगा न, जिसके साथ मारपीट हुआ है। नगर प्रबंधक के मुकदमा दायर कर देने से हड़ताली कर्मी भयभीत नहीं हैं।कार्यकारी अध्यक्ष रामयत्न प्रसाद ने कहा कि जो स्थायी समिति के सदस्य कह रहे हैं कि महापौर नगर निगम कर्मियों के लिए चिंतित हैं, यह बेतुका है। महापौर मंच पर आकर घोषणा कर दें कि कर्मियों की जो भी मांग है, उसे पूरा कर देंगी। जैसे नगर निकाय का अधिकार छिने जाने पर 2020 में कर्मचारियो के मंच से आकर कर्मियों को अपना पुत्र बता रही थीं। संयोजक नन्दकिशोर दास ने कहा कि नगर आयुक्त जितना भी झूठा दावा मीडिया में कर लें, लेकिन सच्चाई यह है कि हड़ताल दिन प्रतिदिन और मजबूत होता जा रहा है। जलापूर्ति शाखा के कर्मी भी हड़ताल में शामिल हो गए हैं और अब जलपूर्ति भी बंद रहेगा। सह संयोजक मंगल पासवान ने कहा कि पटना में कूड़ा का अम्बार लगा है।

नगर आयुक्त का कौन चश्मा है, जो उन्हें कूड़ा उठते हुए नजर आता है।प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नगर निगम के आयुक्त अनिमेष पराशर पाटलिपुत्र अंचल में कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य कुछ कर्मियों के साथ झाड़ू व बेलचा पकड़े हुए हैं और फोटो शूट करवा रहे हैं। कर्मियों मे इतनी ताकत तो है कि नगर आयुक्त को झाड़ू पकड़ने पर मजबूर कर दिया। सभा को धरमवीर, सूरज राम, गिरिजा देवी, सविया देवी, राजमोहर सिंह, रमाकांत मंडल, सुजीत पासवान, देवराज कुमार, सन्नी कुमार, केशो कुमार, गोपाल यादव, सुजित पासवान, शत्रुघ्न सहनी, मुकेश ठाकुर, भुवन भूषण भारती, देवनाथ राम आदि ने संबोधित किया।

## चोरी की बाइक के साथ एक, शराब में चार गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। मालसलामी थाना की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक को गिरफ्तार किया है। वहीं शराब के पुराने मामले, पीने आदि में चार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि भैंसानी टोला निवासी अजय कुमार को मथनी तल भमारी के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वाहन चोर के पास से चोरी की बाइक और तीन मास्टर-की (चाबी) मिला है। पुलिस उससे उसके गिरोह के बारे में और अन्य वाहन चोरी के मामले में पूछताछ की है। दरअसल पप्पू वर्मा बाइक लगा कर 10 मिनट के लिए सिटी स्टेशन के पास डिजनीलैंड में गए थे। लौटे तो देखा कि मोटरसाइकिल नहीं है। इस संबंध में चौक थाना की पुलिस को सूचना दिए जाने पर कहा गया कि आकर एक लिखित आवेदन दे दें। इस बीच बुधवार की रात पता चला कि उनकी चोरी गई मोटरसाइकिल को मालसलामी थाना की पुलिस ने बरामद कर लिया है। यह पुलिस की एक अच्छी उपलब्धि है। वहीं शराब मामले में फरार राजेश पासवान को मालसलामी रेलवे क्रांसिग के पास से गिरफ्तार किया गया है। शराब पीने के मामले में विनोद कुमार पासवान, मनोज कुमार चौधरी और श्याम सिंह को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## ईद मिलाद-उन-नबी पर एदारे शरिया से निकला धार्मिक जुलूस

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

ईद मिलाद-उन-नबी पर सुलतानगंज क्षेत्र के एदारा ए शरिया नौघरवा से धार्मिक जुलूस निकला। इसमें विमिन्न मोहल्ले के अंजुमन फैजान नूर कटरा मंडई , जाम ए रजा मदरसा, दावत ए इस्लामी के बड़ी संख्या में बच्चे, बूढ़े, नौजवान हाथ में झंडा-पताका लेकर मोहम्मद साहेब की शान में चल रहे थे। छोटे बच्चे रेहान, उमेन आसिफ एवं शहजाद मसीहा गाते और अल्लाह हो अकबर का नारा लगाते हुए सुल्तानगंज, पत्थर की मस्जिद, तेराहे की मस्जिद, दरगाह रोड होते हुए मोहम्मदपुर मस्जिद के नजदीक रुक कर सामूहिक नमाज अदा की गई। फिर जुलूस एकत्रित होकर ट्रेनिग स्कूल, महेन्द्रू होते हुए अंजुमन इस्लामिया हॉल में पहुंच कर सभी शामिल लोग जमा हुए। यहां हुजूर सल्लाह अलैह वसल्लम की अहमियत पर प्रकाश डाला गया। लोगों ने फातिया भी पढ़ा। जुलूस में विधि-व्यवस्था संधारण सुल्तानगंज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार, निवर्तमान एसएचओ शेर सिंह यादव के साथ आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार, खाजेकलां थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर, बाईपास थाना के थाना अध्यक्ष रहे मो सनोवर खां के अलावा पुलिस बल एवं साथ में रिगार्डलेएस थाना शांति समिति के सदस्य वार्ड पार्षद बैजू लाल दास, बसी अख्तर, गणेश कुमार, कलीम इमाम एवं सोहेल अख्तर जुलूस में शामिल थे।

## कुशासन की हद 2.23 लाख स्कूली बच्चे पढ़ रहे भूखे-प्यासे

पटना। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र ने कहा कि जो सरकार 2.23 लाख स्कूली बच्चों के लिए पीने का पानी उपलब्ध न करा सके, मध्याह्न भोजन न दिला सके, उसे चुल्लू भर पानी खुद अपने लिए खोज लेना चाहिए। राज्य के 1161 प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था नहीं है।पानी नहीं है, इसलिए इन स्कूलों में दोपहर का भोजन बनना बंद है। उन्होंने कहा कि सबसे बुरी स्थिति पटना और वैशाली जिले की है। पटना के 116 और वैशाली के 499 स्कूलों में पेयजल का इंतजाम नहीं है। बच्चे भूखे-प्यासे रह पढ़ने को विवश हैं। श्री मिश्र ने कहा कि शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं अभियंत्रण विभाग में कोई तालमेल नहीं है। जो काम निजी स्कूलों में एक मैनेजर किसी प्लंबर से करा सकता है, उसके लिए दो सरकारी विभागों में ई-मेल के इस जमाने में चिट्ठी-पत्री लिखा जाना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री अपनी नाक के नीचे सचिवालय में आईएएस अफसरों की हाजिरी सुनिश्चित नहीं कर पा रहे हैं।

## हजरत पैगंबर के जीवन दर्शन में हिंसा व नफरत का स्थान नहीं

### मोहम्मद साहेब के यौमे पैदाइश पर 2रे दिन हुआ कार्यक्रम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

हजरत पैंगबर मोहम्मद साहेब का जीवन दर्शन में हिंसा और नफरत का कोई स्थान नहीं है। यह बात जयंती पर आयोजित समारोह में वक्ताओं ने गुरुवार को मंगल तलब के उर्दू मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कही। अंजुमन ए मोहम्मदिया की ओर से हजरत पैंगबर मोहम्मद साहेब के यौमे पैदाइश पर आयोजित जयंती समारोह में बच्चों का नातिया मुसाबका हुआ। इसमें खानकाहे मुनएमिया, मितन घाट दरगाहशरीफ के सज्जादानशीं सैयद शाह शमीम उद्दीन अहमद मुनएमी की अध्यक्षता व डॉ रेहान गनी के संचालन में आयोजित मुसाबका का उद्घाटन बिहार सुन्नी बफ्फ बोर्ड के चेयरमैन इरशाद उल्लाह ने किया। आयोजन में प्रो मो अंसारी, प्रो तौकिर आलम, प्रो सैयद मो रफीक आलम आदि अन्य ने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष प्रो सैयद शमशुल हुसैन, महासचिव इरशाद अहमद, प्रवक्ता मो साबिर अली एवं पूर्व महासचिव परवेज अहमद व मेराज जेया ने किया। संयोजक आसिम सिद्दीकी की देखरेख में हुए मुसाबका के निर्णायक मंडल में मोइन कौसर, सिब्तेन रजा अजीमाबादी और डॉ इजाज रसूल थे। इसमें विजयी तौफीक रजा, कमर रजा, सैयद अब्दुस समद समेत अन्य बच्चों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में हसन इमाम, नौशाद इलाही, जाकिर बख्श, हनीफ शेख, गुलाम साबिर, मो रिजवान, शाहनवाज खान, मो रेयाज, अब्दुल लतीफ, मो समी, मजहर इकबाल, नौशाद इलाही समेत आदि शामिल थे। शुक्रवार को महिलाओं का सीरत कांफ्रेंस का आयोजन होगा। खानकाहे एमादिया, मंगल तालाब में सज्जादानशीं सैयद शाह मिसबाह उल हक एमादी की देखरेख में आयोजित जयंती समारोह में खाजेकलां नवाब मंजिल से काफिला ए मोहम्मदिया निकला, जो खानकाहे मंगल तालाब तक गया। खानकाह में नमाज के बाद सलाम व दुआ हुई। इसके बाद जियारत कराई गई। इसी प्रकार खानकाहे मुनएमिया, मितन घाट दरगाहशरीफ में सज्जादानशीं सैयद शाह शमीम उद्दीन अहमद मुनएमी की देखरेख में जयंती मनायी गई। जायरीनों को जियारत मुए मुबारक कराया गया। सुल्तानगंज स्थित खानकाहे हजरत दीवान शाह अरजानी में गद्दीनशीं डॉ सैयद शाह हसीन अहमद की अध्यक्षता में जयंती समारोह में मो साहिब के जीवन दर्शन पर व्याख्यान, महफिल ए शमा व दुआ हुई। वारगाहे इश्क तकियाशरीफ, मितनघाट में भी खानकाह के गद्दीनशीं सैयद ख्वाजा आमिर शाहिद की ओर से कदम ए रसूल की जियारत कराई गई। खानकाह फैयाजिया, सिमली में भी ईद मिलाद-उन-नबी पर गद्दीनशीं सैयद शाह गुलाम हुसैन फैयाजी की देखरेख में तकरीर हुई। इसके अलावा भी अनेक जगहों पर समारोह आयोजित की गई।

## वाहन से तगादा का सात लाख गायब, थाना में मामला दर्ज

### संदलपुर गार्डेन व अखाड़ा के तालाब के किनारे शव बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र स्थित एक चार पहिया वाहन से सात लाख रुपया गायब होने का मामला आया है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार खाजेकलां थाना क्षेत्र के घघा गली निवासी पवन सुल्तानिया ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया गया कि उन्होंने दो कर्मचारियों को तगादा वसूली के लिए मधुबनी भेजा था। इस दौरान बोलेरो वाहन को एसटू मॉल नहर के पास लगाया गया था। कर्मचारियों का कहना है कि वाहन का शीशा तोड़ कर उच्चकों ने रुपए को गायब कर दिया। पेपर कंपनी के मालिक का कहना है कि कर्मचारी से पूछताछ करने पर दोनों ही संतोषजनक जबाव नहीं दे रहे हैं। पुलिस ने बताया कि कंपनी के कर्मी दिलीप कुमार एवं पवन कुमार जायसवाल पर साथियों से मिलीभगत से तगादा का रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

**युवक का शव बरामद:** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के संदलपुर गार्डेन व अखाड़ा के तालाब के किनारे एक शव पड़ा था। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। युवक की मौत किस परिस्थिति में भी हुई है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। शरीर पर कहीं चोट का निशान नहीं है। मृतक की उम्र 25 से 30 साल के करीब आंकी गई है। बहादुरपुर थानाध्यक्ष लालमुनि दूबे ने बताया कि मृतक की पहचान स्थानीय संदलपुर निवासी विक्की कुमार के रूप में हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मामला स्पष्ट होगा। संभावना है कि बीमारी से उसकी मौत हुई है।

## मना अनंत चतुर्दशी का त्योहार, श्री गणेश प्रतिमा का विसर्जन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

- आज पूर्णिमा पर गंगा स्नान कर श्री सत्यनारायण स्वामी की होगी पूजा

अनंत चतुर्दशी का त्योहार गुरुवार को मनाया गया। शक्तिपीठ बड़ी पटदेवी में महंत विजय शंकर गिरि व विकास गिरि, सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में आचार्य अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी, करनालगंज गायघाट स्थित पौराणिक संकट हनुमान मंदिर में प्रधान पुजारी, गायघाट स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर में यहां के पुजारी की देखरेख में और घरों में आयोजित की गई। पूजा में लोगों ने विष्णु भगवान की पूजा-अर्चना की और कच्चे धागे से बने 14 गांठ वाले भगवान अनंत को अपने हाथ में बांधा। इसे लेकर जहां-जहां अनंत भगवान ने की पूजा हो रही थी, वहां लोग थाल में दूध, शक्कर, घी का दीया, धूपबत्ती, फल, आटा और परिजनों की संख्या के अनुसार अनंत लेकर गए। वहां पूजा में शामिल होकर कथा सुनी। इसके बाद प्रसाद लेकर घर लौटे। वहीं अनेक लोगों ने अनंत भगवान का व्रत भी रखा। इसमें अधिकांश व्रती नमक का त्याज्य करते हैं यानी नमक से बना हुआ कोई भी खाद्य पदार्थ का सेवन नहीं करते हैं। दूसरी ओर श्री गणेश उत्सव पर स्थापित गणपति की प्रतिमा का विसर्न जमुनी राय के कुआं और गायघाट समेत अन्य जगहों पर स्थापित गणपति प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई।

## दुर्गापूजा पर पूजा पंडाल व विसर्जन जुलूस के लिए अनुज्ञप्ति लेना जरूरी -41 प्वाइंट पर प्रशासन ने जारी किया निर्देश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दशहरा यानी 10 दिनों तक भगवती दुर्गा देवी की पूजा आराधना की जाती है। पहले पूजा के दिन कलश स्थापन किया जाता है जो 6 दिनों तक पूजा की जाती है सप्तमी से अष्टमी तक भगवती की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कर पूजा अर्चना की जाती है इसके बाद विजयादशमी और उसके दूसरे दिन तक सार्वजनिक स्थानों पर बैठाई गई भगवती की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है पहले एकमात्र भद्र घाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ करता था, मगर अब गायघाट लॉ कॉलेज घाट से लेकर अन्य गंगा नदी के घाटों पर भी भगवती दुर्गा देवी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। पूजा को लेकर पूजा समिति के लोगों के लिए जिला के पुलिस प्रशासन के कप्तान ने निर्देश जारी किए हैं यह कल 41 प्वाइंट में है। सभी पूजा पंडाल/ जुलूस को शत-प्रतिशत लाइसेंस लेना जरूरी है। पूजा पंडाल के कारण आवगमन बाधित नहीं होना चाहिए। पूजा पंडाल का निर्माण मजबूती के साथ कराना चाहिए, ताकि भीड़ के कारण किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

पंडाल के आसपास बिजली का तार रहने पर उसकी ऊंचाई बिजली के तार से कम से कम पांच फीट नीचे होनी चाहिए। पंडाल के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखा जाना चाहिए। पंडाल में आग से नियंत्रण के लिए आवश्यक उपकरण होना चाहिए। पंडाल में लगने वाले रंगीन लाइट, झालर एवं अन्य सजावट के सामान को सुरक्षित तरीके से लगाना चाहिए, ताकि किसी का हाथ अथवा शरीर के संपर्क में न आए। पूजा पंडाल में धार्मिक उन्माद एवं राजनैतिक मूर्ति, कार्टून, फोटो, नारा, वीडियो आदि का प्रदर्शन नही होना चाहिए। पंडाल में सीसीटीवी लगाया जाए तथा बैनर में महत्वपूर्ण नम्बर अंकित कर प्रदर्शित किया जाए। जिस पूजा पंडाल का निर्माण विस्तृत रूप से कराया जा रहा हो, उसके पूजा समिति के अध्यक्ष और सचिव से संपर्क स्थापित कर भीड़ नियंत्रण के लिए भक्तों को दर्शन के लिए आने एवं जाने का रास्ता अलग एवं सुलभ बनाने एवं अपने स्तर से स्वयंसेवक की व्यवस्था करेंगे। पंडाल के बाहर पर्याप्त रूप से रोशनी की व्यवस्था होना चाहिए।

पूजा पंडाल में अथवा जुलूस में किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। पंडाल के समिति के कोई भी सदस्य शराब या मादक पदार्थ का सेवन नहीं करेंगें। पकड़े जाने पर जिम्मेदारी लाइसेंसधारी की होगी। पूजा पंडाल का निर्माण तथा जुलूस निकालने के लिए दिए गए निर्धारित मार्ग एवं समयानुसार करना सुनिश्चित करेंगे।जुलूस मे एक-दूसरे जुलूस से दूरी लगभग 200 गज रखेंगें तथा संवेदनशील स्थान पर जुलूस चलंत रहेगा। अनुज्ञप्तिधारी मूल अनुज्ञप्ति की कॉपी अपने पास हमेशा रखेंगे, ताकि समय आने पर तुरत दिखाया जा सके। जुलूस एवं पूजा पंडाल के आसपास आतिशबाजी पूर्णतः प्रतिबंधित है। जुलूस में जानवर का प्रदर्शन प्रतिबंधित है। मूर्ति का विसर्जन वाहन पर ले जाकर किया जाएगा। जुलूस में किसी दल या व्यक्ति विशेष का प्रचार-प्रसार अथवा विरोध से संबंधित कोई बैनर नहीं रहेगा। शांतिपूर्ण ढंग से विसर्जन जुलूस ले जाने की जिम्मेवारी अनुज्ञप्तिधारी एवं अनुज्ञप्ति में अंकित व्यक्तियों की होगी। जुलूस किसी मंदिर, मस्जिद, ईदगाह, अस्पताल आदि के सामने अश्लील गाने नही बजाएंगे एवं सार्वजनिक स्थलों पर जुलूस के सदस्यों द्वारा धर्म विरोधी, उत्तेजक, अशोभनीय व भड़काऊ नारा नही लगाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन के निधन पर भाकपा ने जताया शोक

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने भारत में हरित क्रांति के जनक एवं महान कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि एमएस स्वामीनाथन के निधन से भारत ने कृषि क्षेत्र में एक अग्रणी वैज्ञानिक को खो दिया है। भारत को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में उनका योगदान महत्वपूर्ण था। ऐसे समय में वे चले गये जब कृषि संकट गहराता जा रहा है और किसानों के लिए उनके अनुभव की बहुत जरूरत थी। एमएस स्वामीनाथन को विनम्र श्रद्धांजलि।

### एजाज अहमद ने लालू प्रसाद के बेहतर सेहत के लिए दुआ की

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने गुरूवार को फुलवारी शरीफ के खानकाह मुजीबिया में उर्स के मौके पर हजरत पीर मुजीबुल्लाह कादरी रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर दुआ मैं शामिल होकर मुल्क और सुबा बिहार की तरक्की तथा राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद के बेहतर सेहत के लिए दुआ की।

### आसनसोल-वाराणसी एक्सप्रेस का पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. पर आंशिक समापन/प्रारंभ

हाजीपुर। वाराणसी यार्ड रिमॉलिंग के मद्देनजर गाड़ी सं. 13553/13554 आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल एक्सप्रेस का पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. पर आंशिक समापन/प्रारंभ किया जायेगा, अर्थात यह ट्रेन पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. और वाराणसी के मध्य रद्द रहेगी। 29 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आसनसोल से खुलने वाली गाड़ी सं. 13553 आसनसोल-वाराणसी एक्सप्रेस का आंशिक समापन पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. पर किया जायेगा। 30 सितंबर से 16 अक्टूबर तक वाराणसी से खुलने वाली गाड़ी सं. 13554 वाराणसी-आसनसोल एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. से किया जायेगा।

### पाटलिपुत्र और गया के मध्य पितृपक्ष मेला स्पेशल का होगा परिचालन

पटना। गया में लगने वाले पितृपक्ष मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पाटलिपुत्र और गया के मध्य गाड़ी संख्या 05553/05554 पाटलिपुत्र-गया-पाटलिपुत्र पितृपक्ष मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29 सितंबर से 14 अक्टूबर तक प्रतिदिन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05553 पाटलिपुत्र-गया पितृपक्ष मेला स्पेशल 29 सितंबर से 14 अक्टूबर तक पाटलिपुत्र से प्रतिदिन 10.30 बजे प्रस्थान कर 14.00 बजे गया पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 05554 गया-पाटलिपुत्र स्पेशल 29 सितंबर से 14 अक्टूबर तक तक गया से प्रतिदिन 14.45 बजे प्रस्थान कर 18.25 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह स्पेशल ट्रेन पाटलिपुत्र और गया के बीच फुलवारीशरीफ, पटना, पुनपुन, पोठही, तारेगना, जहानाबाद, मखदुमपुर गया और बेला स्टेशनों पर रूकेगी।

### शिवजी प्रसाद पीएचडी अवार्ड से किये गए सम्मानित

पटना। चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पटना के सीनियर लाइब्रेरी अस्सिस्टेंट शिवजी प्रसाद को पीएचडी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यूजीसी-पीएचडी विनियमन 2016 के प्रावधानों के अनुसार, पुस्तकालय विज्ञान विषय में अगस्त माह 2023 को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संकाय के प्रोफेसर डॉ. प्यारे लाल, विभागाध्यक्ष की देखरेख में देश भगत विश्वविद्यालय, मंडी गोबिंदगढ़, पंजाब में आयोजन किया गया। जिसका शोध विषय है पूर्वी भारत के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों और सेवाओं का उपयोगः एक अध्ययन। शिवजी प्रसाद पीएचडी से सम्मानित होने पर उन्होंने अपने सभी शुभचिंतको डॉ अर्जुन, डॉ आकाश, डॉ प्यारे लाल, डॉ इंद्रजीत सिंह सेठी, डॉ नेहाल अशरफ, कुमारी अमृता एवं अपने विश्विद्यालय के कुलपति और कुलसचिव आदि का आभार जताया।

# सात जन्मों तक बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे नीतीश : ललन

## बोलें-भाजपा जान बूझकर मीडिया में फैला रही भ्रम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर हमला बोला और मीडिया में जान बूझकर भ्रम फैलाने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी एकता के प्रतीक हैं और वो सात जन्मों तक बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि गोदी मीडिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीजेपी के साथ जाने

की झूठी खबरें दिखाकर लोगों के बीच भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह गोदी मीडिया के डायरेक्टर हैं और उन्हीं के इशारे पर ये सारा काम हो रहा है। जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोशिशों के चलते आज देश का सारा विपक्ष एक मंच पर आया है और जो कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोई नजदीकी बीजेपी से नहीं है और वो राज्य के लोगों की भलाई के लिए दिन-रात अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में विपक्षी इंडिया गठबंधन बन जाने के बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार घबराहट में है और वो जान बूझकर ऐसी झूठी खबरें फैला रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बीजेपी नेता सुशील मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उनके बयान का कोई नोटिस नहीं लेता है और सुशील मोदी इसी तरह प्रतिदिन मीडिया में बने रहने के लिए अनाप शनाप बयान देते रहते हैं। उन्होंने कहा कि वो चाहेंगे कि बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व उनके उल्टे पुल्टे बयानों का नोटिस ले और उन्हें केंद्र में कोई पद दे दे। उन्होंने कहा कि सुशील मोदी बखूबी जानते हैं कि जबतक वो रोजाना बोलेंगे नहीं तबतक केंद्र में उनकी बातों का कोई नोटिस नहीं लेगा।

# गया धाम में 2500 यात्रियों की क्षमता वाली टेंट सिटी तैयार

## पर्यटक गाइडों की सुविधा भी मिलेगी

- पुनपुन में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए समुचित व्यवस्था
- पितृपक्ष मेला 2023 के अवसर पर पुनपुन में आगत श्रद्धालुओं को सुविधा एवं सहयोग प्रदान करने हेतु प्रशिक्षित पर्यटक गाईडों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पर्यटन विभाग ने पितृपक्ष मेला 2023 के अवसर पर गया जी धाम और पटना के पुनपुन में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा व सहयोग हेतु विविध प्रकार की व्यवस्थाएं की है। गया जी धाम में जहां 2500 यात्रियों की क्षमता वाली टेंट सिटी बनकर श्रद्धालुओं की अगवानी के लिए तैयार है। गुरुवार को कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने गया धाम में टेंट सिटी की औपचारिक रूप से शुरूआत की। पितृपक्ष मेला, 2023 के अवसर पर आगत श्रद्धालुओं/पर्यटकों के सहायता एवं आवश्यक सुविधा जैसे ई-रिक्शा परिचालन, एयर बैलून तोरण द्वार का अधिष्ठापन, वृत चित्र, नो एंट्री वाले स्थान पर टेंट एवं फल्गु महाआरती आदि की व्यवस्था भी विभाग द्वारा की गई है। वहीं, पर्यटक गाइडों की सुविधा भी मिले, इसकी भी पूरी तैयारी की गई है। इसके साथ ही पटना के पुनपुन नदी के घाट पर भी आगत श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के सुविधा सहयोग हेतु अस्थायी पर्यटक शिविर निर्माण एवं विविध कार्य की व्यवस्था पर्यटन विभाग द्वारा की गई है। पुनपुन में भी आगत श्रद्धालुओं को सुविधा एवं सहयोग प्रदान करने हेतु प्रशिक्षित पर्यटक गाईडों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। पर्यटन विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि पितृपक्ष मेले में देश के विभिन्न राज्य ही नहीं बल्कि विदेशों से भी पर्यटक हमारे यहां गया धाम और पुनपुन में आते हैं। उन्हें मेले में पूरी सुविधा और व्यवस्था मिले इसके लिए पर्यटन विभाग ने आवासन के साथ गाइड आदि की भी व्यवस्था की है। ताकि पर्यटकों को कोई असुविधा नहीं हो। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा 2500 श्रद्धालुओं/पर्यटको की क्षमता वाली टेंट सिटी तैयार कराई गई है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा श्रद्धालुओं, पर्यटकों के सुविधा हेतु यात्रा पैकेज तथा ई-पिंडदान की शुरूआत की गयी है। विस्तृत विवरण के लिए बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की वेबसाइट पर जा सकते हैं। पितृपक्ष मेला 2023 के अवसर पर आगत श्रद्धालुओं पर्यटकों को सुविधा एवं सहयोग प्रदान करने हेतु गया जंक्शन परिसर पर्यटक सूचना केन्द्र, गया एवं निर्मित होनेवाले टेंट सिटी में पर्यटक गाइडों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से यहां प्रदान की जानेवाली सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। आगत श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु पितृपक्ष मेला से संबंधित ब्रोशर का निर्माण कराया गया है, जिसे श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के बीच निःशुल्क वितरण कराया जायेगा।

## श्रवण कुमार ने की गुर्जर समाज पर लाठीचार्ज घटना की कड़ी निंदा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। गुर्जर समाज द्वारा शांतिपूर्वक एवं शालीनता के साथ ग्वालियर (मध्यप्रदेश) में स्थापना दिवस मना रहे लोगों पर ग्वालियर पुलिस द्वारा किए गए लाठी प्रहार की कड़ी निंदा ग्रामीण विकास मंत्री सह जनता दल यूनाइटेड के उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने की है। श्री श्रवण कुमार ने कहा है कि समाज में व्याप्त कुरीति, अंधविश्वास, ढकोसला इत्यादि के खिलाफ गुर्जर समाज द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम एवं गुर्जर समाज की स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मध्यप्रदेश के ग्वालियर में आयोजित गुर्जर महाकुंभ में एकत्रित लोगों को तीतर-बितर करने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा बिना पूर्व चेतावनी के लाठी चार्ज किया गया। कुछ स्थानीय असामाजिक तत्वों द्वारा इस आयोजन को बदनाम करने के उद्देश्य से षड्यंत्र के तहत प्रशासन को उकसाया गया तथा तथ्यों की जांच किए बिना ही प्रशासन द्वारा गुर्जर समाज के लोगों को पीटा गया। वहां खड़ी कार, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर एवं अन्य कई वाहनों में स्वयं पुलिस द्वारा तोड़ फोड़ की गई तथा उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रशासन की यह काफी शर्मनाक हरकत है। इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए वह काफी कम है।

# देश के खिलाफ रही है आरएसएस की नीति : श्रवण

## संविधान बचाओ अभियान का शुभारंभ करते हुए बोलें ग्रामीण विकास मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री सह जनता दल यूनाइटेड के उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार की उपस्थिति में जनता दल यूनाइटेड कार्यकर्ता सम्मेलन सह संविधान बचाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में श्री श्रवण कुमार ने भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा हमला किया एवं कहा कि प्रारंभ से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नीति देश के खिलाफ रही है। उसने तो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे तक को महिमामंडित किया है। श्री कुमार ने कहा की 4 फरवरी 1948 को भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, देश के गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने यह कहकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगा दिया था कि यह देश भक्तों को नहीं बल्कि हत्यारों को प्रशिक्षण दिलाता है। 17 जुलाई 1948 को जनसंघ के

संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश के गृह मंत्री को पत्र लिखकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक के पक्ष में वकालत की थी तथा पकड़े गए संघीयों को छोड़ने का अनुरोध किया था। संघीयों के गुरु गोलवरकर ने तो दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों को बराबरी का दर्जा दिए जाने का विरोध किया था। उन्होंने अपनी पुस्तक में लिखा है कि यदि मुझे सत्ता हाथ लगे तो सबसे पहले सरकार की धन संपत्ति राज्यों की जमीन एवं जंगल को अपने दो-तीन धनी लोगों के हाथ में सौंप देंगे। साथ ही उसने यह कहा था कि यदि देश की 95% जनता को भिखारी बना दें तो देश की सत्ता सात जन्मों तक हाथ से नहीं जाने वाली है। भारतीय जनता पार्टी इसी नीति के अनुरूप कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम के संयोजक उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव आजाद एवं मंच का संचालन जदयू के प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर जी ने किया। इस अवसर पर किसान मजदूर मंच के अध्यक्ष नारायण सिंह जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ बी.एल. वर्मा, मेहर प्रसाद सिंह, फूल सिंह पटेल के अतिरिक्त अन्य कई गण मान्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा शासित राज्य सरकारें बेटियों की रक्षा करने में अक्षम : उमेश

## भाजपा उज्जैन की घटना पर मौन क्यों

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार जनता दलयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उज्जैन रेप कांड पर भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने पूछा कि महिला आरक्षण के नाम पर देशभर में अपनी वाहवाही लूटने वाली भाजपा उज्जैन में नाबालिग छात्रा के साथ हुए अमानवीय और निर्मम घटना पर अब तक मौन क्यों है? बीते सप्ताह सदन में नारी शक्ति पर लंबे-लंबे भाषण देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अब देश के बेटियों की चीख-पुकार सुनाई क्यों नहीं दे रहा है? प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के प्रति भाजपा असल में कितना संवेदनहीन है अब इसका हकीकत भी देश की जनता के सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का चुनावी नारा भाजपाशासित राज्यों में ही दम तोड़ रहा है। भाजपा की तमाम राज्य सरकारें अब तक बेटियों

के स्मिता की रक्षा करने में अक्षम साबित हुई है। भाजपा शासित प्रदेशों में माताएं-बहनें खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है, चारो तरफ भय का माहौल है। कुछ महीनें पहले ही मणिपुर की घटना ने पूरे विश्व में भारत को शर्मसार करने का काम किया और चंद दिनों पहले उत्तरप्रदेश के कौसम्बी में भी गर्भवती दलित महिला को पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मध्यप्रदेश में तो आए दिन महिलाओं पर अत्याचार से सम्बंधित रूह कंपाने वाली खबरें आती है, जिसकी फेहरिस्त बहुत लंबी है। जिन भी प्रदेशों में भाजपा की सरकार है, वहां अमुमन इसी तरह की घटनाएं घटित हो रही है।

## जदयू प्रदेश महासचिव राजू गुप्ता सहित कई भाजपा में शामिल

# भाजपा को सत्ता में लाकर बिहार को श्रेष्ठ बनाना है : सम्राट

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू के प्रदेश महासचिव व बिहार राज्य राईस मिलर्स एसोशिएशन के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार उर्फ राजू गुप्ता अपने हजारो समर्थकों के साथ गुरुवार को भाजपा का दामन थामा। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडेय, विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने उन्हें सदस्यता दिलाई। श्री चौधरी ने लोगों को सदस्यता ग्रहण करवाते हुए सभी का पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कि बिहार में बदलाव की

जरूरत है। भाजपा को सत्ता में लाकर बिहार को श्रेष्ठ बनाना है। मौके पर राजू गुप्ता ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने से व्यावसायिक वर्ग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। राज्य सरकार की आरे से उनको सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। प्रदेश में अफसरशाही बढ़ गयी है। इस कारण से उन्होंने जदयू का दामन छोड़ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संरक्षण में भाजपा दामन थामा। पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जदयू के टूटने का सिलसिला अब शुरू हो गया है। राजू गुप्ता का जदयू छोड़ना यह संदेश देता है कि जदयू अब बहुत दिनों तक बतौर पार्टी नहीं बचेगी। कार्यक्रम में मंच संचालन क्षेत्रीय सह प्रभारी अशोक भट्ट ने किया। जदयू के नेता राजू गुप्ता के अलावा जदयू व्यावसायिक प्रकोष्ठ के महासचिव भैरव गुप्ता, प्रतिनिधि प्रखंड प्रमुख ब्रह्मपुर और पूर्व विधानपरिषद उम्मीदवार डॉ दुर्गाचरण मिश्रा, निहारिका नूतन शुभ्रा त्रिपाठी, सुनील गुप्ता ब्लाक प्रमुख, मुन्ना सिंह ब्लाक प्रमुख,अमित गुप्ता जदयू जिला उपाध्यक्ष, राजेन्द्र बैठा,बसंत राम,मिथिलेश कुमार, राजकुमार वैश्य,कमलेश रजक, नम्रता कुमारी, विजय गुप्ता, उदय त्रिपाठी को भी श्री चौधरी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

## ब्रह्मचर्य व्रत तीनों लोको में सर्वथा पूज्य है : एस जैन

पटना। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि पर्युषण पर्व के अंतिम दिन आज ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा की गयी। गुरूवार को मीठापुर कदमकुआँ, मुरादपुर, कमलदह मंदिर गुलजार बाग सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा की गयी। सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में सुबह से हीं पूजा करने हेतु श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचने लगे। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक किया एवं शांतिधारा के बाद ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा की गयी। एम पी जैन ने बताया कि मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर में ब्रह्मचारी सुमत भैया एवं श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं में पण्डित डॉ शीतल जैन शहस्त्री ने श्रद्धालुओं को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा करवाई। ब्रह्मचारी जी ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की व्याख्या करते हुए कहा है कि ब्रह्मचर्य व्रत अनंत गुण भर देता है।

## स्वच्छता पखवाड़ा के क्रम में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

पटना। स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल में 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में गुरूवार को को स्वच्छता ही सेवा विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्यालय के रेलकर्मियों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से स्वच्छता की महत्ता को दशार्या। विदित हो कि स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व मध्य रेलवे में 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान स्टेशन परिसर एवं ट्रेन में साफ-सफाई, वाटर-बूथ की स्वच्छता एवं पेयजल की गुणवत्ता, प्रसाधन की साफ-सफाई, डस्टबिन की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता, कचरे का निष्पादन, एनजीओं एवं चैरिटेबुल संस्था के सहयोग से आम लोगों के बीच स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाना जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश लगाने एवं अन्य प्रकार के प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## नीतीश कुमार ने वंचित एवं दलित समाज को किया सशक्त : चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने 17 वर्ष के कार्यकाल में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक रूप से वंचित एवं दलित समाज को सशक्त करने का काम किया है। विद्यापति भवन में विकास मित्र मंच द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे श्री चौधरी ने बाबासाहेब के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्री चौधरी ने कहा कि वर्ष 2005 में प्रदेश का बजट मात्र 23 हजार 885 करोड़ हुआ करता था लेकिन नीतीश कुमार ने अपनी दूरदर्शिता और कार्यकुशलता से 2 लाख करोड़ से भी ऊपर पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वित्त मंत्री ने 2 लाख 61 हजार 885 करोड़ का बजट राज्य की जनता को समर्पित किया है। श्री चौधरी ने कहा कि अपने प्रथम 5 वर्ष के कार्यकाल में नीतीश कुमार ने प्रदेश की जनता के लिए मूलभूत सुविधाओं यथा - बिजली, पेयजल, सड़कों की व्यवस्था सुनिश्चित की एवं शिक्षण संस्थान और शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था की जिसके प्रतिफल के रूप में प्रदेश की जनता ने बारम्बार अपना स्नेह नेता को दिया। श्री चौधरी ने आगे कहा कि नीतीश कुमार दूरदर्शी हैं और प्रदेश की जनता के विकास के प्रति अति संवेदनशील भी हैं। वे बाबा साहब, बापू और पटेल की राह पर चलने वाले पूरे देश में कमजोर वर्ग, दलितों, वंचितों एवं अतिपिछड़ों के एक मात्र नायक हैं। भवन निर्माण मंत्री ने कहा कि हमें अपने सशक्त नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास है कि वे अतिपिछड़ों, महिलाओं, महादलितों एवं अल्पसंख्यकों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक हितों की रक्षा करने में पूर्णतः सक्षम हैं।

## सम्मेलन भवन के निर्माण में राजा बहादुर कीत्यार्नंद सिंह का था सर्वोत्तम योगदान

# प्राच्य-साहित्य के मनीषी विद्वान थे आचार्य धर्मेंद्र ब्रह्मचारी शास्त्री

## पुस्तक श्रीकांत व्यास के अनमोल वचन का हुआ लोकार्पण, हुई काव्य-पाठ-लघुकथा-गोष्ठी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। कला, संगीत और साहित्य के संरक्षण और पोषण में बिहार के जिन राज-घरानों के नाम आदर से लिए जाते हैं, उनमें बनैली-राज का नाम विशेष उल्लेखनीय है। अपेक्षाकृत बहुत छोटा होकर भी बनैली ने इन सारस्वत प्रवृतियों के संरक्षण और पोषण में जो कार्य किए, उनसे उसके प्रति सहज ही मन श्रद्धा से भर उठता है। बनैली के राजाबहादुर कीत्यार्नंद सिंह कोमल भावनाओं और सारस्वत-चेतना के साधु-पुरुष थे। उन्होंने न केवल साहित्य और संस्कृति के पोषण और उनके विकास के लिए बड़े-बड़े दान-अवदान ही दिए, अपितु अपने राज-दरबार में साहित्यकारों और कलाकारों को बड़े आदर और सम्मान से प्रतिष्ठा भी दी। उन्होंने बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के भवन-निर्माण में भी सन 1937में एक मुश्त दस हजार रूपए की सहायता राशि दी थी। तब 12 ग्राम स्वर्ण-आभूषण का मूल्य 50 रूपए से कम था। यह बातें गुरुवार को बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन में कीत्यार्नंद सिंह एवं धर्मेंद्र ब्रह्मचारी शास्त्री जयंती पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने मनीषी विद्वान धर्मेंद्र ब्रह्मचारी शास्त्री को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें प्राच्य-साहित्य का महान मनीषी विद्वान बताया और कहा कि, प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों पर किए गए उनके कार्य, साहित्य-संसार की अमूल्य धरोहर हैं।

आचार्य शास्त्री के पुत्र नरेंद्र कुमार ने कहा कि पिताजी के साथ उनके सत्संग की स्मृतियाँ आज भी मन को रोमांचित करती हैं। इस अवसर पर चर्चित लेखक श्रीकांत व्यास की पुस्तक श्रीकांत व्यास के अनमोल वचन का लोकार्पण भी किया गया। यह पुस्तक श्री व्यास के उपदेशात्मक विचारों का संकलन है। आचार्य शास्त्री के दूसरे

पुत्र मधुरेंद्र, सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा, बच्चा ठाकुर, डा ध्रुव कुमार तथा बलराम प्रसाद सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के मुख्य अतिथि और देश के सुविख्यात कवि पं सुरेश नीरव, हरियाणा से आए कवि राजेश प्रभाकर, मध्यप्रदेश से आयीं कवयित्री शकुंतला तोमर, उत्तरप्रदेश से आयीं कवयित्री मधु मिश्रा, डा रत्नेश्वर सिंह, बच्चा ठाकुर, डा सुषमा कुमारी, ने भी अपने काव्य-पाठ से अपनी काव्यांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद ने फकीर, डा ध्रुव कुमार ने विभा रानी श्रीवास्तव ने निर्विष शीर्षक से, जय प्रकाश पुजारी ने बेशर्म शीर्षक से, राज प्रिया रानी ने हिन्दी राजभाषा शीर्षक से, ई अशोक कुमार ने पत्नी का इंतजार शीर्षक से, कमल किशोर वर्मा कमल ने अकेलापन शीर्षक से, अनिल कुमार ने संस्कारी शीर्षक से, अरविंद अकेला ने मेरे घर से निकलो , बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता ने घिनौना तथा अर्जुन प्रसाद सिंह ने कातिल शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो सुशील झा, उर्मिला नारायण, अरविंद कुमार सिंह, चंदा मिश्र, कमल नयन श्रीवास्तव, प्रो अप्सरा, डा नागेश्वर यादव, डा सरिता सिन्हा, हिमांशु दूबे, सदानंद प्रसाद, अरुण कुमार श्रीवास्तव, बाँके बिहारी साव, अवध विहारी सिंह, रणधीर मिश्र, कवि अनिल कुमार, रवि प्रीत आदि सुधीजन उपस्थित थे।

IN THE HONBLE COURT OF THE PRINCIPAL DISTRICT JUDGE (MACT) AT RAJAMAHENDRAVARAM EAST GODAVARI DISTRICT ANDHA PADESH STATE

M.V.O.P.515 of 2022

*Between:*
**Vaka Srinivasarao** ...**Petitioner**
And
**Sri Ratnesh Kumar and 2 Others** ...Resondents

**Between**:
**Vaka Srinivasa Rao,**
S/o.Venkateswara Rao, Hindu, Aged 54 Yrs, resident of D.No.155-9-129, Near Vallaba Ganapathi Temple, Kalyani nagar, Konthamuru, Rajahmundy Rural, E.G.District (A.P.)
And ...**Petitioner**
**1**.Sri Ratnesh Kumar, S/o.Sri Ram Pravesh Thakur, Hindu, Aged 38 Yrs, Driver of the vehichle lorry bearing No.BR 06 GD 4420 resident of Mazaffarpu P.S.Sakra District, Mazaffarpur Bihar State.
**2**.MD.Aslam, S/o.Md.Rahman, Muslim, Aged 48 Yrs, Owner of the vehicle lorry bearing No.BR 06 GD 4420 resident of saraaj village, Sayed Ali Lelin Chowk Mohmadpur Kazl, Mazaffarpur Bihar State.
**3**.The Legal Manager, Legal Office, Cholamandalam MS General Insurance Co, 1st Floor, Opposite to Hi-tech Bus Stand, Kambalapeta, Rajamahendavaram E.G.District (AP) ...**Respondents**

Take Notice that (1st Respondent) you are here by ordered to appear before this Hon'ble court either in person or through your counsel on **12-10-2023 at 10.30. Am** to defend the above case. Else the matter will be heard exparte.

**D.Victor Babu & S.V.Ramana**
Rajahmundry Advocates for Petitioner
Dated: 15-09-2023 Cell: 9515253431

## विश्व पर्यटन दिवस : पर्यटन मंत्रालय ने की 108 ऐतिहासिक स्थानों पर विश्व पर्यटन दिवस मनाने की घोषणा

# बोधगया मंदिर सहित चार स्थानों पर हेरिटेज वॉक व वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। विश्व पर्यटन दिवस 2023 के मद्देनजर बिहार राज्य में चार स्थानों बोधगया मंदिर, विष्णुपद मंदिर, नालंदा महाविहार और विक्रमशिला मठ पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्व पर्यटन दिवस 2023 के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने देश भर में 108 ऐतिहासिक स्थानों पर विश्व पर्यटन दिवस मनाने की घोषणा की है। इसके तहत भारत पर्यटन, पटना कार्यालय ने बुधवार एवं गुरुवार को गया, बोधगया, नालंदा और विक्रमशिला( भागलपुर) में कई संस्थानों को शामिल कर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यटन का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर

पर भारत पर्यटन, पटना कार्यालय द्वारा बोधगया स्थित 80 फीट बुद्ध प्रतिमा से महाबोधि मंदिर तक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में होटल, टूर ऑपरेटर, गाइड एसोसिएशन के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी के मेंबर सेक्रेटरी डॉ. श्वेता महारथी एवं किरण लामा भी शामिल हुए। इसके अलावा विश्व पर्यटन दिवस के तहत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, गया पर यात्री स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत पर्यटन पटना कार्यालय, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों ने मौके पर आने वाले पर्यटकों का स्वागत गुलाब का फूल एवं चॉकलेट्स देकर किया। भारत पर्यटन पटना कार्यालय द्वारा गुरुवार को महाबोधि मंदिर परिसर में एक स्वच्छता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जिसमें मंदिर के आसपास सफाई की गई। साथ एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन भी विष्णुपद मंदिर में भी किया जिसमें करीब 100 पौधे मंदिर परिसर में लगाए गए। दूसरी ओर विश्व पर्यटन दिवस-2023 के अवसर पर नालंदा महाविहार, नालंदा और विक्रमशिला मठ, भागलपुर में भी हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में हॉटलियर्स, टूर ऑपरेटर्स, गाइड्स एवं स्कूली छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अपना योगदान दिया। इन कार्यक्रमों के दौरान लोगों ने बड़ी संख्या में ट्रेवल फॉर लाइफ थीम के अंतर्गत शपथ भी लिया। इस कार्यक्रम का संचालन भारत पर्यटन पटना के निदेशक वाई नीलकंठम के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन अजीत लाल, पर्यटन अधिकारी के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बदमाशों के खिलाफ दिया गया आवेदन

सरायरंजन, समस्तीपुर। मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के भट्ठी चौक पर एक होटल में पिस्तौल के बल पर सात बदमाशों ने लूट किया था। इस मामले में होटल मालिक उदापट्टी गांव निवासी रमाशंकर झा ने थाने में सात बदमाशों के खिलाफ आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि पिछले हप्ते हमारे होटल से स्टाफ को पिस्टल के बल पर होटल में लगें इनवर्टर, बैटरी आदि लूटकर ले गया था। सुबह में जब स्टाफ ने बताया कि होटल से समान लूट ली है, तब हमने पहुंचा तो स्टाफ ने बताया कि हमलोग होटल बंदकर सोये हुये थे और एक चार चक्का गाड़ी से आया और हमलोगों को उठाया लेकिन हमलोग नहीं उठे इसके बाद बदमाशों ने जबरदस्ती होटल के अंदर घूस गया और पिस्टल दिखाकर इनवर्टर और बैटरी खोलकर ले गया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं दी गई थी लेकिन आज आवेदन दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर घटना की अनुसंधान की जाएगी।

### एक अक्टूबर को माकपा करेगी प्रतिरोध सभा

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के कल्याणपुर उत्तर शाखा माकपा की बैठक रामनरेश राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सुमंत गिरी हत्याकांड के खिलाफ एवं अपराधी जल्द से जल्द गिरफ्तार हो एवं विभूतिपुर प्रशासन जल्द से जल्द अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल के अंदर बंद करें आदि मांगों को लेकर 01 अक्टूबर 2023 को प्रतिरोध सभा करने का निर्णय लिया। वहीं विभूतिपुर विधायक अजय कुमार ने 9 अक्टूबर को समस्तीपुर में आयोजित जन आक्रोश रैली में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भाग लेने की बात कही। बैठक में जिला कमेटी सदस्य शशिकांत झा, लोकल कमेटी सदस्य विद्यानंद विद्यार्थी, राजेश कुमार, शाखा सदस्य विभीषण पंडित, शाखा सचिव जितेंद्र कुमार, गोपाल ठाकुर, मारुति नंदन, शंभू पंडित आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने विदेशी शराब किया बरामद

चकमेहसी थाना क्षेत्र के सोमनाहा चाकसीमा गांव से बीती रात से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 385 एमएल का 18 बोतल विदेशी शराब को बरामद किया है। हालांकि पुलिस ने विदेशी शराब बरामद मामले में चाकसीमा गांव निवासी भोनू महतो के पुत्र अमरजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्या ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेजने की बात कही है। वहीं चकमेहसी थाना क्षेत्र के लोग ने नाम नहीं छापने के शर्त पर पर बताया कि चकमेहसी थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर शराब का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इन दिनों इस अवैध शराब का कारोबार बढ़ता ही जा रहा है। इसे लगता है कि कहीं ना कहीं किसी अधिकारी का शिथिलता दिखाई दे रही है। वैसे मामला पुलिस के नजर में है लेकिन रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

# बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में सेटिंग करने वाले गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। 01 अक्टूबर को होनी वाली बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा में फजीवाड़ा/सेटिंग करने की योजना को पुलिस ने विफल किया है। गैंग के 05 सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 33 वॉकी-टॉकी, 16 ब्लूटूथ डिवाईस, 06 मोबाईल, 136 एडमिट कार्ड एवं 02 लाख रूपया जप्त किया गया है। गैंग में सम्मिलित अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। घटना का विवरण :-27.09.23 को गुप्त सूचना मिली की छौड़ाही ओपी अंतर्गत 01.10.23 को होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल/फजीवाड़ा करने को लेकर सुनिल कुमार एवं विवेक सिंह अपने सहयोगी साथी के साथ मिलकर डीही वार्ड नं.-02 थाना-छौड़ाही अपने घर पर मिटिंग कर रहा है। साथ ही ये दोनो व्यक्ति नये युवकों को कोचिंग देने के बहाने अपने फर्जी इंडियन फिजिकल एकेडमी शेखा टोला एकम्बा (छौड़ाही) में एकेडमी चलाते हैं। प्राप्त गुप्त सूचना पुलिस कप्तान बेगूसराय को दिया गया तथा निदेर्शानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी मझौल श्याम किशोर रंजन के नेतृत्व में पुनि पवन कुमार ओपी अध्यक्ष छौड़ाही सशस्त्र बल छौड़ाही ओपी एवं जिला आसूचना इकाई की टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में घर से संदिग्ध स्थिति में भागने का प्रयास करते हुए चार व्यक्ति को पकड़ा गया।

**नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम-**

01 . सुनिल कुमार पे. रामकुमार यादव साध डीही वार्ड न.-02 थाना छौड़ाही ओपी जिला- बेगूसराय

02 गुलशन कुमार पे. रामाश्रय पासवान सा. पनसल्ला वार्ड न.-06 थाना छौड़ाही ओपी जिला- बेगूसराय

03 . रामबाबु कुमार पे. नछत्र यादव सा. डीही वार्ड नं.-02 थाना छोडाही ओपी जिला- बेगूसराय

04 अभय कुमार पे. नवीन राम सा. सेखा टोला वार्ड नं. 06 थाना छौड़ाही ओपी जिला बेगूसराय

05 बिट्टु कुमार पे. नवीन राय सा. शेखा टोला वार्ड नं. 07 थाना-छोडाही ओपी जिला- बेगूसराय बताया गया तथा पकड़ाये व्यक्ति एवं घर की विधिवत तलाशी लेने पर नगद 01 लाख 85 हजार रूपया बाकी टाकी सेट-33 पीस, वाकी टाकी का डिबाईस 33 पीस, इयरपीस (ब्लूटूथ 16) पीस,पेनड्राइव -01, मोबाइल- 06, केन्द्रीय चयन परिषद सिपाही बिहार पटना द्वारा जारी प्रवेश पत्र 136, इंडियन फिजिकल एकेडमी शेखाटोला, एकम्बा का भरा हुआ फार्म- 73 पीस एवं खाली फार्म-03 पीस बरामद करते हुए जप्त किया गया। पुलिस टीम के द्वारा पकड़ाये अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में सभी ने आगामी होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा में फजीवाड़ा/ सेटिंग करने की बात को स्वीकार किया तथा सुनिल कुमार के द्वारा बताया गया कि गुलशन कुमार, बिट्टु कुमार, रामबाबु कुमार एवं अभय कुमार सिपाही भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा में नकल/फजीवाड़ा करने हेतु इलेक्ट्रोनिक उपकरण लेने आये हुये थे। 01 अन्य सहयोगी साथी विवेक कुमार भी अपने घर पर सिपाही भर्ती परीक्षा कराये जाने संबंधित सामान को रखे हुए हैं। पश्चात उक्त पकड़ाये अभियुक्तों के निशानदेही पर विवेक कुमार पे. अनिल सिंह सा. एकम्बा (छौड़ाही) के घर पर छापेमारी की गई तो फरार पाया गया तथा इनके घर से तलाशी में कई इलेट्रॉनिक उपकरण एवं परीक्षा फार्म से संबंधित दस्तावेज एवं डायरी प्राप्त किया गया। परीक्षा में फजीबाड़ा करने वाले गिरोह में सम्मिलित अन्य फरार अभियुक्तो के विरूद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है।

**बरामदगी/जसी**

- नकद रुपया- 01 लाख 95 हजार
- वॉकी-टॉकी सेट- 33 पीस
- वाकी-टॉकी का डीवाईस -33 पीस
- इयरपीस-16 पीस (ब्लूटूथ)
- पेन ड्राइव -01 पीस
- मोबाईल- 06 पीस
- केन्द्रीय चयन पार्षद (सिपाही भर्ती) बिहार पटना द्वारा जारी प्रवेश परीक्षा पत्र -136
- इंडियन फिजिकल एकेडमी शंखाटोला एकम्बा, बेगूसराय का भरा हुआ फॉर्म झ्र 73 पीस
- इंडियन फिजिकल एकेडनी शेखटोला एकम्बा, बेगूसराय का खाली फॉर्म -03 पीस

## भाकपाईयों ने भगत सिंह की जयंती, समारोह पूर्वक मनाया

रोसड़ा, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल परिषद रोसरा ने भी स्थानीय पार्टी कार्यालय महावीर चौक रोसड़ा में शहीद-ए-आजम की जयंती समारोह पूर्वक मनाया। समारोह की अध्यक्षता सईद अंसारी कर रहे थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अंचल मंत्री अनिल महतो ने उनके तैलचित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर किया साथ ही सभी उपस्थित लोगों ने भी पुष्प चढ़ाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगत सिंह सच्चे राष्ट्रवादी स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने अंग्रेजों से लगातार लड़ते रहे और हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए। उनका मानना था कि धर्म अफीम की तरह है धर्म का हथकंडा को अपनाकर अंग्रेजों ने कई सौ वर्षों तक राज किया है, उससे अलग होकर हमें संगठित होकर अंग्रेजों को भगाकर लोकतंत्र को लाना है। एक ऐसा लोकतंत्र जिसमें सर्वहारा वर्ग की सरकार हो और देश आजाद भी हो गया। लेकिन आज देश के अंदर कुछ नेता देश के लोगों को जाती-पाती धर्म के नाम पर लड़ाकर भारतीय लोकतंत्र को पीछे धकेलना का कार्य कर रही है उन्हें रोजगार शिक्षा आदि से कोई लेना-देना नहीं है ऐसे नेताओं को समझना होगा और युवाओं को आगे आकर भगत सिंह के लोकतंत्र को बचाना होगा। तभी उनका सपना साकार होगा समारोह में ध्रुव कांत राय, रुमल यादव, लाल बहादुर पासवान, सुरेश आजाद, लक्ष्मण पासवान, राकेश सिंह, अमरनाथ भारती, मोहम्मद जावेद, नागेंद्र महतो, अजय ठाकुर, रामबाबू राऊत, बैजू पासवान, अशोक साह आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

## संगठन की मजबूती के लिए पंचायतों में मनोनीत करें अध्यक्ष:प्रेम कुमार पासवान

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। गुरुवार को जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिला प्रधान कार्यालय पोखरिया में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास बेगूसराय के सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं बेगूसराय अंतर्गत प्रदेश पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान ने की। बैठक का उद्देश्य बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट संकल्प यात्रा 23 सितंबर को स्थान वीणा वेंकटेश हॉल विवाह भवन सिंघौल में आयोजित हुई संकल्प यात्रा की समीक्षा हुई। बिहार लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष को निर्देश दे रखा।। प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी अभय सिंह ने कहा कि सभी जिला अध्यक्ष अपनी अपनी कमेटी को दुरुस्त कर ले एवं सभी प्रखंडों के अध्यक्ष को निर्देश जारी करें कि अपना-अपना पंचायत अध्यक्ष जल्द बनाकर जिला कार्यालय को सौंप दें। प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक राम विनोद पासवान ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए संकल्प लें। जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान ने कहा कि सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष जिले के किसी भी प्रखंड में दिक्कत हो तो में बॉडी के प्रखंड अध्यक्ष से संपर्क करें। आपको उसे प्रखंड में आपके प्रकोष्ठों के प्रखंड अध्यक्ष बनाने में सहयोग करेंगे। अगर कोई प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष बने मदद नहीं करते हैं तो तुरंत जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान से संपर्क करें और हर संभव मदद करने की प्रयास करेगी। जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान, युवा जिला अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि हर प्रखंड से एक कार्यकर्ता ले और जिला कमेटी में जोड़ दें। इस बैठक मे बालमुकुंद सिंह, जिला प्रधान महासचिव शिवकुमार शर्मा, जिला संगठन मंत्री कमल कुमार, युवा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार, लेबर सेल के जिला अध्यक्ष बौहर पासवान, पंचायती राज के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार, अनुसूचित जाति जनजाति जिला अध्यक्ष संजीत कुमार, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजीव कुमार, खेल एवं संस्कृति के जिला अध्यक्ष कुंदन कुमार, कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष भोला पासवान, अति पिछड़ा के जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, चिकित्सा के जिला अध्यक्ष रणजीत राणा, किसान के जिला अध्यक्ष रामकिशोर सिंह, जिला अध्यक्ष मोहम्मद नसीरुद्दीन, जिला सचिव राकेश रंजन उर्फ भोला आदि थे।

## रैली की सफलता को लेकर माकपा का अलग अलग बैठक संपन्न

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

माकपा का 9 अक्टूबर को आयोजित जन आक्रोश रैली की सफलता को लेकर विभूतिपुर प्रखंड में अलग अलग बैठक आयोजित की गई। विभूतिपुर दक्षिण की बैठक रामदेव राय की अध्यक्षता तथा विधायक अजय कुमार व रामदयाल भारती की पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। बैठक में भूमिहीन को जमीन, बढ़ती महंगाई, युवाओं को रोजगार, भ्रष्टाचार, बढ़ते अपराध, संविधान और देश बचाने आदि मुद्दो को लेकर 2 अक्टूबर को दामोदरपुर तथा 5 अक्टूबर को टेकना चौक, देशरी, झहुरा, बलहा, मिश्रौलिया, सैदपुर आदि जगहों पर जीबी मीटिंग कर 9 अक्टूबर को समस्तीपुर में आयोजित जन आक्रोश रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में लोकल मंत्री महेश कुमार, विश्वनाथ महतो, नवीन सिंह, राजगीर यादव, मिथिलेश सिंह, शंकर शर्मा, पार्वती देवी, दिनेश कुमार, फूलन चौधरी, ब्रह्मदेव महतो, पवन सिंह, श्याम बिहारी चौरसिया, बन्धु महतो आदि उपस्थित थे। वहीं मोहनपुर तथा बोरिया शाखा का संयुक्त बैठक रामसुहावन महतो व रणजीत कुमार की अध्यक्षता तथा अरविंद कुमार दास के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। बैठक में 01 अक्टूबर को बोरिया में जीबी मीटिंग व 9 अक्टूबर को रैली को सफल बनाने 300 की संख्या में समस्तीपुर चलने का संकल्प लिया। मौके पर चन्द्र भूषण प्रसाद वर्मा, सुनील कुमार, जितेंद्र प्रसाद सिंह, उमेश ठाकुर, अनिल कुमार, अजीत कुमार, अवधेश कुमार, दिलीप कुमार, ब्रह्मदेव महतो, संजीव कुमार राम, दिलीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## 8 अक्टूबर को नरहन में होगी जल श्रमिक संघ के दूसरा अंचल सम्मेलन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार राज्य जल श्रमिक संघ की बैठक टभका पंचायत में अजय कुमार साहनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय कमिटी बनाया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर अजय कुमार साहनी, सचिव पद पर धीरज कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार, उपाध्यक्ष पद पर नारायण साहनी, संयुक्त सचिव पद पर अरूलिया देवी, सदस्य इंदु देवी, गणेश सहनी, कमलेश साहनी को चयन किया गया। वहीं 8 अक्टूबर 2023 को जेपीएनस हाई स्कूल नरहन में एक दिवसीय बिहार राज्य जल श्रमिक संघ का दूसरा अंचल सम्मेलन में अधिक भागीदारी, डेली गेट का चयन, सदस्यता, फंड का उगाही आदि पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के महासचिव राम बालक सहनी ने कहा कि बिहार सरकार के द्वारा बैंती नदी को 1990, 1991 में गरीब मछुआरों को लिए निशुल्क शिकार माही की व्यवस्था की गई थी। लेकिन जिला मत्स्य पदाधिकारी समस्तीपुर और विभूतिपुर मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के मिलीभगत से गलत बंदोबस्त कर गरीब मछुआरों से जबरन पैसा वसूला जा रहा है। संघ सरकार से गलत बंदोबस्ती को रोकते हुए दोषी मंत्री और जिला मत्स्य पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग करती है। मौके पर संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव रामबालक साहनी, अंचल मंत्री छोटन कुमार साहनी, संतोष साहनी आदि उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट में महिला समेत चार घायल

### नोटिस आने से नाराज था एक पक्ष

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के धुरलख में गुरुवार की सुबह हुए जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान धुरलख वार्ड छह निवासी मो० सकीम के पुत्र मोहसिन, मोहसिन के पुत्र मसउद, मो० मोसिन के पुत्र सनाउल्लाह एवं मो० हनीफ की पत्नी सरबरी खातुन के रूप में हुई है। घटना के सम्बन्ध में बताया गया कि सात कट्ठे जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच पूर्व के विवाद को लेकर आए नोटिस के विरोध में एक पक्ष के लोगों के द्वारा दूसरे पक्ष के लोगों को मारपीट कर घायल कर दिए जाने का आरोप है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रोसड़ा को जिला बनाने की मांग को लेकर 15वें दिन भी जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना

रोसड़ा, प्रात : किरण संवाददाता

रोसड़ा सिनेमा चौक स्थित टावर पर चल रहे रोसरा को जिला का दर्जा दिलाने हेतु अनिश्चितकालीन धरना का गुरुवार को 15वां दिन बीत जाने के पश्चात न तो धरनार्थियों से कोई प्रशासनिक पदाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि मिलने आए न ही अभी तक इस मामले पर जनप्रतिनिधियों का रवैया स्पष्ट हो पाया है कि वो लोग रोसरा को जिला बनाने के लिए अभी तक ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिसके कारण क्षेत्र की जनता काफी नाखुश और नाराज दिख रही है। ज्ञात हो कि 30 वर्षों से रोसरा को जिला का दर्जा नहीं दिए जाने के कारण लोगों ने 11 सितंबर से अनिश्चितकालीन धरना का आयोजन सिनेमा चौक टावर पर किए हुए हैं। इससे पहले भी रोसरा वासियों ने रोसरा को जिला बनाने के लिए 2020 में 18 दिनों तक धरना दिया था लेकिन भारत में कोरोना महामारी आने के वजह से देश हित को ध्यान में रखते हुए धारणा को तत्काल स्थगित कर दिया गया था। धरना का नेतृत्व कर रहे हैं अधिवक्ता मिश्रा विश्व बारूद ने कहा हम लोग इस बार आर-पार की लड़ाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रोसरा को जब तक जिला का दर्जा नहीं दिया जाता है तब तक हम लोग इस अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर अपनी मांग को लेकर संघर्ष करेंगे और रोसरा को जिला का दर्जा दिला कर ही दम लेंगे। तथा राजनेताओं को चुनावी वादे को पूरा करें अन्यथा आने वाले चुनाव में बड़ा खामी आज भुगतना पड़ सकता है राजनीतिक रूप से रोसरा क्षेत्र में धरना में जितेंद्र कुमार, कन्हैया कुमार, मनीष कुमार, समर सिंह, प्रशांत यादव, आशीष सिंह, विवेक राजपूत, अर्जुन सिंह, देवड़ा झा, अधिवक्ता आदर्श कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## किसान महासभा की बैठक में हुई समस्याओं पर चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के सरायरंजन स्थित पार्टी कार्यकर्ता योगेंद्र राउत के आवास पर बुधवार को किसान महासभा के सदस्यों की एक विस्तारित बैठक हुई। बैठक में सात सदस्य कमेटी गठित की गई। इनमें योगेंद्र राउत को सचिव तथा सोनेलाल सहनी को अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में किसान महासभा के जिला सचिव ललन कुमार ने किसानों की समस्या पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही किसानों की समस्या के समाधान के लिए संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया। वहीं भाकपा माले के सचिव राज कुमार ने पासवान ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। बैठक की अध्यक्षता अनिरुद्ध कापर की। मौके पर दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एआईएसएफ के राष्ट्रीय सम्मेलन पर 20 हजार छात्रों का 'शिक्षा बचाओ देश बचाओ' महारैली व मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआईएसएफ) का 30वां राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरूआत शिक्षा बचाओ देश बचाओ महारैली व मार्च के साथ शुरू हुआ। सबसे पहले 20 हजार की संख्या में छात्रों का जुलूस जीडी कॉलेज से पटेल चौक, काली स्थान, कचहरी रोड, अंबेडकर चौक, वायपास, हर हर महादेव चौक होते हुए पुनः जीडी कॉलेज पहुंचे, जहां मार्च महारैली में तब्दील हो गया। मार्च के दौरान नई शिक्षा नीति वापस लो, भगत सिंह रोजगार गारंटी कानून बनाओ, सबको शिक्षा सबको काम देना होगा, बेगूसराय में राष्ट्रकवि दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय बनाना होगा, 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को बंद करो पुनः 3 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम को लागू करो, राष्ट्रपति हो या चपरासी की संतान सबको शिक्षा एक समान आदि के गगनभेदी नारे लगाए गए। मार्च का नेतृत्व संगठन के बिहार राज्य सचिव आमीन हामजा व बेगूसराय जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार ने किया। मार्च के उपरांत जीडी कॉलेज में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुभम बनर्जी की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन हुआ। जिसको सम्बोधित करते हुए यूथ फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सांसद डी राजा ने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा रोजगार विरोधी है। प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौजवानों को रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आई। भाजपा सरकार लगातार देश के अंदर सरकारी संस्थाओं को बेचकर रोजगार के अवसर को समाप्त कर रही है। सरकारी संसाधनों को बेचकर यह सरकार पुनः ईस्ट इंडिया कंपनी के तर्ज पर इस देश को अंबानी और अडानी के हाथों में सौंपने का काम करना चाह रही है। सरकार के प्रत्येक कामों से यह प्रतीत होता है कि सरकार देश के अंदर सार्वजनिक शिक्षा को समाप्त करेगी। साथ ही सार्वजनिक रोजगार के अवसर को भी समाप्त कर देंगी। देश के अंदर निजीकरण को बढ़ावा देकर सरकार पुनः यहां के लोगों को गुलाम बनाना चाह रही है। देश के अंदर सभी केंद्रीय व राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय की स्थिति खराब कर दी है। हम तमाम एआईएसएफ के छात्रों को सार्वजनिक शिक्षा को बचाना होगा। सबको शिक्षा-सबको काम मिले, इसके लिए अपने संघर्षों को और तेज करना होगा। महारैली को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने कहा कि पूरे दुनिया के अंदर भारत का शैक्षिक स्तर सदा उम्दा रहा है। मगर मोदी राज के अंदर शिक्षा का स्तर का ह्रास हुआ है। लगातार शिक्षक और छात्रों के साथ भाजपा की सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। देश की अंदर लागू नयी शिक्षा नीति-2020 छात्रों के शैक्षणिक स्तर को बढाने के बदले ह्रास करेगी। छात्रों और देश को नयी शिक्षा नीति पीछे ले जाऐगी। इसे अविलंब खारीज करना होगा और बेहतर वैज्ञानिक शिक्षा को बढ़ावा देने वाला शिक्षा नीति बनाना होगा। जिसमें छात्रों एवं शिक्षाविदों की राय को रखना होगा। देश की आजादी के बाद से ही बेगूसराय में बनने से छात्रों को उच्च शिक्षा मिलने में काफी आसानी होगी। सरकार को देश के अंदर सामान शिक्षा-स्वास्थ्य प्रणाली लागू करना होगा। देश के अंदर राष्ट्रपति या चपरासी का संतान भी जब एक स्कूल में पढेंगे। एक अस्पताल में उसका उपचार होगा। तब देश के अंदर शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति सुधरेगी। हम इस महारैली से सरकार से मांग करते हैं कि सरकार सबको शिक्षा और उसके योग्यता के अनुसार काम सुनिश्चित करें।

## बेगूसराय में दिनदहाड़े अपराधियों ने छात्र से लुटी बाइक

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। गुरुवार की सुबह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पानगाछी हनुमानगढ़ी के पास एक छात्र से अपराधियों ने हथियार के बल पर उसकी बाइक को छीन लिया। जब छात्र उसका विरोध किया तो अपराधियों ने उसके ऊपर गोली चला दी। इस गोलीबारी की घटना में छात्र बाल बाल बच गए। बाइक लूटने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए भाग गये। अपने गुरुजी के लिए घर से जा रहा था बाइक से खाना लाने छात्र घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि छात्र कोचिंग से पढ़कर बाइक को लेकर अपने गुरुजी के लिए घर से खाना लाने के लिए जा रहा था। तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने हथियार के बल पर छात्र को घेर लिया और उसके बाइक को छीन लिया। जब छात्र के द्वारा विरोध किया गया तो अपराधियों ने उसके ऊपर फायरिंग की। जिसमें बाल-बाल छात्र बच गये। इसके बाद अपराधी हथियार लहराते हुए भाग गये। अपराधियों ने छात्र के गले से सोने की चेन भी लूटने की कोशिश इस घटना को लेकर कोचिंग के शिक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि उनका छात्र उनकी बाइक से अपने घर से खाना लाने के लिए जा रहा था। तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने हथियार के बल पर हनुमानगढ़ के पास छात्र के बाइक को रोककर लूट की घटना को अंजाम दिया। शिक्षक ने बताया कि इस दौरान अपराधियों ने छात्र के गले से चैन भी छीनने का प्रयास किया। लेकिन छीना झपटी के दौरान सोने की चेन गले से टूटकर झाड़ी में गिर गया। जिसके कारण सोने का चैन बच गया। इस घटना के बाद कोचिंग के शिक्षक अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मुफस्सिल थाने में प्राथमिक की दर्ज करने के लिए आवेदन दिया।

## बेटी के यहां से वापस जा रही महिला को ट्रक ने मारी ठोकर, डीएमसीएच ले जाने के दौरान मौत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के ओवरब्रिज पर गुरुवार की दोपहर एक ट्रक की ठोकर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां से महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया गया। डीएमसीएच ले जाने के दौरान कल्याणपुर में महिला की मौत हो गई। मृत महिला की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के घोघराहा निवासी दिनेश चौधरी की पत्नी प्रभा देवी (55 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के सम्बन्ध में बताया गया कि महिला अपनी बेटी के यहां आदर्शनगर आई हुई थी। वहां से वापस लौटने के क्रम में ओवरब्रिज पर गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने उसे ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को पकड़ लिया है और ट्रक को जब्त कर लिया है। वहीं घटना के बाद महिला की पहचान नहीं हो पा रही थी इसलिए महिला के मोबाइल से ही उसके परिजनों को घटना के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। महिला के शव का का परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं नगर थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि पीड़ित परिजनों के आवेदन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### उपराष्ट्रपति गया आने के कारण कयी रुट में आवागमन बंद रहेगी

गया। 29 सितंबर को भारत के उपराष्ट्रपति गया विष्णुपद में तर्पण कार्यक्रम निर्धारित है। जिसे लेकर आमजनों से जिला प्रशासन अपील करता है कि कल सुबह 09.15 से 09.35 तक गया एयरपोर्ट से 05 न0 गेट होते हुए बिपार्ड - बाईपास होते हुए नारायणी पूल- बंगाली आश्रम रोड उक्त अवधि तक अवरुद्ध आवागमन बंद रहेगी। सभी गया जी आने और जाने वाले जन एवं पंडा समाज के लोगो से अपील है कि उस रुट में उस समय लोग का आवागमन ना करे। वही दोपहर 12 बजे से 12:30 दोपहर तक विष्णुपद मंदिर से बंगाली आश्रम होते हुए नारायणी पूल- बाईपास- बिपार्ड- 05 न0 गेट - सिकड़िया मोड़ होते हुए जिला अतिथि गृह तक का रास्ता अबरुद्ध रहेगा। शुक्रवार दोपहर 12 बजे से 12:30 दोपहर तक सिकड़िया मोड़ से एयरपोर्ट तक कोई भी आवागमन बाधित रहेगा। जिला प्रशासन गया आम जनों से अपील करता है कि उक्त रास्तो का उक्त अवधि में कम से कम प्रयोग करे।

### समाज में जातिगत विद्वेष फैलाना राजद का पुराना धंधा : विवेक

छपरा । मनोज झा के कविता पर भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विवेक कुमार सिंह प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां की राजद एवं उसकी पार्टी के मुखिया हमेशा से ही समाज में जातिगत विद्वेष फैला कर गलत बयान बाजी कर देश एवं समाज को बांटने का काम करते हैं पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने भी कभी भूरा बाल साफ के नाम विभिन्न जातियों पर टिप्पणी की अपनी मां के श्रद्धा क्रम में भी लालू यादव ने ब्राह्मणों पर गलत बयान बाजी की के पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने भी भूमिहार समाज एवं वैश्य समाज पर गलत बयान बाजी की उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने 2020 के विधानसभा चुनाव में राजपूत समाज पर खुले मंच से बयान बाजी की इनका पूरा परिवार एवं कुनबा समाज को बांटने कर राज करना चाहता है मनोज झा अपने आका के इशारे पर राजपूत समाज पर गलत बयान बाजी एवं कविता पढ़ी क्योंकि इनका जनाधार खिसक चुका है यह अपने समाज में भी हासिऐ पर आ चुके, यादव समाज भी जान चुका है की जाति के नाम पर राजनीति करने वाले लालू प्रसाद यादव सिर्फ अपना और अपने परिवार का ही विकास चाहते हैं अपना खोता जनाधार पाने के लिए यह लोग गलत बयान बाजी कर रहे हैं बिहार की जनता इनकी काली करतूत को जान और पहचान चुकी है जातिगत राजनीति करने वालों की बिहार की जनता दुकान बंद कर देगी।

### दादा के पहल पर संतोष बने प्रदेश जदयू के युवा सचिव

छपरा। राज्यसभा सांसद व जदयू के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह उर्फ दादा के पहल पर सारण जिला निवासी संतोष कुमार सिंह को प्रदेश जदयू युवा के सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है ' नवमनोनीत अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने इसके लिए विशेष कर राज्यसभा सांसद वशिष्ठ नारायण सिंह उर्फ दादा तथा प्रदेश जदयू युवा के अध्यक्ष नीतीश पटेल के प्रति आभार जताया है ' मनोनीत अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नीति,नीयत, नेता और सुबे का जनकल्याण हीं जदयू की पूंजी है ' उन्होंने सुबे के मुखिया नीतीश कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता के सूत्रधार बनकर सभी को एक मंच पर लाने का काम किया है, अब वह धरातल पर दिखने लगा है और इसका कारवां धीरे-धीरे बढ़ता ही जा रहा है ' उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेताओं से उम्मीद जताते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में विपक्षी एकता के सूत्रधार नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलेगी, और 2024 के लोकसभा चुनाव में कामयाबी मिलेगी ।

### 44वीं सारण जिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता 1 अक्टूबर को

छपरा कार्यालय। छपरा में 44 वी जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर को खेल भवन में किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन एमएलसी सच्चिदानंद राय करेंगे। इस प्रतियोगिता में जिले के चुनिंदा डेढ़ सौ खिलाड़ी शामिल होंगे। जिला स्तर की प्रतियोगिता वृहत स्तर पर किया जा रहा है, जिसमें सारण जिले के पुरुष और महिला प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजन समिति ने इस प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को आयोजन समिति के अध्यक्ष उअ अमित कुमार ने सम्बोधित किया और कहा कि छपरा के खेल भवन में एक दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर को किया जाएगा जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस प्रतियोगिता में 5 श्रेणी ( उम्र 9 से 20+ ) के प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजन समिति खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देगी और इस प्रतियोगिता को ऐतिहासिक बनाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता है । उन्होंने कहा कि बच्चे सिर्फ नौकरी के लिए ही खेल में आते हैं लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए बल्कि बच्चों को खेल -खेल भावना से खेलना चाहिए ।

# अमर शहीद कवि कैलाश की आदम कद प्रतिमा का हुआ लोकार्पण

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अमर शहीद कवि कैलाशपति सिंह की प्रतिमा का अनावरण शाहाबाद रेंज के डीआईजी श्री नवीन चंद्र झा के द्वारा किया गया। यह आयोजन उनके पैतृक गांव घोड़ादेई में किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीआईजी नवीन चंद्र झा, भोजपुर के पुलिस अधीक्षक श्री प्रमोद कुमार यादव, अमर शहीद कवि कैलाश स्मृति संस्थान के मुख्य संरक्षक श्री बी डी सिंह, अध्यक्ष भाई बरमेश्वर, पूर्व मुखिया संतोष कुमार , प्रपौत्र ललन सिंह ,मृत्युंजय भारद्वाज डॉक्टर दिनेश प्रसाद सिंहा की विशेष भूमिका रही। मंच का संचालन पत्रकार डॉ भीम सिंह भवेश ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुख्य संरक्षक बी डी सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पत्रकार भीम सिंह ने कवि जी के ऐतिहासिक जीवन वृत्त पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम सामूहिक दीप प्रज्वलन, उसके बाद अतिथियों का बुके साल देकर सम्मानित किया गया। प्रतिमा का अनावरण करते हुए मुख्य अतिथि डीआईजी ने कहा कि कवि जी 8 साल तक फौज में नौकरी किया लेकिन वहां भी अन्य का विरोध करते हुए नौकरी छोड़ दी और यहां आकर पर्यावरण और समाज सेवा से जुड़कर अपनी पहचान बनाई। गांधी जी के अनुयाई बनाकर स्वतंत्रता आंदोलन में लग गए गांव गांव घूम कर अंग्रेजों के विरुद्ध अभियान चलाया। गांधी जी के करो या मरो आंदोलन में आरा कलेक्ट्रेट पर तिरंगा फहराते हुए अपनी शहादत दी। श्री झा ने कहा की शाहिद कभी मरते नहीं। उनके विचार और आदर्श सर्वथा प्रासंगिक रहता है जरूरत है उनके विचारों को आत्मसात करने की। अध्यक्ष उद्बोधन में भाई परमेश्वर ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद और हार्दिक अभिनंदन करते हुए बताया कि हम लोगों ने 2014 में आदम खाद्य मूर्ति लगाने का संकल्प लिया था जिसे प्रपौत्र ललन जी और संतोष मुखिया के सौजन्य से आज यह संकल्प पूरा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक में भी आज के महत्वपूर्ण औषधि पर कभी कलाशपति सिंह को नमन करते हुए कहा की ऐसे ही महत्वपूर्ण व्यक्तियों से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती है और ऐसे सदा सम्मान मिलना चाहिए। मुख्य संरक्षक सम्मानित बी सिंह ने उपस्थित सबका स्वागत है और धन्यवाद व्यापित करते हुए कहा कि सभी सम्मानित लोग मेरे निवेदन पर आए हैं। यह कवि जी के प्रति आदर्श ,राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना प्रदर्शित करती है। इस अवसर पर यादगार स्वरूप कई पौधा रोपण भी मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया साथ ही कभी कैलाश पर आधारित संजीवियर के श्री सनोज कुमार द्वारा मार्मिक नाटक प्रस्तुत किया गया इस मौके पर शहर से लेकर गांव तक के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# जुलूस-ए-मुहम्मदी: आपसी सद्भाव के साथ देश प्रेम देखने का मिला नजारा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम के यौम-ए-पैदाइश के मौके पर रविवार को जिला भर में धूमधाम से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया ।इस दौरान मुस्लिम समुदाय में एक अलग ही रौनक दिखाई दे रही थी ।मानो जुलूस में शामिल होने के लिए पूरा जनसैलाब उमड़ पड़ा हो ।सिर पर हरा, गुलाबी साफा बांध रंग बिरंगे साफ-शफाफ कपड़ों में सजे लोग एक हाथ में मजहबी परचम तो दूसरे हाथ में तिरंगा थाम इसे लहराते हुए माहौल को नूरानी बना रहे थे ।जुलूस में शामिल ऊंट, घोड़े और तरह-तरह की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं तो हर तरफ नबी की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा, हुजूर की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा की सदाएं बुलंद होती रहीं ।ओलेमा जहां दरूद-व-सलाम पेश कर रहे थे वहीं शायर व नातख्वां तरन्नुम में मनकबत, हम्द और नात पेश कर माहौल को सरशार कर रहे थे ।जुलूस में युवा और बुजुर्गों के अलावा बच्चों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था ।बग्घी, दुपहिया और चार पहिया वाहनों पर सवार होकर लोग जुलूस में शामिल हुए ।रास्ते भर जुलूस में शामिल लोगों के लिए मुस्लिम व हिन्दू भाइयों की ओर से चाय व खाने पीने की चीजों का वितरण भी होता रहा ।नबी के दिवानों पर कई जगह लोगों ने फूल भी बरसाए ।वहीं शहर के मध्य में अवस्थित दारूल उलूम नईमिया, जामा मस्जिद में रात भर जलसा चला ।जिसमें देश भर के मशहूर ओलेमा ने नबी के सीरत और तालीम पर रोशनी डाली ।शायरों ने भी समां बांधा ।सुबह की नमाज के बाद जुलूस निकला जो साहेबगंज, हथुआ मार्केट, थाना चौक, मजहरुल हक पथ, डाकबंगला रोड, मालखाना चौक, सदर अस्पताल, दरोगा राय चौक होते हुए जुमनी मस्जिद तक गया जहां नबी की सीरत को ब्यान किया गया और सलात-ओ-सलाम पर जलूस समाप्त हुआ ।दारूल उलूम रजविया के तत्वावधान में मौलाना रज्जबुल कादरी की कयादत में निकला जुलूस बड़ा तेलपा, चांदनी चौक, बिचला तेलपा, कोरार, न्यू कालोनी, छोटा तेलपा, कटहरी बाग, करीमचक, सरकारी बाजार, खनुआ होते हुए कुंवारे पीर बाबा के मजारपर पहुंचा। जहां सलात-ओ-सलाम पर जुलुस मुकम्मल हुआ ।इस के साथ ही ब्रह्मपुर से हाजी आफताब आलम की कयादत में जुलूस ने पूर्वी छोर से पश्चिम तक पूरे शहर का दौरा किया ।इसके अलावा मिर्चईया टोला, गडही तीर, दहियावां आदि शहरी इलाकों समेत ग्रामीण क्षेत्र के बनियापुर, कोपा, मशरक, मानपुर, खैरा, दिघवारा, एकमा, दाऊदपुर, लहलादपुर, तरैया, नगरा, मकेर, अमनौर, सोनपुर, दरियापुर, मिजार्पुर, तुजारपुर आदि जगहों पर भी मजहबी जोश, आपसी सद्भाव व देश प्रेम के अद्भुत जज्बा के साथ जुलूस-ए-मुहम्मदी का आयोजन किया गया।

# साइंस एंड टेक्नोलॉजी मंत्री ने अश्वनी कुमार को उल्लेखनीय कार्य के लिए किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन भवन, सभागार कदम कुआं, पटना में बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन के एकदिवसीय राज्य स्तरीय लाइब्रेरियन सम्मेलन एवं लाइब्रेरी साइंस से जुड़े शिक्षक, छात्र एवं कर्मियों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि एवं उद्घाटन कर्ता बिहार सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह ने नालंदा खुला विश्वविद्यालय एवं जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति सह गणितज्ञ के सी सिन्हा, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रासबिहारी सिंह, बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष अनिल सुलभ, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक ललन भूंईया एवं ऑल बिहार ट्रेड लाइब्रेरी वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष विकास चंद्र सिंह सहित मंचासीन अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में ऑल बिहार ट्रेड लाइब्रेरियन वेलफेयर फाउंडेशन के गया जिला इकाई के अध्यक्ष अश्वनी कुमार को पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान को समृद्ध बनाने, पुस्तकालय कर्मियों के हितों की रक्षा का ध्यान रखने एवं पुस्तकालय के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने उद्घाटन संबोधन में मंत्री ने राज्य के कोने-कोने से आए प्रशिक्षित पुस्तकालय कर्मियों एवं अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए कार्य कर रही है ।राज्य के पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में पुस्तकालय अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए नई नियमावली तैयार हो गई है। नियमावली में कुछ संशोधन कर कर जल्द ही नियुक्ति की प्रक्रिया तेज की जाएगी। उन्होंने सदस्यों को विश्वास दिलाया कि युवाओं को लाइब्रेरी के क्षेत्र में रोजगार के संभावनाओं को बढ़ाने के लिए अभियंता महाविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज का नया भवन तैयार प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय को समृद्ध और विकसित किया जा रहा है। नीतीश सरकार आप लोगों के भविष्य के लिए हमेशा चिंतित है। जल्द से जल्द अन्य शिक्षण संस्थानों में बहाली की प्रक्रिया भी शुरू करने के लिए प्रयास जारी रहेगा। बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ अनिल सुलभ ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि पुस्तकालय विज्ञानियों को राष्ट्र एवं समाज को ज्ञानवान बनाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। आजादी के समय पुस्तकालय की स्थिति बेहतर थी लेकिन तकनीकी युग में पढ़ने की संस्कृति विलुप्त होती जा रही है जो चिंता जनक है।

# नि:शुल्क पनशाला विश्राम शिविर का मेयर व नगर आयुक्त ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। पितृपक्ष मेले में गया नगर निगम के द्वारा मोक्ष की नगरी गयाजी में तीर्थयात्रियों के लिए नि:शुल्क पनशाला व विश्राम शिविर लगाया गया है। गुरुवार को विष्णुपद मंदिर स्थित मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा एवं स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया है। इस दौरान मेयर गणेश पासवान ने कहा कि विश्व विकास पितृपक्ष मेले में गया नगर निगम के द्वारा कई तरह के सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसी के साथ निशुल्क मेला क्षेत्र के 18 स्थानों पर पनशाला एवं विश्राम शिविर भी लगाया गया है। इसबार नगर निगम तीर्थयात्रियों की स्वागत के लिए मुस्तैदी से तैयार है। वही स्टैंडिंग मेंबर सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि गया नगर निगम तीर्थयार्थियों के स्वागत अतिथि देवो के तर्ज पर करने के लिए तैयार है। इसी को देखते हुए कई प्रकार से तीर्थयात्रियों को नि:शुल्क सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा कई जगह पर विश्राम शिविर भी लगाया गया है। इसके साथ ही निगम ने विशेष सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, आकषर्ण लाइट, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य कार्यों का भी खासा ख्याल रखा गया है। ताकि पिण्डदानी जब यहां से लौटे अच्छी संदेश लेकर वापस लौटे। इस मौके पर प्रतिनिधि साकेत सिंह उर्फ भगत सिंह, पार्षद दीपक चंद्रवंशी, डिम्पल कुमार आदि मौजूद थे।

# सभी के सहयोग से ही फाइलेरिया मुक्त हो सकेगा बिहार: डॉ. अनुज

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले को फाइलेरिया से मुक्त करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रखंडों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत आशा कार्यकताओं द्वारा घर-घर जाकर दो वर्ष से अधिक उम्र के लाभुकों को फाइलेरियारोधी दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। इस क्रम में अभियान के सफल संचालन की जांच के लिए गुरुवार को राज्यस्तरीय टीम ने जिले के विभिन्न इलाकों में जाकर एमडीए का जायजा लिया। जिसमें राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी कार्यालय से आए राज्य सलाहकार डॉ. अनुज सिंह रावत, पिरामल इंडिया के स्टेट हेड डॉ. विकास सिन्हा और पिरामल इंडिया के भोजपुर डीपीओ चंदन कुमार प्रसाद शामिल रहे। टीम ने जिले के चिलहरी और ताराचक गांव का दौरा किया। जहां उन्होंने अभियान के दौरान दवाओं का सेवन कर चुके लाभुकों से एमडीए की जानकारी ली। जिसमें सभी कुछ नियमानुसार पाया गया। साथ ही, उन्होंने आशा कार्यकताओं को ससमय रिपोर्टिंग करने का भी निर्देश दिया। ताकि, एमडीए का अनुश्रवण सही से किया जा सके। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर तक केंद्रीय स्तरीय टीम ने जिले के विभिन्न गांवों में एमडीए का जायजा लिया। जिसके बाद 28 सितंबर से राज्य स्तरीय टीम ने एमडीएम के सफल संचालन को लेकर दौरा शुरू किया है। बताते चलें कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त अभियान से फाइलेरिया मुक्ति अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत लगातार अनुश्रवण व निगरानी की जा रही है।

**एमडीए के सफल संचालन के लिए सबका सहयोग जरूरी :** निरीक्षण के दौरान फाइलेरिया के राज्य सलाहकार डॉ. अनुज ने आशा कार्यकताओं से कहा कि बिहार सहित पूरे देश से 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए इसे सफल बनाने में सबका सहयोग अपेक्षित है। स्वास्थ्य समिति के साथ-साथ इस अभियान को सफल बनाने में सहयोगी संस्थानों का भरपुर सहयोग मिल रहा है। जिसके कारण पूर्व की अपेक्षा में लाभुकों में जागरूकता आई है। लोग स्वेच्छा से दवाओं का सेवन कर रहे हैं। जो अच्छे संकेत है। उन्होंने आशा फैसिलिटेटर्स और आशा कार्यकताओं को बताया कि अभियान के दौरान अपने समक्ष ही लाभुकों को दवाओं का सेवन कराएं। यदि किसी घर में पांच लाभुक सदस्य हैं और विजिट के दौरान केवल दो सदस्य ही मौजूद हैं तो आप सिर्फ दो लोगों को ही अपने समक्ष दवाओं का सेवन कराएं। बाकी तीन सदस्यों को दोबारा विजिट कर दवाओं का सेवन कराएं। किसी भी हाल में यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक लाभुक आपके सामने ही दवाओं का सेवन करें। उन्हें दवाएं देनी नहीं, खिलानी है।

**मच्छरों से बचने का करें उपाय :** इस क्रम में डॉ. अनुज ने ग्रामीण लाभुकों से भी वार्ता की। जिसमें उन्होंने बताया कि फाइलेरिया से बचने के लिए दवाओं का सेवन बेहद जरूरी है। लेकिन, आप सभी इस बात का भी ध्यान रखें कि आपके घरों के आसपास गंदगी न हो। घर के आसपास यदि जलजमाव हो रहा है तो उसे मिट्टी डालकर भर दें। ताकि, मच्छरों के पनपने का मौका न मिले। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया की तरह अन्य बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया आदि भी मच्छरों के काटने से ही होता है। इसलिए मच्छरों से बचाव जरूरी है। उन्होंने सभी को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने की नसीहत दी। साथ ही, बड़े-बुजुर्गों से एमडीए अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की।

# काशी विश्वनाथ के तर्ज पर विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कराएं जाए : पूर्व मंत्री

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।पितृपक्ष मेला महासंगम 2023 उद्घाटन समारोह में पूर्व कृषि मंत्री सह गया नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार शामिल हुए। साथ ही माननीय विधायक ने बिहार सरकार से कई मांगों को पूरा करने के लिए अपनी बात रखी ।डॉ कुमार ने जिला प्रशासन नगर आयुक्त सहित पंडा समाज एवं सभी कर्मचारियों का सराहना करते हुए अपने संबोधन में कहा कि मैं बिहार सरकार से मांग करता हूं कि विश्व धरोहर में विष्णु पद मंदिर को शामिल करने की अनुशंसा करे ।गया जी को काशी विश्वनाथ एवं उज्जैन महाकाल के तर्ज पर विष्णुपद, बोधगया, मां मंगला गौरी कॉरिडोर का निर्माण कराएं ।365 वेदियों में से मात्र जो मात्र 56 वेदियां बचे हैं शेष वेदियों का संरक्षण एवं संवर्धन करें ।जाम की समस्या के निदान हेतु बोधगया से चाकंद तक फ्लाई ओवर का निर्माण एन एच 82 घुघडीटाड़ के निकट एवं शहर के विभिन्न स्थानों पर फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाए। गया जी रबर डैम्प पर भगवान विष्णु की प्रतिमा लगाई जाए । गया का नाम गयाजी किया जाए ।राज्य सरकार के साथ साथ भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गया जी को हृदय योजना में शामिल कर सीताकुंड, अक्षय वट, ब्रह्मसरोवर, वैतरणी, पितामहेश्वर, बोधगया सहित विभिन्न स्थलों के तालाव वेदियों का सौंद्रीकरण कराया गया और गया जंक्शन को 290 करोड़ के लागत से आधुनिकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है ।ठल्ल 83,82 का फोरलेन का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है ।अपने संबोधन में डॉ कुमार ने प्रशासन को आगाह किया को वर्षा से निपटने के लिए बेहतर तैयारी करे एवं जाम की समस्याओं से गया वासियों को सालों भर कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पितृपक्ष मेला में लाखों यात्रियों का आगमन होगा उससे निपटने के लिए भविष्य में बोधगया से चाकंद तक फल्गु नदी के किनार फ्लाई ओवर का निर्माण कराए ।एन एच 82 पर घुघडीटाड साथ ही साथ शहर के प्रमुख मार्गों पर फ्लाई ओवर का निर्माण कराया जाए क्षात्रों का पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए टेंट सीटी की छमता एवं संख्या बढ़ाई जाए।

# पिंड दानियों की संख्या में हर साल हो रहीं वृद्धि : डा चंदन यादव

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जनता दल यूनाइटेड, बिहार के प्रदेश सचिव डॉ. चन्दन कुमार यादव ने गया के पितृपक्ष मेला क्षेत्र का भ्रमण कर यात्रियों का सुविधा एवं सुरक्षा का संबंधित अधिकारियों से ज्याजा लिया है ।

डॉ. यादव ने मौके पर कहा कि पितृपक्ष मेला गया कि इतिहास से जुड़ा एक महत्वपूर्ण विषय है यहाँ पिंडदान की प्रथा सदियों से चली आ रही है प्राचीन ग्रंथों में भी इसका उल्लेख मिलता है ऐसे में इसकी महत्ता और बढ़ जाती है। इन सारी विषयों को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंभीरता से लिया और अथिति देवो भवः के तर्ज पर यात्रियों के सुविधा, सुरक्षा एवं सहूलियत के लिए करोड़ों खर्च कर पूरे पिंडदान क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है, जिसका परिणाम है कि प्रतिवर्ष पिंड दानियों की संख्या लाखों में बढ़ रही है इसके साथ हीं वो एक अलग अनुभूति ले कर अपने प्रदेश और देश लौट रहें है ।इस वर्ष 2023 में भी हर साल से कुछ नया और बेहतर व्यवस्था किया गया है ताकि तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यात्रियों के स्वच्छ माहौल में निःशुल्क आवास के लिए टेंट हाउस एवं अपने श्रद्धा के अनुरूप पिंड दान करने के लिए लागभग सारे इंतेजाम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व के सरकार में जिला प्रशासन ने कर लिया है, किसी को कोई भी असुविधा नहीं होगी, गया के लोग भी बहुत हीं मददगार एवं अतिथियों के सत्कार के लिए जाने जाते है ।गया के जिला अधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम ने बहुत हीं सफलता पूर्वक सारी तैयारियों को पूरा किया है, तीर्थयात्रियों के हरएक जरूरत को बारीकी से समझ कर उसको पूरा करने का काम किया है ।डॉ. यादव ने गया जिला पदाधिकारी के साथ गया पूरी जिला प्रशासन एवं जिला पुलिस को बधाई एवं सफल शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दिया है ।इस भ्रमण कार्यक्रम में डॉ. यादव के साथ बिहार जनता दल यूनाइटेड शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव राजू कुमार पाठक, युवा जदयू नेता धीरेंद्र यादव, राकेश यादव, विवेक पासवान, रवि रंजन, सुधांशु कुमार, सागर यादव, कुंदन यादव, कुणाल चंद्रवंशी आदि कई जदयू नेता साथ रहें हैं।

# मरहबा, मरहबा, सरकार की आमद मरहबा की नारो से गुंजा बनियापुर

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर (सारण) बारवी शरीफ के मौके पर मुस्लिम समुदाय के गांवो मे बड़े ही धूमधाम के साथ अपने पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा( स) साहब की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गयी ।जहा बीती रात्रि मे सभी मस्जिदों मे जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया ।जहा पैगम्बरपुर रजा जमा मस्जिद, बड़ा चौक मस्जिद जलसा का आयोजन किया गया जिस मे हाजी हजरत मौलाना सुहैल अहमद कादरी ने अपने संबोधन मे पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते मोहम्मद साहब का जीवन को दुनिया का आदर्श बताया ।उन्होंने बताया कि जब सारी दुनिया मे अधेरा था जालिमो के जुल्म से दुनिया त्राहिमाम कर रही थी तब अल्लाह ने एक प्रकाशमान पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब को भेजा, वही मौलाना समसुल होदा, मौलाना नेमत कादरी मौलवी जुल्फेकार हैदर मालवी नईमुद्दीन हाफिज हबिबुल्लाह हाफिज हसनैन रजा मे नबी शान मे नाते पढ़ी, वही मौलाना शकील अहमद मिस्बाही के सदारत मे नेमत टोला मे जलसा का आयोजन किय गया ।वही बनियापुर मिस्कारी टोला कन्हौली संग्राम नरायण टोला पीठौरी, धनगरहा, कटसा, पिपरपाती सहित सभी मुस्लिम भाइयो ने गाजे बाजे के साथ जुलुस मोहमदी का आयोजन कर अपने आस्था का परिचय दिया ।हाथो मे अपनी एक मजहबी परचम दूसरे मे तिरंगा के साथ जुलुसे मोहम्मदी मे उत्स्वी माहौल मे जुलुस निकाले गए ।शांति सदभाव के माहौल मे जश्ने ईद मिलादुन्नबी सम्पन्न हुआ।

# सरदार भगत सिंह का 116वां जयन्ती हषोल्लास के साथ सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा (सारण) भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी एवं तन्जीमे इंसाफ की ओर से शहीदें आजम सरदार भगत सिंह का 116वां जयंती समारोह पूर्वक बहुआरा पट्टी ग्राम में धूम धाम से मनाया गया।

मौके पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामबाबू सिंह एवं तन्जीमे इंसाफ के जिला सचिव प्रो म० रजाक हुसैन के नेतृत्व में एक प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया । और भगत सिंह अमर रहें ,हम तुम्हारे अरमानों को मंजिल तक पहुंचायेंगे , समाजवाद जिन्दाबाद पूंजीवाद हो ववाद हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में है भाई भाई आदि नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया गया। समारोह की शुरूआत भगत सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। समारोह में मुख्य रूप से सम्बोधित करते हुए भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रामबाबू सिंह ने कहा कि शहीदें आजम देश को आजाद कराने के लिए हंसते-हंसते फांसी के तख्ते को चूमलिया वें शोषण विहिन समाजवादी हुकुमत के एवं धर्म निरपेक्षता के प्रबल पैरोंपकार थे। उनके सपनों का भारत बनाने के लिए हम किसान मजदूर को संगठन कर आंदोलन करना होगा और 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में हराना होगा। समारोह की अध्यक्षता मोहम्मद रजाक हुसैन ने की। समारोह में प्रो भूपेश पसाद भीम ,डॉक्टर नुसरत अली ,मोहन प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, गौतम प्रसाद ,वीरेंद्र सिंह, रंजीत रावत, मंसूर आलम, चांद सर, शमसुद्दीन साहब, अयूब साहब, मुरारी जी ,साहिल नुरैन आदि लोग मुख्य रूप से शामिल थे।

# पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

परसा। इस्लाम धर्म के आखिरी पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश का जश्न पूरे प्रखंड व नगर में धूमधाम से मनाया गया। परसा गौसिया जामा मस्जिद से हजारो की संख्या में इस्लामी झंडे व देश के तिरंगे झंडे के साथ जुलूस निकाल कर परसा हाईस्कूल चौक दरोगा राय चौक परसा बाजार खलीफा चौक से पुनः परसा जामा मस्जिद आकार समाप्त हो गया ।साथ ही चेतन परसा जामा मस्जिद गौसिया जमा मस्जिद माड़र बलहा चाँदपुरा अन्याय सैदपुर सराय साहो मोहम्मदपुर बिशुनपुर आदि गांवो में पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौमे में पैदाइश के मौके पर जश्न-ए ईद मिलादुन्नबी का इनेकात किया गया ।जिसमे पैगम्बर साहबे की ओर से दी गई दीनी व दुनियाबी जानकारी को याद किया गया ।और उनकी ओर से दिए गए इंसानियत के पैगाम को लोगों को अमल करने के साथ ही उनके बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## विपक्ष को मुकदमों से मुक्ति नहीं

अगले साल के लोकसभा चुनाव की उलटी गिनती शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस दिन कहा था कि अब चुनाव में सिर्फ चार सौ दिन बचे हैं उसी दिन से उलटी गिनती चल रही है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि चुनाव की तैयारी सिर्फ भारतीय जनता पार्टी या उसकी सहयोगी पार्टियां कर रही हैं। बाकी विपक्षी पार्टियां चुनाव तैयारियों से ज्यादा मुकदमों से निपटने में लगी हैं। कांग्रेस सहित विपक्ष की ज्यादातर पार्टियों के नेताओं के ऊपर किसी न किसी तरह का मुकदमा पहले चल रहा है या नया मुकदमा दायर किया जा रहा है। बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश और बंगाल, झारखंड लेकर आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु तक तमाम बड़े विपक्षी नेता अदालतों और एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं या लगाने वाले हैं।अभी के समय में भाजपा के लिए सबसे मुश्किल प्रदेश बिहार है और इसलिए एजेंसियों की सबसे ज्यादा सक्रियता बिहार में है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव के ऊपर जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति केंद्रीय गृह मंत्रालय से मिल गई है। चार अक्टूबर को दिल्ली के राउज एवेन्यू की अदालत ने लालू प्रसाद के पूरे परिवार को हाजिर होने का समन जारी किया है। तेजस्वी पहले कह भी चुके हैं कि उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। उधर चारा घोटाले में लालू प्रसाद को मिली जमानत रद्द कराने के लिए सीबीआई सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची है। लालू प्रसाद के परिवार की मुश्किल यही खत्म नहीं हो रही है। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ गुजरात में मानहानि का मुकदमा चल रहा है, जिसमें 15 अक्टूबर को उनको हाजिर होने के लिए कहा गया है।बिहार के बाद दूसरा मुश्किल राज्य झारखंड है, जहां 14 में से 12 लोकसभा सीटें भाजपा ने जीती है। वहां केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई में जेएमएम और कांग्रेस दोनों के नेता फंसे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने चार बार समन जारी किया है। हालांकि इन चारों समन के जवाब में वे ईडी के सामने हाजिर नहीं हुए। वे सुप्रीम कोर्ट राहत के लिए पहुंचे थे लेकिन सर्वोच्च अदालत ने उनको हाई कोर्ट जाने के लिए कहा। उन्होंने ईडी के समन को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। इससे कुछ ही दिन पहले ईडी ने कांग्रेस के बड़े नेता और राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री रामेश्वर उरांव से जुड़े कई परिसरों पर छापा मारा।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी को पिछले दिनों हाई कोर्ट से थोड़ी राहत मिली, जब उच्च अदालत ने ईडी को उनकी गिरफ्तारी नहीं करने का आदेश दिया। लेकिन यह राहत बहुत ज्यादा दिन रहेगी, इसकी संभावना कम है। उधर तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ देश के कई राज्यों में मुकदमे दर्ज हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी उनके खिलाफ एफआईआर के लिए याचिका दी गई है। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई के खिलाफ असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी ने मानहानि का 10 करोड़ रुपए का मुकदमा दर्ज कराया है। जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी अभी तक राहत नहीं मिली है।

## रैगिंग से टेंशन में छात्र-अभिभावक

डा. एके यादव

सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद हिमाचल प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। डेढ़ महीने के अंदर लगातार चार मामले प्रकाश में आए हैं, लेकिन कोई खूनी वारदात नहीं हुई है। इसके बावजूद छात्रों और अभिभावकों में टेंशन का माहौल है। चारों मामले सरकारी क्षेत्र के तीन प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े हैं। इनमें से एक केंद्रीय शिक्षण संस्थान है, जहां इंजीनियरिंग के प्रतिष्ठित कोर्स में दाखिला के लिए देश भर के मेधावी छात्र आते हैं, जबकि अन्य दो संस्थान हिमाचल प्रदेश सरकार के नियंत्रण वाले दो मेडिकल कालेज हैं। इनमें से एक कालेज में तीन दिन के भीतर रैगिंग की दो वारदातें हुई हैं। सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर संदेश देने का प्रयास किया गया है कि रैगिंग अक्षम्य अपराध है, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। पहला मामला आईआईटी, मंडी से जुड़ा है, जहां 11 अगस्त को प्रथम वर्ष के जूनियर्स के लिए फ्रेशर मिक्सर नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आरोप है कि इस कार्यक्रम में सीनियर्स ने अपने जूनियर्स की रैगिंग की। सभी को लम्बे टाइम तक एक कोने में खड़ा रहने के लिए विवश किया गया। जूनियर्स ने इसकी शिकायत एंटी रैगिंग सेल से की। इसके बाद, आईआईटी प्रशासन हरकत में आया और जांच-पड़ताल शुरू हुई तो सीनियर्स ने रैगिंग के आरोप को सीरे से नकार दिया। अपने बचाव में उन्होंने जांच दल के सामने कहा कि 11 अगस्त को जो कुछ हुआ, वह एक मजाक था। फ्रेशर मिक्सर के दौरान जूनियर्स के साथ ऐसा करने की परम्परा रही है। वहां वही सब कुछ हुआ, जो पहले से होता आ रहा है। सीनियर्स के इस जवाब से आईआईटी प्रशासन संतुष्ट नहीं हुआ और जूनियर्स की रैगिंग करने के आरोप में 72 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की।

छात्र संगठन के तीन पदाधिकारियों सहित दस आरोपियों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया। सभी से छात्रावास खाली करा लिए गए हैं। इस घटना के ठीक एक महीने बाद अर्थात 12 सितंबर को मंडी जिले के नेरचौक स्थित लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज में रैगिंग का दूसरा मामला प्रकाश में आया, जहां सीनियर्स ने अज्ञात नंबर से फोन कर जूनियर्स को छात्रावास की छत पर बुलाया और परिचय के बहाने रैगिंग की। बताया जाता है कि सीनियर्स ने अपने जूनियर्स को गाना गाते हुए परिचय देने का आदेश दिया। ऐसा करने से मना करने वालों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। यह प्रकरण कालेज प्रशासन के पास पहुंचा था, जिस पर कोई कार्रवाई होती, उससे पहले तीसरा मामला सामने आ गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज में ही 14 सितम्बर को देर रात दो सीनियर छात्राएं दीवार फांद कर जूनियर्स के छात्रावास में घुस गई तथा गैलरी में प्रथम वर्ष की छात्राओं की परिचय के नाम पर रैगिंग करने लगी। इस दौरान जूनियर्स से नृत्य कराया गया।

गीत गाने के लिए विवश किया गया। इस घटना की जानकारी जूनियर्स ने अपने परिजनों को दी। 15 सितम्बर को देर शाम एक छात्रा के अभिभावक ने प्राचार्य को पूरे प्रकरण से अवगत कराया। इसके बाद 16 सितम्बर को कालेज प्रशासन हरकत में आया। आनन-फानन में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई गई, जिसमें जूनियर्स, सीनियर्स के अलावा हॉस्टल वार्डन भी सम्मिलित थे। सात घंटे तक चली मैराथन बैठक में आरोपियों के बयान कलमबंद किए गए। इस दौरान छह सीनियर्स ने लिखित रूप से रैगिंग करने का जुर्म कबूल किया। एंटी रैगिंग कमेटी की सिफारिश पर कॉलेज प्रशासन ने सभी को छह महीने के लिए छात्रावास से तथा तीन महीने के लिए क्लास रूम से निष्कासित कर दिया है। सभी आरोपियों पर 25-25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। चौथा मामला कांगड़ा जिले के टांडा स्थित डा. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कालेज से जुड़ा है, जहां 17 सितम्बर को छात्रावास की रूटीन चेकिंग के दौरान जूनियर्स के कमरे से सीनियरों की फाइल्स और बुक्स मिली। पूछताछ के दौरान जूनियर्स ने स्वीकार किया कि सीनियर्स जबरन अपना काम कराते हैं। इसकी जानकारी मिलने पर कालेज प्रशासन ने आपात बैठक बुलाई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि सीनियर्स द्वारा जूनियर्स से जबरन काम कराना रैगिंग के अंतर्गत आता है, जो अक्षम्य श्रेणी का अपराध है। इसके बाद रैगिंग के आरोप में चिन्हित किए गए 12 सीनियर्स के परिजनों को बुलाया गया, जिनकी उपस्थिति में सभी को छह महीने के लिए छात्रावास और तीन महीने के लिए क्लास रूम से सस्पेंड करने की सजा सुनाई गई। सभी आरोपी छात्रों को 50-50 हजार रुपए का अर्थदंड जमा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी मेडिकल कालेज में वर्ष 2009 में अमन काचरू नामक छात्र की रैगिंग के दौरान मौत हो गई थी।

इसके बाद रैगिंग पर प्रतिबंध लगाने के लिए देशभर में बवाल मच गया था। इस घटना का सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और रैगिंग की समस्या का समाधान तलाशने के लिए एक उप-समिति का गठन किया, जिसने अपनी रिपोर्ट में रैगिंग को शिक्षा व्यवस्था का सबसे बड़ा घाव बताया बताया और इलाज करने के लिए सख्त कानून बनाने की सिफारिश की। इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट ने रैगिंग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया। यूजीसी ने रैगिंग की शिकायत के लिए टोल फी नम्बर 1800-180-5522 और ई-मेल भी जारी किया। साथ ही अपनी वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई। रैगिंग की शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ सात दिनों के अंदर कार्रवाई न करने वाले शिक्षण संस्थानों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया। तब से पूरे देश में रैगिंग पर ब्रेक लग गई, लेकिन हिमाचल प्रदेश की तरह देश के अन्य राज्यों में भी रैगिंग के मामले इसी तरह बढ़ते रहे तो किसी अप्रिय घटना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान : गांधी के सपनों के भारत को आकार देने की कोशिश

**जहां कूड़ा जमा होता है और उन स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है. भविष्य में ऐसी जगहों पर कूड़ा जमा नहीं हो इसके लिए लोगों को आदत परिवर्तन के लिए तीन माह तक लगातार प्रेरित किया जायेगा. इस साल के अभियान में स्वच्छता के लिए श्रमदान सबसे बड़ा आधार है और कोशिश पूरे देश में सफाई का ऐसा वातावरण बनाना है कि स्वच्छता स्पष्ट रूप से नजर भी आये. केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और शहरी कार्य मंत्री हरदीप पुरी ने वर्चुअल तरीके इस अभियान की शुरूआत 15 सितंबर को की. इसके तहत लगभग एक पखवाड़े तक सभी महत्वपूर्ण स्थलों से कचरा हटाना, कचरे के डिब्बों, सार्वजनिक शौचालयों, कचरा ढोनेवाले वाहनों आदि की मरम्मत और रंगाई-पुताई, नदी घाटों और जलाशयों की सफाई, चिड़ियाघरों, राष्ट्रीय पार्कों, अभयारण्यों की सफाई शामिल है. सभी पर्यटक स्थलों, पुरातत्व महत्ववाले स्थलों-स्मारकों, कैंट क्षेत्रों, स्कूलों, रेलवे की सभी संपत्तियों (ट्रैक समेत) में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित होंगे. राज्यों से स्कूलों और कॉलेजों में स्वच्छता क्लब स्थापित करने के लिए कहा गया है. इस अभियान में सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पर भी विशेष रूप से जोर दिया जा रहा है. इसके साथ-साथ स्वच्छता प्रतियोगिता, पौधरोपण, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रन का आयोजन भी हो रहा है**

**पवन प्रत्यय**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना अंतर्गत 15 सितंबर से गांधी जयंती यानी दो अक्तूबर, 2023 तक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है. इस साल के स्वच्छता ही सेवा अभियान का थीम कचरा मुक्त भारत है और इसके केंद्र में है संपूर्ण स्वच्छ गांव तथा साफ-सफाई के प्रति प्रत्येक व्यक्ति सजग करना है. इस अभियान के तहत ऐसे स्थलों को चिह्नित किया जा रहा है, जहां कूड़ा जमा होता है और उन स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है. भविष्य में ऐसी जगहों पर कूड़ा जमा नहीं हो इसके लिए लोगों को आदत परिवर्तन के लिए तीन माह तक लगातार प्रेरित किया जायेगा. इस साल के अभियान में स्वच्छता के लिए श्रमदान सबसे बड़ा आधार है और कोशिश पूरे देश में सफाई का ऐसा वातावरण बनाना है कि स्वच्छता स्पष्ट रूप से नजर भी आये.

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और शहरी कार्य मंत्री हरदीप पुरी ने वर्चुअल तरीके इस अभियान की शुरूआत 15 सितंबर को की. इसके तहत लगभग एक पखवाड़े तक सभी महत्वपूर्ण स्थलों से कचरा हटाना, कचरे के डिब्बों, सार्वजनिक शौचालयों, कचरा ढोनेवाले वाहनों आदि की मरम्मत और रंगाई-पुताई, नदी घाटों और जलाशयों की सफाई, चिड़ियाघरों, राष्ट्रीय पार्कों, अभयारण्यों की सफाई शामिल है. सभी पर्यटक स्थलों, पुरातत्व महत्ववाले स्थलों-स्मारकों, कैंट क्षेत्रों, स्कूलों, रेलवे की सभी संपत्तियों (ट्रैक समेत) में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित होंगे. राज्यों से स्कूलों और कॉलेजों में स्वच्छता क्लब स्थापित करने के लिए कहा गया है. इस अभियान में सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पर भी विशेष रूप से जोर दिया जा रहा है. इसके साथ-साथ स्वच्छता प्रतियोगिता, पौधरोपण, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता रन का आयोजन भी हो रहा है. पर्यटन स्थल व धार्मिक स्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन करने व हरा गीला कचरा तथा सूखा नीला कचरे की जानकारी दी जा रही है. स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) पखवाड़े का उद्देश्य भारतीय स्वच्छता लीग 2.0, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर और सामूहिक स्वच्छता अभियान जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से देश भर में करोड़ों नागरिकों की भागीदारी जुटाना है. स्वच्छ भारत मिशन भी ह्यअंत्योदय से सर्वोदय के दर्शन का एक ज्वलंत उदाहरण है. इसने शहरों में रहनेवाले कमजोर वर्गों को प्राथमिकता दी है और शहरी गरीबों के उत्थान और सशक्तीकरण के लिए प्रयास किया है. इस कार्यक्रम में एसएचएस-2023 का लोगो, वेबसाइट और पोर्टल भी लॉन्च किया गया. एसएचएस-2023 स्वैच्छिकवाद और श्रमदान की भावना के साथ-साथ सफाई मित्रों के कल्याण के माध्यम से स्थानीय निकायों में स्वच्छता के स्पष्ट रूप से उच्च क्रम को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेगा.

स्वच्छता आत्मविकास व राष्ट्रविकास का सबसे महत्वपूर्ण अवयव महात्मा गांधी का कथन है, स्वच्छता, राजनीतिक स्वतंत्रता से अधिक महत्त्वपूर्ण है. यह कथन समाज में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करता है. भारत में गांधी जी ने गांव की स्वच्छता के संदर्भ में सार्वजनिक रूप से पहला भाषण 14 फरवरी, 1916 में मिशनरी सम्मेलन के दौरान दिया था. इस सम्मेलन में गांधी जी ने कहा था ह्यगांव की स्वच्छता के सवाल को बहुत पहले हल कर लिया जाना चाहिए था. गांधी जी ने स्कूली और उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों में स्वच्छता को तुरंत शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया था. गांधीजी ने रेलवे के तीसरे श्रेणी के डिब्बे में बैठकर देशभर में व्यापक दौरे किये थे. वह भारतीय रेलवे के तीसरे श्रेणी के डिब्बे की गंदगी से स्तब्ध और भयभीत थे. उन्होंने समाचार पत्रों को लिखे पत्र के माध्यम से इस ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया था. 25 सितंबर, 1917 को लिखे अपने पत्र में उन्होंने लिखा, इस तरह की संकट की स्थिति में तो यात्री परिवहन को बंद कर देना चाहिए, जिस तरह की गंदगी और स्थिति इन डिब्बों में है उसे जारी नहीं रहने दिया जा सकता क्योंकि वह हमारे स्वास्थ्य और नैतिकता को प्रभावित करती है. वर्ष 1920 में गांधीजी ने गुजरात विद्यापीठ की स्थापना की. यह विद्यापीठ आश्रम की जीवन पद्धति पर आधारित था, इसलिए वहां शिक्षकों, छात्रों और अन्य स्वयं सेवकों और कार्यकताओं को प्रारंभ से ही स्वच्छता के काम में लगाया जाता था. गांधीजी ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रामीणों को अपने आसपास और गांव को साफ रखते हुए स्वच्छता का माहौल विकसित करने की तुरंत जरूरत के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए.

महात्मा गांधी आंतरिक स्वच्छता को वा स्वच्छता के लिए आवश्यक मानते थे. अपने इस दृष्टिकोण को उन्होंने एक पत्र में इस प्रकार रेखांकित किया – वह जो सचमुच में भीतर से स्वच्छ है, वह अस्वच्छ बनकर नहीं रह सकता. एक सुन्दर, पवित्र, समरस और बुराइयों से मुक्त समाज के निर्माण के लिए बापू के स्वच्छता दर्शन से श्रेष्ठ कोई अन्य दर्शन नहीं हो सकता.

आंतरिक स्वच्छता की महत्ता को बापू ने 10 दिसंबर, 1925 के यंग इंडिया के अंक में कुछ इस प्रकार रेखांकित किया था आंतरिक स्वच्छता पहली वस्तु है, जिसे पढ़ाया जाना चाहिए, अन्य बातें प्रथम और सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पाठ सम्पन्न होने के बाद लागू की जानी चाहिए. वह मानव प्रगति के लिए आंतरिक और बाहरी स्वच्छता को आवश्यक मानते थे. उन्होंने स्वच्छता को आत्मविकास एवं राष्ट्रविकास का सबसे महत्वपूर्ण अवयव माना और इसे इस प्रकार स्पष्ट किया कि एक पवित्र आत्मा के लिए एक स्वच्छ शरीर में रहना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि किसी स्थान, शहर, राज्य और देश के लिए स्वच्छ रहना जरूरी होता है, ताकि इसमें रहने वाले लोग स्वच्छ और ईमानदार हों.ह्व स्वच्छता का उनका दर्शन अत्यंत व्यापक था. महात्मा गांधी ने सदैव समग्र स्वच्छता की पैरोकारी की और सम्पूर्ण स्वच्छता के लिए इसे आवश्यक बताया. यही कारण है कि उन्होंने सिर्फ व्यक्तिगत स्वच्छता पर बल नहीं दिया, अपितु समग्र रूप से सामाजिक स्वच्छता पर विशेष बल दिया. कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपनी स्वच्छता के साथ दूसरों की स्वच्छता के प्रति संवेदनशील नहीं है, तो ऐसी स्वच्छता बेईमानी है. स्वच्छता के संदर्भ में 25 अप्रैल, 1929 के यंग इंडिया के अंक में बापू की यह टिप्पणी अत्यंत महत्वपूर्ण है कि ह्रहम अपने घरों से गंदगी हटाने में विश्वास करते हैं, परन्तु हम समाज की परवाह किये बगैर इसे गली में फेंकने में भी विश्वास करते हैं. उनका मानना था कि प्रत्येक संगठन में ऊपर से लेकर नीचे तक प्रत्येक सदस्य की जिम्मेदारी है कि वह अपने प्रचालन स्थल के पर्यावरण को गंदा अथवा प्रदूषित न करे. सरकारें और नगर परिषदें कुछ सीमा तक प्रयास कर सकती हैं. उनकी अपनी सीमाएं होती हैं, लेकिन यदि हर व्यक्ति इसे अपनी जिम्मेदारी और कर्त्तव्य समझे, तो न केवल भारत को एक स्वच्छ राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करना अधिक संभव होगा, बल्कि आध्यात्मिक रूप से भारतीय स्वच्छ बन पायेंगे और तब वे एक स्वच्छ राष्ट्र, एक स्वच्छ सभ्यता और एक स्वच्छ व्यक्ति होने का उदाहरण बनकर गर्व महसूस कर सकेंगे. गांधी के बताये गये मार्ग को मूर्त रूप देने के लिए देश भर में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आगाज किया गया, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यस्वच्छता ही सेवाह्व (क्लीनीनेस इज सर्विस) नाम दिया है. साफ-सफाई एक अच्छी आदत है, स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिए हर एक को यह आदत बनानी चाहिए. ह्रस्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता हैह्व. इसी के मद्देनजर देश में स्वच्छता की महती आवश्यकता को देखते हुए हमारे प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान शुरू किया है. हमें ये समझना चाहिए समाज में रहनेवाले हर इंसान की जिम्मेदारी कचरामुक्त भारत बनाने की है. हम सब के स्वस्थ जीवन के लिए इस अभियान में हमें कंधे से कंधा मिलकर भाग लेना चाहिए. स्वच्छ भारत मिशन भी ह्यअंत्योदय से सर्वोदयह्व के दर्शन का एक ज्वलंत उदाहरण है. आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने अभियान के शुभारंभ के मौके पर कहा था कि स्वच्छ भारत मिशन ने हमारे शहरों के हाशिए पर रहनेवाले और कमजोर वर्गों को प्राथमिकता दी है और शहरी गरीबों के उत्थान और सशक्तीकरण के लिए प्रयास किया है. स्वच्छ भारत मिशन की आगामी नौवीं वर्षगांठ और ह्यस्वच्छता ही सेवाह्व 2023 का शुभारंभ होना उत्सव जैसा है. अब समय आ गया है कि हम अपने शहरों को साफ-सुथरा रखने के लक्ष्य के प्रति फिर से प्रतिबद्ध हों. एक आंकड़ा के अनुसार, भारत में सभी 4,884 शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) (100 प्रतिशत) अब खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) हैं. स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुए बदलाव में 73.62 लाख शौचालय (67.1 लाख व्यक्तिगत घरेलू शौचालय और 6.52 लाख सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय) बनाकर लाखों शहरी गरीबों को सम्मान और स्वास्थ्य प्रदान किया गया है.

# गिरती घरेलू बचत व बढ़ती महंगाई से त्रस्त अर्थव्यवस्था

**इस परेशानी के समाधान की बजाय सत्ता एवं विपक्ष दल एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मासिक बुलेटिन में माना है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2022-23 में पांच दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गई। 18 सितंबर को जारी इन आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में देश की शुद्ध घरेलू बचत पिछले साल की तुलना में 19 फीसदी कम रही है। 2021-22 में देश की शुद्ध घरेलू बचत जीडीपी के 7 .2 फीसदी पर थी जो इस साल और घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 5 दशक के निचले स्तर 5 .1 प्रतिशत पर आ गई है। अनेक मोर्चों पर भारत की तस्वीर आशा का संचार कर रही है, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर चिन्ता का सबब लगातार बना हुआ है, हालांकि समूची दुनिया में आर्थिक असंतुलन बना हुआ है, भारत ने फिर भी खुद को काफी संभाले हुए हैं। किसी देश की अर्थव्यवस्था इस पैमाने पर भी आंकी जाती है कि उसकी घरेलू बचत, प्रति व्यक्ति आय और क्रयशक्ति की स्थिति क्या है।**

**ललित गर्ग**
**वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व राज्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश**

आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के मध्यनजर महंगाई का लगातार बढ़ते रहना चिंता का विषय है। घरेलू बचत, महंगाई, बढ़ता व्यक्तिगत कर्ज, बढ़ते व्यक्तिगत खर्चे आदि को लेकर निम्न एवं मध्यम वर्ग परेशान है। इस परेशानी के समाधान की बजाय सत्ता एवं विपक्ष दल एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मासिक बुलेटिन में माना है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2022-23 में पांच दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गई। 18 सितंबर को जारी इन आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में देश की शुद्ध घरेलू बचत पिछले साल की तुलना में 19 फीसदी कम रही है। 2021-22 में देश की शुद्ध घरेलू बचत जीडीपी के 7.2 फीसदी पर थी जो इस साल और घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 5 दशक के निचले स्तर 5.1 प्रतिशत पर आ गई है। अनेक मोर्चों पर भारत की तस्वीर आशा का संचार कर रही है, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर चिन्ता का सबब लगातार बना हुआ है, हालांकि समूची दुनिया में आर्थिक असंतुलन बना हुआ है, भारत ने फिर भी खुद को काफी संभाले हुए हैं। किसी देश की अर्थव्यवस्था इस पैमाने पर भी आंकी जाती है कि उसकी घरेलू बचत, प्रति व्यक्ति आय और क्रयशक्ति की स्थिति क्या है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में करीब पचपन फीसद की गिरावट आई और यह सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 फीसद पर पहुंच गई। वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट पर सफाई देते हुए कहा है कि लोग अब आवास और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियों में अधिक निवेश कर रहे है। इसका असर घरेलू बचत पर पड़ा है। मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि संकट जैसी कोई बात नहीं है। सरकार ने यह भी कहा है कि पिछले दो साल में परिवारों को दिए गए खुदरा ऋण का 55 फीसद आवास, शिक्षा और वाहन पर खर्च किया गया है। परिवारों के स्तर पर वित्त वर्ष 2020-21 में 22.8 लाख करोड़ की शुद्ध संपत्ति जोड़ी गई थी। 2021-22 में लगभग सत्रह लाख करोड़ और वित्तवर्ष 2022-23 में 13.8 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बढ़ी हैं। इसका मतलब है कि लोगों ने एक साल पहले और उससे पहले के साल की तुलना में इस साल कम वित्तीय संपत्तियां जोड़ी हैं। सरकार के अनुसार ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि वे अब कर्ज लेकर घर और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियां खरीद रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो साल में आवास और वाहन ऋण में दोहरे अंक में वृद्धि हुई है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि महामारी के बाद से लोग काफी सचेत हुए हैं। वे जोखिम वाले निवेश से बच रहे हैं। दूसरी बात बचत खातों पर ब्याज पर दर बहुत आकर्षक नहीं हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित बी-20 बैठक में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा भी कि ब्याज दरें बढ़ाकर महंगाई नियंत्रित करने की कीमत आर्थिक विकास को चुकानी भारी पड़ सकती है। सरकार चाहे जो तर्क दे पर घरेलू बचत गिरना कोई शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। घरेलू बचत सामान्य सरकारी वित्त और गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए कोष जुटाने का सबसे महत्वपूर्ण एवं प्रभावी जरिया होती है। देश की कुल बचत में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाली बचत का लगातार गिरना निम्न और मध्यमवर्ग ही नहीं, पूरी अर्थव्यवस्था के लिए चिंता की बात है।

लगातार महंगाई का बढ़ना भी न केवल आमजन के लिये बल्कि सरकार के लिये चिन्ता का कारण है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुमानों से पता चलता है कि जुलाई (7.4 प्रतिशत) की तुलना में अगस्त में यह घटकर 6.8 फीसदी हो गई है। यहां तक कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई भी जुलाई के उच्चतम स्तर पर 11.5 फीसदी से घटकर अगस्त में 9.94 प्रतिशत हो गई। इन संकेतों से भले ही राहत की सांसें मिली हो, बावजूद इसके यह अब भी ज्यादा है। यह गिरावट मुख्यतः सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण आई है, जो जुलाई की 37.4 फीसदी की तुलना में अगस्त में 26.1 प्रतिशत थी। हालांकि अनाज और दालों में महंगाई दोहरे अंकों में बनी हुई है, जिनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर गिरावट की संभावना फिलहाल नहीं दिख रही। आरबीआई ने स्वीकारा है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। मगर अधिकारियों को महंगाई कम करने का महत्वपूर्ण काम सौंपा गया है। स्पष्ट है कि दबाव और प्रतिबंधों के माध्यम से महंगाई को काबू में करने के प्रयास काफी हद तक नाकाम रहे हैं। घरेलू आपूर्ति में कमी के कारण कई खाद्य वस्तुओं, विशेषकर अनाज व दालों में महंगाई रूकने का नाम नहीं ले रही है। गेहूं का उत्पादन गरमी और बेमौसम बारिश के कारण प्रभावित है। यही कारण है कि मई 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया। चावल के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। दालों का भी यही हाल है।

महंगाई अक्सर सत्तापक्ष के लिये राजनीतिक चुनौती बनती रही है, चुनावों में हार-जीत को बहुत गहराई से प्रभावित करने में महंगाई आधार बनती रही है। महंगाई कम करने के लिए हमें वैकल्पिक रास्ते तलाशने होंगे, जो आर्थिक विकास या किसानों के हितों को प्रभावित किए बिना उपभोक्ताओं की रक्षा करें। विकृत एवं असंतुलित बाजार व्यवस्था ने भी अनेक आर्थिक विसंगतियों को जन्म दिया है। एक आदर्श व्यवस्था का चिन्तन ही वर्तमान की आर्थिक समस्याओं का समाधान हो सकता है। वर्तमान सरकार ने गरीबी दूर करने में सफलता पाई है, लेकिन उसकी सोच अमीरी बढ़ाने की भी रही है। छोटे उद्योग, सबके पास अपना काम, हर व्यक्ति के लिये रोजगार की सुनिश्चितता, कोई भी इतना बड़ा न हो कि जब चाहे अपने से निर्बल को दबा सके। एक आदमी के शक्तिशाली होने का मतलब है, कमजोरों पर निरन्तर मंडराता खतरा। एक संतुलन बने। सबसे बड़ी बात है मानवीय अस्तित्व और मानवीय स्वतंत्रता की। इस पर आंच न आये और आवश्यकताओं की पूर्ति भी हो जाये, ऐसी अर्थव्यवस्था की आज परिकल्पना आवश्यक है। तभी बढ़ती महंगाई, आय असंतुलन एवं घटती बचत पर काबू पाया जा सकता है। आय असमानता, महंगाई, बेरोजगारी एक कल्याणकारी राज्य की सबसे बड़ी विडंबना है। यह जब गंभीर रूप से उच्चतम स्तर पर पहुंच जाती है तो उदार आर्थिक सुधारों के लिए सार्वजनिक समर्थन कम हो जाता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि भारत में नव उदारवादी नीतियों से आर्थिक वृद्धि दर को जरूर पंख लगे हैं, लेकिन इससे अमीरों की जितनी अमीरी बढ़ी है, उस दर से गरीबों की गरीबी दूर नहीं हुई है। परिणामस्वरूप आर्थिक असमानता की खाई साल दर साल चौड़ी होती जा रही है। इसलिए हमारे नीति निमार्ताओं तथा योजनाकारों को इस बात पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि सर्व समावेशी विकास के लक्ष्य को कैसे हासिल करें? ताकि हाशिये पर छूटे हुए वंचितों, पिछड़ों तथा शोषितों को विकास की मुख्यधारा में लाया जा सके। वर्तमान में आर्थिक असमानता से उबरने का सबसे बेहतर उपाय यही होगा कि वंचित वर्ग को अच्छी शिक्षा, अच्छा रोजगार उपलब्ध कराते हुए सुदूरवर्ती गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। इसके लिए सरकार को अपनी कल्याणकारी योजनाओं पर कहीं ज्यादा खर्च करना होगा। स्वास्थ्य और शिक्षा पर कहीं ज्यादा राशि आवंटित करनी होगी। अभी इन मदों पर हमारा देश बहुत ही कम खर्च करता है।

# मोदी के चमत्कारी चेहरे पर पांच राज्यों का चुनाव लड़ेगी भाजपा

सनत कुमार जैन

इस वर्ष के अंत तक पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होना है। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री हैं। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नाम पर भाजपा चुनाव नहीं लड रही है। छत्तीसगढ़ में भी लगभग 15 साल तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया भाजपा के मुख्यमंत्री रही हैं। इस बार भारतीय जनता पार्टी किसी भी राज्य में प्रादेशिक नेताओं को मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बना रही है। इसके स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना, और मिजोरम का चुनाव भाजपा लडेगी। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा के चुनाव में किसी भी प्रदेशिक नेता को मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बना रही है। इसके पीछे पार्टी में मुख्यमंत्री पद को लेकर आम सहमति नहीं बन रही है। प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी के पास कोई कद्दावर चेहरा नहीं है। चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी फैसला करेगी। मध्य प्रदेश जैसे राज्य में लगभग 18 वर्षों से भाजपा की सरकार है।शिवराज सिंह चौहान का मुख्यमंत्री का लंबा कार्यकाल रहा है। लगभग 20 वर्षों से भाजपा की सरकार होने के कारण मध्य प्रदेश में नाराजगी की लहर देखने को मिल रही है। जिसके कारण शिवराज सिंह को मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाया जा रहा है। उनके स्थान पर 3 केंद्रीय मंत्रियों नरेंद्र सिंह तोमर,पहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते और भाजपा संगठन के महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय को विधान सभा का चुनाव लड़ाया जा रहा है।उनके नाम भी मुख्यमंत्री पद के लिए समय-समय पर सामने आते रहे हैं। जिसके कारण मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद को लेकर अनिर्णय की स्थिति बनी हुई है। चुनाव के पहले पार्टी के सभी नेता संगठित रहें। इसको ध्यान में रखते हुए मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने का निर्णय भाजपा ने लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ईद-ए-मिलाद -उल -नबी की दी मुबारकबाद

मुजफ्फरपुर। पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्मदिन की यादगार में आयोजित ईद-ए-मिलाद का मुबारकबाद देते हुए विधानपार्षद प्रो० संजय कुमार सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह तथा तंजीम-ए-इंसाफ के जिला संयोजक शब्बर हसन ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पैगम्बर साहब की तालीम मानव समाज के फलाह, तरक्की और खुशनुदी के लिए थी। उनका पैगाम प्रेम, भाईचारा, सहिष्णुता, शांति, अमन और विश्वबन्धुत्व का संदेश देता है। इन्होंने इस्लाम धर्मावलंबियों से ईद-ए-मिलाद-उल-नबी को पैगम्बर साहब के शिक्षा को अनुकरण कर प्रेम, सौहार्द और भाईचारा को मजबूत करने की अपील की है।

### गौशाला के जिर्णोद्धार को लेकर सांसद को दी गई जानकारी

झाझा-पुरानी बाजार स्थित श्री कृष्ण गौशाला के जिर्णोद्धार को लेकर स्थानीय लोगों का प्रयास जारी है ताकि गौशाला का वर्तमान स्थिति में सुधार होकर नये अवतार के रूप में गौशाला का निर्माण हो।इसको लेकर पुरानी बाजार के रहने वाले गौ सेवक प्रिंस कुमार ने जमुई लोकसभा सांसद चिराग पासवान से दूरभाष पर संपर्क कर गौशाला की वर्तमान स्थिति की पूरी जानकारी दिया।संगम झा ने बताया कि सांसद चिराग पासवान से दूरभाष पर संपर्क कर गौशाला में पुलिस प्रशासन के द्वारा तस्करी के लिये ले जाये जा रहे गाय को बरामद कर गौशाला में रखने की बात से लेकर वर्तमान में दर्जनों गाय के लिये शेड और आहार की समस्याओं के बारे में जानकारी दिया जिसके बाद सांसद ने पूर्ण भरोसा देते हुये कहा कि जल्द ही वे गौशाला के निरीक्षण के लिये पहुँचेगे और सकरात्मक पहल किया जायेगा।

### श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ मनाई अनंत चतुर्दशी व्रत

झाझा-प्रखंड क्षेत्र में गुरूवार को अनंत चतुर्दशी का व्रत मनाई गई।प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओ ने श्रद्धा के साथ अनंत भगवान की कथा श्रवण किया और कथा श्रवण करने के बाद विधि विधान के साथ अनंत सूत्र को बांध कर भगवान से जीवन में हर कष्ट को दूर सुख समृद्धि बने रहने की कामना किया।अनंत चतुर्दशी को लेकर देर दोपहर यक्षराज स्थान,दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में लोग मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना करने के बाद अनंत सूत्र को दाये हाथ में बंधवाया।पौराणिक कथाओं के अनुसार अंनत चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु की आराधना मे किया जाता है।भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी ,अनंत चैदस के नाम से भी जाना जाता है।इस व्रत में भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा होती है।अर्थात जिनका अंत नही है वे स्वयं श्री हरि यानि भगवान विष्णु है।इसलिये अनंत चतुर्दशी का व्रत श्रवान विष्णु को समर्पित है।

# जयप्रकाश-प्रभावती मुसहरी प्रवास स्वर्ण जयंती पदयात्रा पखवाड़ा प्रारम्भ

प्रात : किरण, संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जेपी कू अनुयायियों ने आज से जेपी के मुशहरी प्रवास के 53 वार्ष पूरे होने पर पदयात्रा संवाद की शुरूआत की है।यह कार्यक्रम एक पखवारे तक चलेगा। इस दौरान पदयात्री मुशहरी प्रखंड के गांव -गांव घूम कर लोगों को जेपी के संदेश से अवगत कराएंगे। आज से 53 साल पहले जयप्रकाश नारायण जब उत्तराखंड प्रवास पर थे, अंग्रेजी अखबार में मुजफ्फरपुर के दो सर्वोदयी कार्यकताओं को मृत्यु का परवाना दिए जाने की खबर पा कर मुजफ्फरपुर पहुंचे थे और मुसहरी प्रखंड में ही जम जाने का निश्चय किया। तब मुसहरी में नक्सलवाद के नाम पर आतंक चरम पर था और सामाजिक विद्वेष बढ़ता जा रहा था।

मुजफ्फरपुर पहुंच कर वे कुछ सर्वोदयी कार्यकताओं के साथ मुसहरी के गांवों की सामाजिक, आर्थिक, वर्ग-भेद ,जाति- भेद, सरकारी प्रयासों , नक्सलवाद के नाम पर आतंक आदि को समझने की कोशिश व एक पद्धति से सघन कार्य करने के लिए मुजफ्फरपुर में मुसहरी को चुना। उन्होंने जो देखा व प्रयास किया उसे एक पुस्तिका आमने-सामने लिखा। .... मुसहरी मुजफ्फरपुर जिले का एक प्रखंड है। इस प्रखंड का कुल क्षेत्रफल 43983 एकड़ है, जिसमें से 36396 एकड़ पर खेती होती है। यहां की अनुमानित जनसंख्या (ग्रामीण) 118737 है। इस प्रकार भूमि-मनुष्य का अनुपात (केवल खेती की भूमि को लेते हुए) प्रति व्यक्ति 30 डिसमिल है। अगर हम पूरे क्षेत्रफल को लें तो यह अनुपात प्रति व्यक्ति 37 डिसमिल होगा। इस प्रखंड में 17 ग्राम पंचायतें और 121 राजस्व ग्राम है। इस जिले के दूसरे प्रखंडों के मुकाबले मुसहरी में खेतिहर-मजदूरों की आबादी का प्रतिशत सापेक्षतः ऊंचा है। जहां पूरे जिले का औसत केवल 33.3 प्रतिशत है। मुसहरी प्रवास के दौरान जेपी ने ग्राम स्वराज (ग्राम सभा के द्वारा) ग्राम दान, ग्राम कोष, ग्राम शांति सेना के द्वारा सामाजिक सौहार्द के प्रयास, उनके अपने व्यक्तिगत राजनैतिक और प्रशासनिक पहुंच की बदौलत 1 वर्ष में 6 कैंपों पर प्रवास कर लगभग सभी गांवों में अपनी पहुंच व लगातार संवाद स्थापित कर मुसहरी की काफी कुछ तस्वीर बदली थी । लोक शक्ति को बढ़ावा मिला। ग्रामदान का कार्य किया गया। भूमिहीनों को चिन्हित कर बड़े पैमाने पर बासगीत पर्चा दिलवाया गया। दैनिक मजदूरी का दर बढ़ा। 84 गांवों में ग्राम सभाएं बनीं जिसमें 7 ग्राम सभा को पंचायत का अधिकार मिला। 7 गांवों में 24 बीघा 11 कट्ठा जमीन बांटी गई। मुसहरी का बिजलीकरण हुआ, खेतों को पानी मिला ...आदि। मुसहरी के टिकाऊ विकास, शांति सौहार्द की स्थापना, ग्राम स्वराज व लोक शक्ति को बढ़ावा के लिए उन्होंने विस्तृत मुसहरी योजना बनाई। आज मुशहरी फिर अपने पुराने दिनों में लौट चुका है।की वर्तमान स्थिति को देखें तो भूमिहीनता, नशाखोरी, कर्जखोरी, बेकारी, भू-माफिया वर्ग का उदय व वर्चस्व, भूमि की प्रकृति में बदलाव की वजह से एक हीं साथ एक तरफ जलजमाव व दूसरी ओर सुखाड़, घाटे की खेती व मवेशी पालन, बड़े पैमाने पर पलायन, लगातार आपदा एवं राजनीतिक कारणों से जातीय - धार्मिक विद्वेष में बढ़ावा देखने को मिलता है। इन परिस्थितियों में, जेपी के मुसहरी प्रवास के स्वर्ण जयंती के अवसर पर मुजफ्फरपुर के जेपी विचारों से प्रभावित व्यक्तियों, संगठनों व संस्थाओं के द्वारा ह्यलोक शक्ति को बढ़ावा, एक नागरिक के रूप में व्यक्ति का सशक्तिकरण, ग्राम्य लोकतांत्रिक संगठनों की मजबूती, टिकाऊ विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक सौहार्द एवं सद्भावना को बढ़ावा ह्य का लक्ष्य निर्धारित करते हुए, अधिकतम जनभागीदारी के साथ 28 सितंबर से 10 अक्टूबर तक मुसहरी में जे पी के सभी 6 पड़ावों को जोड़ते हुए, लगभग सभी गांवों में पदयात्रा करते हुए व्यापक जन-संपर्क व संवाद स्थापित किया जाएगा।

# न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस ने संध्या गस्ती के दौरान समकालीन अभियान के तहत अलग अलग जगहों से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार वारंटी लहेरियागंज वार्ड नं 15निवासी रामलखन पासवान के पुत्र बबलू पासवान वही दूसरा वारंटी बसौली गांव निवासी शिवजी मंडल दोनो थाना रहिका जिला मधुबनी को न्यायालय द्वारा निर्गत अधिपत्र के आधार पर रहिका पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।उक्त जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रहिका राजकिशोर कुमार ने दिया।

# नियोजित पंचायत शिक्षका पर रहिका थाना में प्राथमिक दर्ज

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना क्षेत्र के इजरा पंचायत के प्राथमिक विद्यालय घाटटोल इजरा प्रखंड रहिका में पदस्थापित नियोजित पंचायत शिक्षिका रिना कुमारी के विरुद्ध रहिका थाना में फर्जी को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताते चले कि माननीय उच्च न्यायालय बिहार पटना द्वारा जनहित संख्या 15459/14 में पारित आदेश के आलोक में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो मुख्यालय पटना द्वारा निगरानी जांच संख्या बीएस 08/15 पंजीकृत करते हुए नियोजित शिक्षकों के शैक्षणिक प्रशैक्षणिक अंक पत्रों प्रमाण पत्रों की जांच हेतु पुलिस निरीक्षक सह जांचकर्ता निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना नियोजित शिक्षक जांच कोषांग कैप मधुबनी जिला सत्येंद्र राम ने रहिका थाना को एक आवेदन देकर पंचायत शिक्षिका रिना कुमारी पिता गुरु शरण यादव पति राकेश कुमार यादव ग्राम सप्ता थाना रहिका जिला मधुबनी जो की प्राथमिक विद्यालय घाट टोल इजरा में पदस्थापित एवं अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मिली भगत कर टी0ई0टी0अंक पत्र की कूटरचना कर कूटरचित अंक पत्र को असली के रूप में प्रयोग कर धोखाधड़ी से आपराधिक षड्यंत्र के तहत अवैध रूप से नियोजन में लाभ प्राप्त कर नियोजन प्राप्त किया गया है जो एक अपराध है इस अवैध नियोजन में अन्य लोगों की भी संलिप्त हो सकती है मधुबनी जिला के शैक्षणिक प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच करने हेतु अधोहस्ताक्षरी की प्रतिनिधित्व की गई है नोडल पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मधुबनी द्वारा उपलब्ध कराए गए फोल्डर संख्या 145 के अवलोकन से पाया गया कि नियोजित पंचायत शिक्षिका रिना कुमारी पिता गुरु शरण यादव पति राकेश कुमार यादव ग्राम सप्ता थाना रहिका जिला मधुबनी को नियोजन वर्ष 2012 में पंचायत शिक्षिका के रूप में पंचायत नियोजन इकाई इजरा विद्यालय में कार्यरत है। इनके द्वारा अमेंस्टी पीरियड में त्याग प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है नियोजित पंचायत शिक्षिका रिना कुमारी का बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना का बी ई टी ई टी परीक्षा वर्ष 2011 रोल नंबर ,पेपर 1,कुल प्राप्तांक,अंक पत्र, एस आर की जांच संबंधित बोर्ड से कराई गई जांचोंप्रांत प्रशासनिक पदाधिकारी निगरानी सत्यापन कोषांग बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना का पत्रांक बीएसईबी/५५/363/2022 दिनांक 22.11.2022 माध्यम से जांच रिपोर्ट किया गया कि रिना कुमारी बी0ई0टी0ई0टी0 परीक्षा वर्ष 2011 रोल नंबर,पेपर नंबर सीमित अभिलेख के अनुसार कुल प्राप्तांक 042, नोट क्वालिफाइड है।इस प्रकार पंचायत शिक्षा रिना कुमारी के द्वारा अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलाभगत कर उक्त टी0ई0टी0 पत्र की कूटरचना कर कुटरचित प्रमाण पत्र को असली के रूप में प्रयोग पर धोखाधड़ी से आपराधिक षड्यंत्र के तहत अवैध रूप से नियोजन में लाभ प्राप्त करने नियोजन प्राप्त किया गया है जो एक अपराध है। फर्जी नियोजित शिक्षिका रिना कुमारी के विरुद्ध जालसाजी मामले में रहिका थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। रहिका थाना अध्यक्ष राजकिशोर कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि फर्जी नियोजित पंचायत शिक्षिका के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है।

# शहीद भगत सिंह जयंती समारोह का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

दाऊदनगर (औरंगाबाद)। शहीद-ए-आजम ने हिंदुस्तान को एक शोषणमुक्त समाजवादी-लोकतांत्रिक राष्ट्र बनाने का सपना देखा था लेकिन आज तक उनके सपनों का हिंदुस्तान तो नहीं ही बना बल्कि आज देश के बचे-खुचे लोकतांत्रिक ढांचे को भी ढहा कर एक फासीवादी-सांप्रदायिक राष्ट्र बनाने का कुचक्र रचा जा रहा है । उक्त बातें आज यहां नगर भवन,दाऊदनगर परिसर में शहीद-ए-आजम-भगत सिंह सामाजिक विकास संस्थान के तत्वावधान में आयोजित भगत सिंह जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए इंसाफ मंच के सदर तथा भाकपा (माले) राज्य कमिटी के सदस्य कामरेड अनवर हुसैन ने कही। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में सांप्रदायिक-फासीवादी निजाम के हमलों से देश के बचे-खुचे लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए संघर्ष करना ही भगत सिंह सहित तमाम शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके लिए भगत सिंह के अनुयायियों को गांवों में जाकर किसानों और मजदूरों को भगत सिंह के विचारों से अवगत कराना होगा। इस जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित शहीद भगत सिंह स्मृति-सभा को संबोधित करते हुए आज के इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि-भाकपा(माले) के जिला सचिव कॉ मुनारिक राम ने कहा कि आज देश के अन्दर हर एक आम आदमी के लिए शिक्षा,स्वास्थ्य,रोजगार, इन्साफ इत्यादि मानवीय-जीवन की बेहतर परिस्थितियां तैयार करने के लिए संघर्ष करना ही शहीद-ए-आजम भगत सिंह एवं उनके साथियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ; क्योंकि इसी तरह के मानवीय मूल्यों को स्थापित करने के लिए इन उन्होंने अपनी कुबार्नी दी थी। इनके अलावा इस श्रद्धांजलि सभा को दाऊदनगर के पूर्व चेयरमैन-धर्मेन्द्र कुमार दबगर,महिला नेत्री-मीना सिंह,अख्तरी बानो,अरविंदो मिशन स्कूल की शिक्षिका- सिंपी सिन्हा, भाकपा(माले) के नगर सचिव- बिरजू चौधरी, गोह कॉलेज के गणित के विभागाध्यक्ष- राजकमल कुमार सिंह, प्रह्लाद प्रसाद,संस्थान के उपाध्यक्ष- अवधेश कुमार,संस्थान के कोषाध्यक्ष- संजय कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता- महेंद्र राम, शिक्षक संघ (गोप गुट)मूल के जिला सचिव- अवधेश कुमार शिक्षक नेता गोपाल प्रसाद गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र सिंह, मो कयूम अंसारी, भाकपा(माले) दाऊदनगर के प्रखंड सचिव - चन्द्रमा पासवान,विद्यार्थी-विवेक चन्द्र सैनी,इत्यादि वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस सभा ने सर्वसम्मति से एक सात-सूत्री प्रस्ताव भी पारित किया जिसमें- दाऊदनगर नसरीगंज पुल का नामकरण शहीद भगत सिंह सेतु करने/शहीद-ए-आजम भगत सिंह सहित तीनों शहीदों के शहादत-दिवस 23 मार्च के दिन सरकार द्वारा सार्वजनिक-छुट्टी घोषित करने/संसद एवं देश के सभी विधान सभाओं में भगत सिंह सहित राजगुरु एवं सुखदेव की तस्वीर लगाने/ संसद भवन के समक्ष तीनों शहीदों की मूर्ति लगाने/भगत सिंह के द्वारा रचित सभी दस्तावेजों को प्रकाशित कर देश के सभी पुस्तकालयों में मुफ्त में उपलब्ध कराने/ देश के सभी राज्यों की राजधानियों के प्रमुख चौराहे पर भगत सिंह की आदमकद प्रतिमा लगाने तथा स्कूल-कॉलेजों की पाठ्य-पुस्तकों में भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव की जीवनी को शामिल करने की मांग केन्द्र-सरकार सहित सभी राज्यों की सरकारों से की गई । इस सभा ने इसके साथ ही एक अन्य संकल्प प्रस्ताव भी पारित किया जिसमें उक्त सभी मांगों को मानने के लिए सरकार को बाध्य करने हेतु भगत सिंह के विचारों को मानने वाले सभी संगठनों का एक संयुक्त मंच बनाने तथा मंच के नेतृत्व में धारावाहिक आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया ।

# एतवारपुर ताज से ईद मिलादुन्नाबी पर निकाली जुलूस ए मोहम्मदी

प्रात : किरण संवाददाता

बोचहा। बेकसों सारे गम भूल जाओ हर मर्ज की दवा आ रहे हैं गोदमें आमना तेरी खुल्द का हबीबे खोदा आ रहे हैं । इन्हीं पंक्तियों को गाते हुए जश्ने ईद मिलादुन्नाबी प्रखंड क्षेत्र में हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। रबी-उल-अव्वल की 12 तारीख को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इस दिन को ईद मिलादुन्नाबी के नाम से जाना जाता है । वही जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान मुस्लिम समाज में खासा उत्साह देखा गया। इस मौके पर लोगों अपने घरों को सजाया, इस्लामी लिवास सारों पर इमामा बंधे हुए हाथों इस्लामिक झंडा लिए हुए जुलूस ए मोहम्मदी में शामिल हुए यह काफिला बल्थी रसूलपुर, बुद्धनगरा, बहरामपुर,एतवारपुर ताज मिजार्पुर, हुसैनपुर , शरफुद्दीनपुर टोक से नकल कर एतवारपुर चौक पहुंचा जहां सभों ने मिलजुल कर एक दूसरे को ईद मिलादुन्नाबी की मुबारकबाद दी और अंसारी चौक होते हुए जुलूस ए मोहम्मदी का काफिला उप प्रमुख आसिफ नदीम फरीदी के दरवाजे पर पहुंचा, जहां पर ईद मिलादुन्नाबी की महफिल सजाई गई, उस महफिल में रसूले पाक का जिक्रो अजकर किया गया, साथ ही देश में अमन चैन के लिए दुआ ए मांगी गई, इस मौके पर मौलाना अली अकबर, इमाम फखरे आलम, मौलाना इमामुद्दीन, आसिफ नदीम फरीदी, जफर आलम, मोहम्मद अलाउद्दीन , मोहम्मद चांद, मोहम्मद तारिक, मोहम्मद इरफान , मोहम्मद असलम के अलावे अंजुमन रजा ए मुस्तफा के तमाम मेंबर सामिल हुए ।

# जनसंवाद में डीएम ने सुनी लोगों की परेशानियां

प्रात : किरण संवादाता

मुजफ्फरपुर।सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आम जनों को जानकारी देने तथा उनसे सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त कर निराकरण करने के लिए बुधवार को डीएम प्रणव कुमार की अध्यक्षता में बोचहां प्रखंड के मैदा पुर पंचायत में पंचायत सरकार भवन पर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया, इस अवसर पर सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से संबंधित विभाग के पदाधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय ने योजनाओं से लाभान्वित होने में उत्पन्न हो रही समस्याओं को संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष रखा एवं लिखित आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं को जमा कराया। जनसंवाद कार्यक्रम में पहुँचते ही जिलाधिकारी ने गाड़ी से उतरकर सीधे सरकार भवन में लगे सभी विभागों के स्टॉल पर जाकर आम आवाम से रूबरू हुए और जानकारी लिया। जन संवाद के दौरान जिला पदाधिकारी ने जनता से सीधा जन संवाद किया। जन संवाद के माध्यम से जिलाधिकारी ने लोगों से उनकी ग्राम पंचायत में होने वाले विकास कार्यों, साफ-सफाई एवं अन्य मामलों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने आमजन के आवेदनों पर विस्तार से विमर्श करने के लिए उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने नल जल बिजली राशन कार्ड वृद्ध व्यवस्था पेंशन विकलांग पेंशन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया , इस दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर पटेल ने एतवारपुर ताज स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र है जो वर्षों से बंद पड़ा है अस्पताल की जमीन पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर दुकान व मकान बना लिया है, अस्पताल की जमीन पर अतिक्रमण की वजह से वहां पर रह रहे दर्जनों हरिजन परिवारों का आना-जाना बाधित है। जन संवाद कार्यक्रम में ज्यादातर शिकायतें जमीनी संबंधी थी।

# थाना मे जप्तअंग्रेजी शराब को किया गया विनष्टीकरण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस ने कांड में जप्त अंग्रेजी शराब कुल 5579.475लीटर शराब का रहिका आर ओ रंधीर कुमार रमन व मधुबनी उत्पाद विभाग एएसआई संजीत पासवान के समक्ष जेसीबी के माध्यम से गढ्ढा खोदकर कांड में जप्त अंग्रेजी शराब को जेसीबी के माध्यम से शराब के बोतल को फोड़कर गढ्ढा में रख कर पुनः मिट्टी से भर दिया गया इस प्रकार अंग्रेजी शराब का विनष्टीकरण किया गया।पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रहिका राजकिशोर कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व जगतपुर पेट्रोल पंप के पास से ट्रक पर ट्रांसफार्मर लदे ट्रांसफार्मर के तहखाने से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया था।उसी कांड में जप्त अंग्रेजी शराब का विनष्टीकरण किया गया। मौके पर उपस्थित मालखाना प्रभारी एसआई राजेश कुमार,एसआई नंद कुमार एसआई मो0मोइन के साथ चौकीदार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। 47 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमनाडेन्ट जियाऊ सिंह यादव एवं विनीत कुमार द्वितीय कमान अधिकारी के दिशा-निदेर्शानुसार सहायक कमाण्डेन्ट सुशील जोशी और निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अभियान के दौरान बारुण प्रखण्ड के टेंगरा में शहीद संतोष साव के घर एवं विशुन बिगहा के शहीद अरविंद यादव के घर जाकर कलश में मिट्टी संग्रहन किया गया।साथ ही साथ जनकोप पंचायत के पोखराही में अमृत कलश यात्रा निकाल कर घर-घर से मिट्टी संग्रहित किया गया।इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य रविन्द्र कुमार सिंह,उप प्राचार्य ओंकारनाथ सिंह के उपस्थिति में छात्रावास के छात्रों को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के लिए जागरूक किया गया एवं मिट्टी संग्रहण किया गया।इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की आजादी के लिए किये गए असंख्य बलिदानों और स्वतंत्रता के मूल्य को समझने एवं राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। मिट्टी लेने के बाद सभी जवान टेंगरा में स्थित शहीद संतोष साव के प्रतिमा स्थल पर पहुंचे एवं मालार्पण करके श्रद्धार्जलि अर्पित किया।इस दौरान भारत माता की जय,वन्दे मातरम,जय हिंद, जय भारत के नारो से गांव गूंज उठा। उक्त कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय नबीनगर के प्राचार्य मुदीत वाजपेयी, नवोदय विद्यालय के पूर्व कला शिक्षक अवधेश कुमार उपाध्याय ,नेहरू युवा केन्द्र से संजीत कुमार मेहता,प्रयाग कुमार,सनी कुमार,संजीव कुमार वार्ड सदस्य प्रतिनिधि पवन कुमार,सचिव अखिलेश कुमार ,अभाविप से रंजन कुमार किंशु उपस्थित रहें।

# 30लाख रुपये के साथ गिरफ्तार, पुलिस तहकीकात में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में वैशाली सुपरफास्ट ट्रेन जो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सहरसा को जा रही थी, में आरपीएफ तलाशी ले रही थी , तुर्की और मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के बीच आरपीएफ ने एक व्यक्ति के पास से 30 लाख रुपए जप्त किया।.इस मामले में मोतिहारी के रहने वाले एक व्यक्ति को भी आरपीएफ ने पुछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में मोतिहारी जिले के छपवा के रहने वाले आजाद आलम ने पुलिस को बताया है कि उसे रुपए से भरा यह बैग पटना के गांधी मैदान के पास एक व्यक्ति से प्राप्त हुआ था। वह इस बैग लेकर ऑटो रिक्शा से पटना के गायघाट पहुंचा। धहां से वह बस पकड़ कर हाजीपुर पहुंचा और हाजीपुर रेलवे स्टेशन से वह वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर मुजफ्फरपुर आ रहा था। आरपीएफ की टीम ने तुर्की और मुजफ्फरपुर स्टेशन के बीच उसे जांच कू दौरान पकड़ लिया। वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर बोगी में सवार मोतिहारी जिले के छपवा निवासी आजाद आलम के बैग की जांच जब आरपीएफ ने की तो बैग खुलते ही जवान दंग रह गए। पूरे बैग की तलाशी कू दौरान 500 के बंडल से भरे बैग में तकरीबन 30 लाख रुपए बरामद हुए।. जब संदिग्ध व्यक्ति से इस, रुपए के बारे में पूछा गया तो उसने इसके बारे में कोई सही जानकारी नहीं दी। संदिग्ध व्यक्ति ने इतनी मोटी रकम से सम्बंधित किसी प्रकार का कोई सबूत भी पेश नहीं किया। आरपीएफ के जवान ने इसकी जानकारी अपने वरीय पदाधिकारी को देते हुए संदिग्ध व्यक्ति को 30 लख रुपए के साथ हिरासत में ले लिया और पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शराब कारोबारी को जेल भेजा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली थाना क्षेत्र के कसमा मरार गांव में बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर एसआई जितेश कुमार मिश्रा द्वारा बीएमपी सशस्त्र पुलिस जवान और चौकीदार के सहयोग से एक पिकअप पर उजला प्लास्टिक नो बोरे में लदे तिंशो एमएल के कुल 1320 बोतल देशी नेपाली शराब व एक बाइक के डिक्की से 300 एमएल के 30 बोतल देशी नेपाली बरामद कर कुल1350 बोतल देशी नेपाली शराब के साथ पिकप और बाइक को जप्त कर दोनो शराब कारोबारी कसमा मरार गांव निवासी पिकअप चालक दीपक कुमार सिंह व जयनगर थाना क्षेत्र के लस करिया गांव निवासी राजू कुमार सिंह को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया.थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि बीती रात गुप्त सूचना मिली है कि लस करिया गांव की ओर से एक पिकप और बाइक के डिक्की में नेपाल से अवैध रूप से शराब की खेप कसमा मरार हो कर आ रही है.थानाध्यक्ष ने तत्वरित करवाई करते हुए गश्ती पुलिस पदाधिकारी एसआई जितेश मिश्रा को सूचना देकर करवाई करने का आदेश दिया गया. एसआई जितेश कुमार मिश्रा ने प्राइवेट वाहन से कसमा मरार गांव पहुचने पर जांच के दौरान पिकअप के चालक पिकअप रोककर भागने लगा. पिकअप चालक को बीएमपी के सशस्त्र जवान ने दौड़ कर दबोचा. वही बाइक चालक आगे आगे लाइनर का काम कर रहा था. वही थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा कि दोनों शराब कारोबारी को बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया.इस गिरफ़्तारी के मौके पर बीएमपी के सशस्त्र पुलिस जवान हवलदार मुन्नी मरांडी,टुनटुन कुमार राजा कुमार चौकीदार वीरेंद्र कुमार, चौकीदार बिजली पासवान शामिल थे।

# ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का जुलूसे निकाला

**शेरघाटी।** शहर में गुरुवार को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी को धूमधाम से मनाया गया। उक्त दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाला। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक, ईद-ए-मिलाद तीसरे महीने में रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है।मिलाद-उन-नबी का पर्व इस्लाम धर्म के मुताबिक महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि इस दिन इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था और उन्होंने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया। इस पर्व को नबी मोहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है।यह जुलूस शहर के काली मंदिर होते हुए उतरवारी मोहल्ला तक गया इनके बाद मोहम्मद हजरत साहब के मजार तक गई, जहां पर सभी ने एक साथ नमाज अदा कर शांति और आपसी भाईचारे की कामना की। इस दौरान सभी ने एक दूसरे के गले लगाकर बधाई दिया।

# भाईचारे की दिखी मिसाल, महावीर मंदिर पर ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निगरानी कर रहा मुस्लिम युवक सल्लू खान

- सल्लू खान आपसी भाईचारा का दे रहें संदेश
- सभी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को मुबारकबाद दिया

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। औरंगाबाद मे पैगाम ऐ इन्सानियत मुसलीम समुदाय के अध्यक्ष मो शहनवाज रहमान ऊर्फ सल्लू खान ने बताया ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए भाईचारा का संदेश को लेकर धर्म स्थल की भी निगरानी अपने स्तर से कर रहे थे। अपने सहयोगियों का सहयोग लेकर ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस ले जाने के क्रम में मंदिर की निगरानी करना कबीले तारीफ हैं। जिसकी तारीफ वहा सभी धर्म के लोग कर रहे है,वहीं नगर थाना गश्ती कर रहा था,पुलिस कर्मी अपने दल बल के साथ जुलूस पर काफी निगाह रखे हुए थे।

हिन्दू हो या मुस्लिम यहां रहने वाले हमेशा हर शक्श पहले शांति और प्रेम से रहता है। मुस्लिम समुदाय के सल्लू खान और उनके सहयोगी ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मंदिर के निगरानी करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मुस्लिम समुदाय के लोग खुद भी पूरी तरीका से शांति का संदेश देने में कोई भी बाज नहीं आए।इस मौके पर मो महमूद आलम वार्ड परिषद सिकंदर हयात मो शहनवाज सहबुदिन ऊर्फ नन्हें मो इमरान मो जयुदीन खान आदि उपस्थित थे ईद मिलादुन्नबी के जुलुस रूट मैं रमेश चौक से काफी संख्या में गया इसको लेकर मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने बखूबी अपना कर्तव्य निभाते हुए शांतिपूर्वक काम किया सभी लोगों ने कहा कि एक अच्छा संदेश समाज के बीच गया और भाईचारा हमेशा की तरह कायम रहेगा

# सूबे में अपराध की घटना चरम पर : निशुतोष कुमार यादव

## जमालपुर नगर पूर्वी मंडल के भाजपा के बैठक में जातया गया नाराजगी

प्रात : किरण ब्यूरो, मुंगेर

प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार जमालपुर नगर पूर्वी मंडल के मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, प्रमुख, सह प्रमुख की आवश्यक बैठक नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भुट्टो की अध्यक्षता में रामपुर स्थित सत्संग मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रवक्ता सह प्रवासी मंडल प्रभारी प्राणरंजन विकाश , विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह मुंगेर विधानसभा प्रभारी नीशुतोष कुमार यादव, जिला मंत्री दीपक यादव, विस्तारक बाल्मीकि मंडल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री उत्तम सिन्हा ने किया। वंदे मातरम गायन के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुंगेर विधानसभा प्रभारी निशुतोष कुमार यादव ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, बलात्कार एवं हत्या की घटनाएं घट रही है। जनता इस सरकार से उब चुकी है। इसलिए बिहार की जनता प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्वास करती है इसलिए पार्टी ने यह तय किया है कि हम लोगों को बूथ स्तर पर संगठन को सृदढ़ करना अनिवार्य है। इसी कार्य हेतु जमालपुर नगर पूर्वी मंडल में शक्ति केंद्र प्रवासी प्रभारी मनोनीत किया गया है स्व रामाश्रय सिंह सैनिक शक्ति केंद्र का नगर उपाध्यक्ष शशिकांत प्रसाद को प्रभारी मनोनीत किया गया। स्व डॉ राम प्रसाद गुप्ता शक्ति केंद्र प्रभारी नगर उपाध्यक्ष श्रीमती नीलम भगत को प्रभारी , स्व परमानंद मंडल शक्ति केंद्र प्रभारी नगर महामंत्री उत्तम सिन्हा को प्रभारी, स्व उमेश कुमार आजाद शक्ति केंद्र प्रभारी नगर उपाध्यक्ष राजीव कुमार को प्रभारी , स्व ओमप्रकाश खेतान शक्ति केंद्र प्रभारी जिला मंत्री दीपक यादव को डॉ कृपाराम धार्मिक शक्ति केंद्र प्रभारी जिला कार्य समिति सदस्य संतोष कुमार साह बनायें गये है। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर पार्टी के द्वारा कम से कम दो स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला बुनकर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मिलन कुमार तांती को प्रभारी एवं नगर उपाध्यक्ष सह वार्ड पार्षद अमित चन्द्रवंशी को सह प्रभारी बनाया गया है। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन नगर उपाध्यक्ष शशिकांत प्रसाद ने किया।

राष्ट्रगान जन गण मन के उपरांत कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित चन्द्रवंशी, राजीव कुमार,मदन प्रसाद, विजय कुमार साह, शशिकांत प्रसाद, मिलन कुमार तांती, रवि पासवान, प्रमोद कुमार तांती, मनोज प्रसाद, चन्द्रशेखर साह,विनोद मंडल,विमल कुमार यादव, उमाशंकर चौरसिया, अविनाश कुमार सिन्हा,उदय कुमार सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तीन नकाबपोश अपराधियों ने मार्बल व्यवसायी पर किया जनलेवा हमला

- अपराधी द्वारा दहशत फैलाने और हत्या की वारदात को अंजाम देने की कोशिश

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में एक तरफ जहां वरीय पुलिस अधीक्षक अपराध पर नकेल कसने के लिए कई हथकंडे अपना रही हैं, तो वही दूसरी ओर अपराधी अपने आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिले में पुलिस की अपराधी गतिविधियां कम होते नही दिख रही हैं, जिला पुलिस प्रशासन के लाख कोशिशों के बावजूद अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में एक और मामला जिला के ततारपुर थाना क्षेत्र इलाके से सामने आया है। ततारपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत रहमान नर्सिंग होम के समीप पेट्रोल टंकी के बगल में स्थित मार्वल दुकान के मालिक के ऊपर तीन नकाबपोश अपराधियों ने गोली फायरिंग कर दी। वही बेखौफ बदमाशों भीड़ भाड़ इलाके के सरेशाम वारदात को अंजाम दे मौके से फरार होने में सफल रहा था। मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक एक बाइक पर तीन युवक को नकाबपोश के रूप में देखा गया है। जिसमें तीनों युवक अपने अपने मुंह पर गमछा बांध रखा था, उसमें से एक बाइक से उतरते ही लगातार तीन से चार राउंड गोलियां फायरिंग की, वही मार्बल व्यवसायी किसी तरफ मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। वही देखते ही देखते तीनों अपराधी वारदात को अंजाम दे मौके से फरार होने सफल रहे, घटना के काफी समय बाद घटना की सूचना मिलने के साथ ततारपुर थानाध्यक्ष श्रीकांत चौहान व उनकी पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। हालांकि दुकानदार मो. बजीउल्लाह उर्फ टिंकू ने इस घटना के बारे में कई अहम जानकारी पुलिस को दी है, उन्होंने कहा है कि मैं पूर्व से अपराध क्षेत्र में जुड़ा रहा हूं मैंने पहले कई अपराध किया है, लेकिन अब में अपने परिवार और बच्चों के साथ शांति से जीवन यापन करना चाहता हूं, मैं अपराध के क्षेत्र से काफी दूर जाना चाहता हूं, लेकिन मैं अजय मिश्रा काजू मियां फाटक मियां को अपराध में सहायता नहीं कर रहा हूं तो मुझे जान से मारने की कोशिश कर रहा है। जिसके चलते आज दिनदहाड़े मेरे दुकान पर आकर मुझे गोली से मौत के घाट उतारना चाहा लेकिन में बच निकला था। वहज प्रशासन से गुहार लगाना चाहता हूं कि मुझे और मेरे परिवार की मदद की जाय, और मैं अपराध से दूर शांति का जीवन यापन करना चाहता हूं, इसमें प्रशासन भी मेरी मदद करें।

# प्रशासन ने उजाड़ दिये गरीबों के सैकड़ों आशियाने

- आंख में आंसू लिये सरकार से लगाई मदद की गुहार, दो दर्जन से अधिक परिवार सड़क पर उतरे

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। पिता की मौत हो गई है हम मजदूरी करते हैं मेरा अपना कोई ठिकाना नहीं है, ना तो घर है, ना जमीन है। झुग्गी झोपड़ी बनाकर बिहार सरकार के जमीन पर वर्षों से रह रहे थे। लेकिन नीतीश सरकार के प्रशासन ने बुलडोजर से आशियाना अब उजाड़ देगा, मदद कीजिए, हम कहां जाएंगे कोई नहीं है अपना, यह दर्द भरी दास्तां बिहार सरकार के जमीन पर वर्षो से आशियाना बनाकर रह रहे सोनू कुमार ने मीडिया प्रतिनिधि से अपनी व्यथा सुनाई है और बसाने की सरकार से गुहार लगायी है। हालांकि सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक तरफ भूमिहीनों को बसाने की दावा करती रही है, लेकिन सिर्फ और सिर्फ कागजों पर, जमीनी हकीकत कुछ और ही बया करती दिख रही है। इन दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के बांका दौरे पर चल रहे है लेकिन भागलपुर में उसके प्रशासन टीम द्वारा 40 ऐसे परिवार के आशियाना को उजाड़ दिया गया है जिसका ना ही कोई सहारा है ना कोई बसेरा ठिकाना है।

दरअसल भागलपुर प्रशासन के तरफ से जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र के कमरामपुर स्थित बिहार सरकार के जमीन पर रह रहे चालीस ऐसे परिवारों को बेघर कर दिया गया है, जिसके पास जीवनधारित कोई सहारा नहीं है, वही सभी परिवार आंख में आंसू लिए मदद की गुहार लगा रहे हैं। वही इन परिवार के लोग नीतीश कुमार को भी आरे हाथों ले रहा है और कह रहे है कि अब मुझे मदद कीजिए, वर्षों से हम लोग यहां रह रहे थे, लेकिन आपकी प्रशासन का बुलडोजर चलना अब शुरू हो गया है। हम लोग जहां रह रहे हैं, उनके पीछे कुणाल यादव नामक शख्स के जमीन है। वह जाति सूचक गाली गलौज करता है, लेकिन हम लोगों को अब प्रशासन ही बेघर कर दिया बहरहाल पूरे मामले को लेकर सीएम नीतीश कुमार का ध्यान आकर्षित होना जरूरी है, नहीं तो बंददुआओं व गरीब मजदूरों की अंबर नीतीश कुमार के लिए चुनावी दौर में चुनौती कम नहीं होंगी। अब ये सवाल खड़े हो रहे हैं क्या वोटर के लिए आसान नहीं है नीतीश सरकार की डगर ये सोच हर वोटर के जहन में चिंता का विषय बना हुआ है।

# लंग्स रोग पर सेमिनार का हुआ आयोजन

- रोग के कारण, लक्षण व इलाज पर चिकित्सकों ने की अपने इलाज पद्धति को साझा

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल के मेडिसिन विभाग के सभागार में इंटरस्टिशियल लंग संबंधित रोग विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अनंत चंद्र एवं डॉ. शिव कुमार ने रोग के कारण व लक्षण सहित इलाज के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि फेफड़े व छाती में अंगों की एक जोड़ी के रूप में कार्य करती है, एक जो शरीर में ऑक्सीजन की पूर्ति करता है और दूसरी वह है जो शरीर के अंदर कार्बन डाइऑक्साइड को निकलता है। इस दौरान शरीर के श्वास नली अपनी ट्यूबलर शाखों के माध्यम से फेफड़ों में सांस की हवा का संचालन करता है, अगर इसमें किसी तरह की परेशानी हो रही हो तो आप समझ लीजिए कि आपको इंटरस्टिशियल लंग डिजीज हो गया है। वही उन्होंने इस रोग के मुख्य कारण को भी साझा कर बताया कि सांस लेने में कठिनाई के साथ खांसी आमतौर पर सूखी खांसी, व्यायाम सहनशीलता में कमी, थकान बने रहना असामान्य रूप से वजन घटा अगर ऐसी ऐसा कोई लक्षण दिखाई दे और जो आपके साथ हो रहा हो तो आप जल्द चिकित्सक से संपर्क करें और इसका इलाज करायें। वही चिकित्सक ने संबंधित रोग के उचित उपचार कैसे हो इस पर विशेष बिंदू पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंकित चंद्र, शिव कपूर टीबी एन्ड चेस्ट के विभागाध्यक्ष प्रो./ डॉ. शांतनु कुमार घोष, डॉ. भारत भूषण, डॉ. डीपी सिंह के अलावे दर्जनों चिकित्सक उपस्थित थे।

# समर्थकों के साथ नीतीश यादव ने जदयू का दामन थामा

प्रात : किरण ब्यूरो,मुंगेर

गार्डन बाजार स्थित जनता दल यू कार्यालय में गुरुवार के दिन नीतीश यादव ने अपने पांच दर्जन समर्थकों के साथ जनता दल यू की सदस्यता ग्रहण किया। युवा जदयू के बैनर तले युवा जिला अध्यक्ष विक्की गुप्ता की अध्यक्षता में युवा नेता नीतीश यादव अपने लगभग पचास समर्थकों के साथ जदयू जिला अध्यक्ष नचिकेता मंडल द्वारा सदस्यता ग्रहण किया। युवा नेता नीतीश यादव ने कहा कि हम छात्र मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यो से प्रभावित होकर जदयू की सदस्यता ग्रहण किया है। देश के पिछले 09 वर्षों से भाजपा की सरकार लगातार छात्र और युवाओं को ठगने का काम कर रही है। छात्रों और युवाओं को झूठा सपना दिखा कर सत्ता में आए नरेंद्र मोदी ने शिक्षा और पुस्तकों पर भारी जीएसटी लगाने का काम किया। सर्व शिक्षा अभियान के बजट की कटौती कर शिक्षा परियोजना को भी बुरी तरह से प्रभावित किया है। बिहार को एक भी केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना केंद्र सरकार ने नहीं किया, परंतु प्रधानमंत्री का लगातार जुमले बाजी का बाउंसर जारी रहता हैं। 02 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा करने वाली सरकार जिसे अब तक 18 करोड़ रोजगार देना था। वह 07 लाख 33000 तक ही पहुंचने में हाफने लगी है।

वहीं नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में चल रही समावेशी विकास वाली बिहार सरकार ने मात्र 02 वर्ष में 08 लाख से ज्यादा रोजगार का सृजन कर 20 लाख रोजगार के वादे की ओर तेजी से बढ़ रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। इसलिए हम युवा साथी जदयू की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। प्रमंडलीय प्रभारी मुकेश विद्यार्थी, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मिथिलेश मंडल, अनिल यादव के उपस्थिति में जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल ने युवराज, सोनू कुमार, परितोष कुमार, राघव कुमार, रोबिन कुमार, ऋषभ कुमार, रौनक कुमार, अनिकेत राज, लड्डू यादव, प्रशांत कुमार, साहब, बिट्टू, सूरज, देवराज, नीतीश, अनुराग, इंद्रजीत, कौशल, गोलू, शशांक, अनुराग, विशाल सहित लगभग पचास युवाओं ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

# इंडिया गठबंधन को लेकर पूरी जनता सकारात्मक है:मंत्री

- संकल्प योजना से जमीन विवाद में आएगी कमी, लोगों की होगी भलाई- मंत्री

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। राजद सांसद प्रो. मनोज झा के ठाकुर वाले बयान पर बिहार में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है, कई नेताओं ने इसपर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, तो वही राजद के नेता उनके दिये बयान पर डैमेज कंट्रोल की कोशिश में जुटी हुई है। वही बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व सुधार मंत्री आलोक मेहता अपने एक दिवसीय दौरे पर भागलपुर पहुंचे है। इस दौरान जब इस बात को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मनोज झा ने क्या बयान दिया है मैं नहीं जानता। पर उनके द्वारा कई बातें सिम्बोलिक फॉर्म में बोली जाती है। वही उन्होंने कहा कि यह बातें कही भी उनके द्वारा नहीं कही गयी है, यह बयान पर उसके मतलब क्या थे। मैंने भागलपुर में ही जगदेव जयंती में एक बयान दिया है, उस बात को बतंगड़त बनाने की कोशिश हुई है। मैं इस बात से अवगत होने के साथ उनको जानता हूँ वो कैसे लोग पेंट करके बातों को पेश करते हैं। वहीं इंडिया गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को लेकर पूरी जनता सकारात्मक है। नीतीश कुमार व लालू प्रसाद यादव के साथ गठबंधन के सभी नेता उत्साह के साथ लगे हुए है, इससे कुछ लोगों के पसीने निकल रहे हैं। घबराहट में अनर्गल बयानबाजी भी हो रही है, और बदले की भावना से कार्रवाई भी हो रही है जो अस्वाभाविक नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि संकल्प योजना के तहत एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जितने भी गलत म्यूटेशन हुए है उसे ठीक कर दुरुस्त किया जाएगा और जिसका वास्तविक मालिकाना हक संबंधित मालिक के है उसे दिलाया जाएगा, साथ ही दोषियों पर कार्रवाई भी की जाएगी, साथी उन्होंने कहा कि समय रहते अगर अपने जमीन जायदाद का बंटवारा हो जाता है तो भविष्य में आने वाले वीडियो को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी और आज के समय में जितना जमीन विवाद सामने आ रहा है शायद वह नहीं दिखेगा ये उम्मीद है।

# श्रद्धा के साथ श्रद्धालुओं ने किया अनंत चतुर्दशी की पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर । सदर प्रखंड अंतर्गत भिन्न-भिन्न गांव में श्रद्धालुओं ने सुबह की बेला में गंगा स्नान कर अथवा अपने घरों में ही स्नान कर अनंत चतुर्दशी की पूजा कर अपने बांह पर 14 गांठ वाली धागे को बांधा जिनकी घरों में अनंत चतुर्दशी में पंडित जी के द्वारा पूजा नहीं कराया जाता है वैसे श्रद्धालु दूसरे के घरों में थाली में प्रसाद एवं 14 गांठ वाली धागा सहित पंडित को दान करने के लिए अन्न को लेकर अपनी पूजा संपन्न करने पहुंचे अन्य दान को भी इस पूजा में विशेष महत्व दिया जाता है पंडित ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा करते हुए श्रद्धालुओं के हाथों पर अनंत भगवान के धागे को बांधा पंडित ने अपने कथा वाचन के दौरान बताया कि अनंत चतुर्दशी के व्रत का शास्त्रों में बहुत ही खास महत्व बताया गया है। अनंत चतुर्दशी पर भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा होती है और हाथ में 14 गांठों वाला धागा अनंत बांधा जाता है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती है। अनंत चतुर्दशी की पूजा में कथा का पाठ करने का बहुत ही महत्व माना गया है जो अनंत पूजा नहीं करते हैं उन्हें भी अनंत चतुर्दशी की कथा सुनाई चाहिए कथा सुनने से भी उन्हें सुख और समृद्धि में बढ़ोतरी मिलती है अनंत भगवान के अपमान करने से धन नष्ट हो जाता है अनंत भगवान की पूजा युगों से होती आ रही है। हवेली खड़गपुर (मुंगेर) अनंत चतुर्दशी के मौके पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से नगर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से अनंत पूजा मनाया गया। नगर क्षेत्र के मुरली मनोहर ठाकुरबारी केसरवानी ठाकुरबारी , साहू ठाकुरबारी, राम जानकी मंदिर, पंचमुखी स्थान, काली मंदिर में श्रद्धालुओं ने अनंत पूजा किया ।

# जिले भर की आंगनबाड़ी सेविका सहायिका आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

## आंगनबाड़ी केंद्रों में लटका रहेगा ताला

मुंगेर। शुक्रवार से जिले भर के सभी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर चली जाएगी वही इस संबंध में जानकारी देते हुए बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति मुंगेर जिला सचिव रश्मि कुमारी ने बताई की हम लोग अपनी पांच सूत्री मांग को लेकर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। सभी परियोजना की सेविका अपने-अपने परियोजना में हड़ताल पर डटी रहेगी तथा कार्यालय का किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं करेगी। जब तक सरकार हमारी मांग पूरा नहीं करेगी तब तक हम लोग हड़ताल पर डटे रहेंगे। तथा आंदोलन को धारदार करते हुए और आगे तेज करेंगे।

# प्रखंड व अंचल कार्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर आज होगी बैठक

पूर्णिया/ बड़हरा कोठी । प्रखंड व अंचल कार्यालय परिसर में जलजमाव, साफ सफाई सहित विभिन्न प्रकार की समस्याएं हैं जिससे आमजनों के साथ साथ कार्यालय कर्मियों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में व्याप्त समस्याओं के निदान के लिए बीडीओ कैलाशपति मिश्र द्वारा पहल शुरू कर दिया है। इसी क्रम में समस्याओं के निदान के लिए बीडीओ कैलाशपति मिश्र द्वारा बुधवार को बैठक का आयोजन किया जाना है। जानकारी देते हुए बीडीओ कैलाशपति मिश्र ने बताया कि बड़हरा पंचायत एवं बासुदेवपुर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों सहित सामाजिक कार्यकताओं, गण्यमानो एवं व्यवसायियों को बैठक में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में कार्यालय परिसर में व्याप्त समस्याओं का निदान एवं परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक विचार विमर्श किया जाएगा।

# अधिकारियों के जांच के बाद भी विद्यालय में मध्याह्न भोजन संबंधी समस्याओं का नहीं हो रहा है समाधान

- जनप्रतिनिधियों ने समस्या के समाधान को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया/ बड़हरा कोठी । सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में सुधार के लिए कई प्रयत्न किए जा रहे हैं लेकिन कही संसाधनों का अभाव तो कही प्रधानाध्यापक की लापरवाही से विद्यालयों के शिक्षण एवं अन्य व्यवस्था में सुधार नही हो पा रहा है। ताजा मामला मध्य विद्यालय नाथपुर रंगरा का है जहां मध्याह्न भोजन एवं शिक्षण व्यवस्था से आहत दर्जनों छात्र छात्रा कुछ अभिभावकों के साथ 23 सितंबर को बीआरसी एवं प्रखंड कार्यालय पहुंच कर बीडीओ को विद्यालय के अव्यवस्था की शिकायत कर चुके हैं। छात्रों के शिकायत पर बीडीओ के निदेर्शानुसार जांच चल रहा है। लेकिन शिकायत के बाद भी विद्यालय की व्यवस्था में कोई सुधार नही होता देख और प्रधानाध्यापिका के व्यवहार से तंग विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव एवं ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंच से अनुशंसित संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी बड़हरा कोठी को समर्पित कर उचित करवाई का गुहार लगाया है। इस संबंध में बीडीओ कैलाशपति मिश्र ने बताया कि आवेदन को जांच के लिए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को अग्रसारित कर प्रतिवेदन का मांग किया गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर अग्रेत्तर करवाई किया जाएगा। बीडीओ को सौंपे आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि विद्यालय मध्याह्न भोजन मीनू के अनुसार नही बनता है। शुक्रवार को अंडा या फल के बदले दो रुपया का बिस्कुट दिया जाता है। विद्यालय के कार्यरत शिक्षक समय पर ना ही विद्यालय आते हैं और ना ही समय से जाते हैं। विद्यालय में विद्यालय विकास राशि सही ढंग से खर्च नही किया जाता है तथा विद्यालय में पठन पाठन नही होता है। समर्पित आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में व्याप्त समस्या को ध्यान में रखकर जब हम अभिभावकगण प्रधानाध्यापिका से मिलने विद्यालय पहुंचे तो प्रधानाध्यापिका बोली कि जहां जाना हो जाओ हम सब निपट लेंगे। मेरा पति पुलिस विभाग में है। अधिक शिकाय करोगे तो हरिजन एक्ट लगाकर तुम लोगों को जेल भी भेजवा सकती हूं। चमारों से बदतर गंगोता हो जो दुबारा भोजन मांगते हो। ग्रामीणों ने बताया कि जब हमलोगों ने मुखिया से शिकायत किया और मुखिया जी विद्यालय पहुंची तो उसे भी बुरा भला कहा गया। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया है कि विद्यालय का भवन जर्जर है जिसका मरम्मत नही किया जा रहा है। ऐसे में बच्चों के ऊपर छत गिरने का डर सताता रहता है। विद्यालय में मात्र दो कमरे हैं एक मे कार्यालय है तथा दूसरे कमरे में शिक्षक बैठ गपशप करते रहते हैं। कमरों के अलावा विद्यालय में बच्चों के ना तो शौचालय है और ना ही पानी पीने का बर्तन। ऐसे में कोई अभिभावक कैसे अपने बच्चे को विद्यालय भेजेगा। आवेदन में अभिभावकों ने बताया है कि एक दिन छत का टुकड़ा गिरने से एक बच्चा का सर फट गया था लेकिन प्रधानाध्यापिका द्वारा कोई हस्तक्षेप नही किया गया।अभिभावक द्वारा जब कहा गया तो प्रधानाध्यापिका ने कहा कि हम अपने बाप के घर से मरम्मत करेंगे क्या। समर्पित आवेदन में ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापिका को हटा कर दूसरे प्रधानाध्यापक को नियुक्त करने का गुहार भी लगाया है। वही इस संबंध में पूछे जाने पर प्रधानाध्यापिका रीता कुमारी बताया कि आरोप के संबंध में मैं क्या बताऊं। मैं नियमानुसार विद्यालय का संचालन कर रही हूं। आज भी मध्या भोजन प्रभारी द्वारा मध्या भोजन का जांच किया गया है। आज भी 50 बच्चे उपस्थित हैं। विद्यालय में शिक्षकों का अभाव है। एक शिक्षक वर्षों से डिप्टेशन में है। एक शिक्षक ट्रेनिंग में गया है तथा एक शिक्षिका छुट्टी पर है। मैं दो शिक्षिका ही विद्यालय में हूं। मैं किसी को सीएल लेने से नही रोक सकती हूं। सीएल लेकर छुट्टी पर जाने वाली शिक्षिका मार्च से मातृत्व अवकाश पर थी जो पुनः 8 सितंबर को योगदान की है।

# फिजियोथैरेपी निःशुल्क वीमेन अवेयरनेस प्रोग्राम होगा आयोजन:ला. अभिषेक

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। जिले में पहला एक ऐसा कोई कार्यक्रम सिर्फ महिलाओं के लिए होने जा रहा है, जिसमे वीमेन हेल्थ फिजियोथेरेपिस्ट से आम महिलाओं का सीधा संवाद होने जा रहा है, जो सिर्फ महिलायों के लिए महिला डॉ. फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा किया जाना है, जिसमे महिलाएं खुल कर आपने वक्तिगत तौर से शारीरिक एवं मानिसक परेशानियों के बारे में खुल कर बात कर पाएंगीं। इस कार्यक्रम के आयोजन में लायंस क्लब ऑफ भागलपुर प्राइम एवं मणिपाल फिजियोथैरेपी एंड फिटनेस सेंटर आदमपुर भागलपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 29 सितंबर 2023 को खंजरपुर चौक स्थित स्थानीय होटल के सभागार में संध्या 4:00 बजे से 6:00 बजे तक होगा। इस कार्यक्रम में पुणे से आने वाले वोमेन्स हेल्थ विशेषज्ञ डॉ. ऋषिका और डॉ. ऋचा द्वारा पहले विस्तृत रूप से व्याख्यान दी जायेगी, वही इस दौरान महिलायें अपनी समस्याओं को रख पाएंगी। कार्यक्रम के माध्यम से चिकित्सक द्वारा महिलाओं से जुड़ी समस्याओं को उसकी फिजियोथैरेपी चिकित्सा टीम उपचार विधी को भी साझा करेंगी। वही कार्यक्रम के क्रम में मुख्य रूप से गर्भावस्था के समय या उसके होनेवाली परेशानी,पेट के मांसपेशियों का कमजोर होना, मोटापा, कोई आपरेशन होने के बाद वाली तकलीफ, कमर दर्द, गर्दन दर्द, एड़ी में दर्द, खाँसने व छीकने, जोर से हँसने पर मल या मूत्र का बाहर आना, अनियमति मासिक धर्म, मानसिक तनाव एवं चिड़चिड़ापन, ऑर्गन प्रोलैप्स (गर्भाशय, मूत्राशय, मलाशय या योनी), गर्भाशय संबंधी बहुत सारी समस्याएं, मासिक धर्म बंद (मेनोपॉज) होने के बाद की समस्याएं, हड्डी या मासपेशियों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सूजन आना, बोदापन व झुनझुनी इत्यादि का इलाज परामर्श के साथ उपचार किया जायेगा। ज्यादातर महिलाएं यह मान कर चलती हैं कि यह रोग लाइलाज है, और जिसका इलाज संभव नहीं है। वैसी ही समस्या के निवारण हेतू महिला काफी हद तक व्यतिगत होने के कारण किसी से इस बात के लिए सलाह मशवरा भी नहीं कर पाती है। ऐसे संबंधित रोग से ग्रसित महिलाओं के लिए यह पहला और सुनहरा अवसर मिला रहा है। इस दौरान उन्होंने आम जनता से अपील की है कि इस कार्यक्रम में स्वतः भाग ले और इस रोग से पीड़ित अपने परिजनों के साथ मिलकर इस अवसर से लाभान्वित हो, वही इस सेमिनार के बाद आप में किन्ही को कोई विशेष थेरेपी की जरूरत हो तो आगामी 1 अक्टूबर को आदमपुर चौक स्थित मणिपाल फिजियोथेरेपी एवं फिटनेस सेन्टर में डॉ. ऋषिका एवं डॉ. ऋचा से पुनः मिलकर इलाज परामर्श लें सकते है, और अपनी बीमारी का उपचार फिजियोथेरेपी पद्धत्ति से सिख सकते है। उसके लिए अपना पंजीयन पहले करना होगा जो बिल्कुल निःशुल्क है। उक्त आशय की जानकारी लायंस क्लब ऑफ भागलपुर प्राइम के सचिव ला. अभिषेक डोकनियाँ सह सचिव ला. अम्बिका शेखर, एडमिनिस्ट्रेटर लायन सुमित जैन द्वारा प्रेसवार्ता कर विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान कार्यक्रम के संजोजक ला. डॉ. प्रणव कुमार एवं ला. शिखा डोकनियाँ सहित आदि ला. सदस्य उपस्थित थे।

# समारोह आयोजित कर मनायी गयी बिहार सरकार के पूर्व मंत्री की दूसरी पुण्यतिथि

## पूर्व मंत्री के कार्यकाल में हुए विभिन्न विकासात्मक कार्यों को किया गया रेखांकित

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । बिहार के पूर्व मंत्री रहे मरहूम खालिद रशीद सव की द्वितीय पुण्यतिथि उनके निवास स्थान नूर मंजिल में मनाई गई। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता गौतम वर्मा ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष जवाहर यादव ने उनके कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा की खालिद साहब नगर पालिका को 25 लाख रुपया देने का काम किया था। इससे मधुबनी बाजार का मार्केट का निर्माण हुआ था। विकास के प्रति उनकी बेचैनी थी। सामाजिक कार्यकर्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप कुमार दीपक ने उन्हें एक सिद्धांत वादी नेता करार देते हुए बताया की मंत्री पद पर रहते हुए जो इमानदारी उन्होंने दिखाया वह अनुकरणीय है। मौके पर वरिष्ठ नेता रंजन सिंह ने कहा कि वह एक नेक दिल इंसान थे और हमेशा लोगों की मदद के लिए खड़े रहते थे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता आलोक यादव ने कहा की आम लोगों की तरह रहना और लोगों के लिए समर्पित भाव से कम करना आदत बनी हुई थी। वरिष्ठ नेता मोहम्मद इस्लामुद्दीन ने व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा की बेबाकी से अपनी आवाज को बुलंद करने का काम करते थे। आदित्य कुमार ने कहा की किसी भी दल का कार्यकर्ता हो उसको सम्मान देते थे और उत्सवर्धन करते थे। मौके पर युवा नेता जयवर्धन सिंह ने कहा कि उनके जीवन से सीख लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मोहम्मद विक्टर, रविंद्र सिंह ने उनके जीवन से सीख लेने और बड़े पैमाने पर कार्यक्रम करने पर जोड़ दिया। धन्यवाद देते हुए उनके सुपुत्र परवेज अंजुम ने बताया की वह एक पत्रकार भी थे और उर्दू दैनिक साथी के संपादक के रूप में अपनी भूमिका अदा की थी। वे तीन बार बिहार के मंत्रिमंडल में मंत्री रहे। इस मौके पर आदित्य कुमार, मोहम्मद अलीमुद्दीन, मोहम्मद विक्टर, अखिलेश कुमार, मोहम्मद दाऊद, मोहम्मद नूर आलम, विजेंद्र प्रसाद सिंह, रविंद्र सिंह आदि के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रालोजद के समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

अरवल। राष्ट्रीय लोक जनता दल के जिला कार्यालय अरवल में जिला अध्यक्ष रविंद्र राम के अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी एवं पार्टी के सभी प्रकोष्ठों की बैठक आयोजित किया गया, बैठक का मुख्य एजेंडा अगामी 10 अक्टूबर 2023 को अरवल जिले मे कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के पूर्व मंत्री उपेंद्र कुशवाहा को आगमन पर स्वागत समान समारोह को सफल बनाने हेतु कार्यकताओं ने अपना अपना सहयोगिता निभाना हेतु संकल्पित हुए, बैठक के पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव एवं पप्पू वर्मा कामता प्रसाद सुदर्शन प्रसाद नागेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कमांडिंग ऑफिसर एमके शुक्ला ने नए भवन का किया उद्घाटन

गया। अनुग्रह पूरी कॉलोनी स्थित 6 बिहार बटालियन एनसीसी के नए भवन का उद्घाटन वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ कमांडिंग आफिसर कर्नल एमके शुक्ला ने किया। 6 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल एमके शुक्ला ने अधिकारियों के साथ नए भवन का जायजा भी लिया और भवन के उद्घाटन पर खुशी भी जाहिर की इस अवसर पर एनसीसी सूबेदार मेजर अमलेन्दु मंडल, सूबेदार संजय शुक्ला सूबेदार प्रमोद सूबेदार सुंदर सिंह रहे।

### हम के राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता की जिम्मेदारी, डॉ तारा श्वेता को किया गया मनोनीत

पटना। डॉ० तारा श्वेता ने एक फिर पार्टी बदलकर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर में शामिल हो गई, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने पार्टी के सदस्यता डिलाकर राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता मनोनीत किया गया और रोहित कुमार को प्रदेश महासचिव से हटकर राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता मनोनीत किया गया यह दोनों ने राष्ट्रीय में जगह मिलने पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश कुमार पांडेय पर आभार प्रकट किये हैं और विश्वास दिलाए हैं कि पार्टी की आवाज जन जन तक पहुंचाएंगे।

### भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो कारोबार गिरफ्तार

अरवल । पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग139से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कासिम ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई की राष्ट्रीय राजमार्ग 139 के रास्ते छोटे वाहनों से भारी मात्रा में शराब ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। युक्त टीम के द्वारा उमेराबाद स्थित सहार मोड के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया जांच के दौरान एक इंडिगो कर जिसका नंबर इफ01अर3897 एवं एक मारुति सुजूकी कार जिसका नंबर इफ01अर6505 को पुलिस के द्वारा रोका गया तभी पुलिस के देखते ही दोनोंवाहनोंकेचालक एवं उपचालक गाड़ी खड़ी कर भागने लगे जिसे सशस्त्र बल के द्वारा पीछा किया गया तथा इंडिगो कार के चालक अविनाश कुमार एवं उपचालक धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया वही मारुति सुजूकी वाहन के चालक एवं उपचालक गांव के संकीर्ण गलियों को फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा।

### परासी थाने के पुलिस ने आरोपी के घर किया कुर्की जप्ती

अरवल। न्यायालय के आदेशानुसार परासी थाना क्षेत्र के सकरी खुर्द गांव में फरार अभियुक्त के घर गुरुवार को कुर्की जप्ती की कार्रवाई की गई। परासी थाना अध्यक्ष दुगार्नंद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल सकरी गांव पहुंचकर अभियुक्त के घर का सामान ट्रैक्टर पर लोड कर थाना ले गई।इस संबंध में बताया जा रहा है की परासी थाना कांड संख्या 84/22 एवं 27/22 के अंतर्गत उत्पाद अधिनियम 2018 के प्राथमिक नामजद अभियुक्त संतोष शर्मा पिता महेंद्र शर्मा के घर पुलिस द्वारा बीते दिन विधिवत्त ढोल नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाए गया था इसके बावजूद अभी तक अभियुक्त कई महीनो से फरार चल रहा है। उस पर परासी थाना में शराब तस्करी के कई मामले दर्ज हैं।इश्तिहार चिपकाने के बाद भी वह न्यायालय में नहीं उपस्थित हो पाया जिसके कारण उनके घर कुर्की जप्ती की कार्रवाई की गई।

# पितृपक्ष मेला की तैयारी हुई पूरी : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

गया पितृपक्ष मेला गुरुवार से शुरू होगा स्तर पर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है गया जी विद्रोह के कर्मकांड करने के लिए पूरी तरह से तैयार है गया जी को 55 द्विवेदियों को सूचित किया गया है। जहां पर पिंडदानी अपने पितरों का कर्मकांड करेंगे इसके साथ ही विष्णुपुद क्षेत्र के देवघाट गजानन घाट पर विशाल पंडाल का भी निर्माण कराया गया जहां एक साथ बैठकर 30000 पिंदानी कर्मकांड करेंगे वहीं इसी स्थल पर गया जी टाइम है जहां पिंडरानी अपने पूर्वजों को जलांजलि देगे। गयाजी दम से सीताकुंड जाने के लिए सीता पद के दीवार पर माता-पिता और पिंडदान से जुड़े कई यादों को मिथिला पेंटिंग के जरिए प्रदर्शित की गई है जहां निदानी चित्र के माध्यम से कर्मकांड के बारे में अधिक जानकारी हासिल करेंगे

इस संबंध में जिलाधिकारी ने मीडिया को बताया कि प्रत्यक्ष मेला की तैयारी पूर्ण कर ली गई है हर तरह के मुकम्मल व्यवस्था मिलेगी इसमें स्वास्थ्य सुरक्षा सफाई तेजल शौचालय से अनसुविधाए शामिल है। इस बार पिछले साल से ज्यादा टेंट सिटी में रहने का इंतजाम कराया गया है।

टेंट में निशुल्क रहेगी व्यवस्था गया जिलाधिकारी एस त्यागराजन ने ने बताया कि गांधी मैदान में टेंट सिटी का निर्माण पूरी तरह से हो गया है इसमें 2500 पिंदानी के ठहरने की व्यवस्था की गई है इसके साथ ही चिकित्सा सुरक्षा एवं पीने के लिए गंगाजल का पानी एवं शुद्ध भोजन स्नान कर शौचालय एवं मनोरंजन की भी सुविधा मंगिया कराई गई।

**गया जी हर चप्पे-चप्पे से लेकर आसमान तक सुरक्षा की रहेगी व्यवस्था:** गया के पुलिस प्रशासन इस बार भी गया के हर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था कर ली है जिससे साथियों पर नजर रखी जा सकी गया रेलवे स्टेशन से लेकर विष्णु पर एवं शहर के चौक चुनाव पर सुरक्षा की पूरी व्यवस्था पुलिस प्रशासन के द्वारा कर दी गई है विष्णुपद मंदिर क्षेत्र में वॉच टावर सीसीटीवी कैमरा ड्रोन की व्यवस्था की गई है ड्रोन के जरिए आसमान से उच्च को कभी निगरानी रखा जा रहा है इसके साथ ही पितृपक्ष मेला में घुड़सवार को भी मंगाया गया है,

गया जी में सड़कों को चकाचक कर दिया गया है लेकिन एक सड़क जो रामशीला से दुखहरणी मंदिर से चोक तक की सड़क को छोड़कर सभी सड़के चकाचक हो गई है विष्णु बैंड मेरे को जोड़ने वाले सड़कों को चकाचक किया गया है संवाद सदन समिति के बगल में बड़ा पंडाल का भी निर्माण कराया गया है जहां गुरुवार को प्रत्येक पश्चिम इलाका उद्घाटन किया जाएगा इस अवसर पर बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री सहित गया सांसद एवं नगर विधायक आयुक्त डीएम एसपी नगर आयुक्त शामिल रहेंगे।

नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने बताया कि पूरे गया को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए हर तरह से नगर निगम पूर्ण व्यवस्था कर दी गई है नगर निगम की ओर से विष्णु पद मिला क्षेत्र में तीन पाली में सफाई की व्यवस्था की है ताकि मेला क्षेत्र की स्वच्छ और सुंदर रखा जा सके इस पर निगरानी रखने के लिए भी लगातार निरीक्षण किया जा रहा है नगर आयुक्त के टीम के द्वारा।

# आयुक्त ने किया हाई मास्क लाईट का उद्घघाटन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। नगर निगम ने पितृपक्ष मेला क्षेत्र को इस वर्ष आकर्षक पॉल माउंटेड एलइडी लाइट और तिरंगा लाइट से आकर्षक बनाया गया है. इससे मेला क्षेत्र का आकर्षण बढ़ गया है. नगर निगम के द्वारा इस बार इस तरह की लाइट की व्यवस्था पहली बार की गई है. वही बुधवार की शाम नगर निगम के मेयर वीरेंद्र पासवान उर्फ गणेश पासवान, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य सह पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने विष्णुपद मंदिर परिसर स्थित हाई मास्क, सीतापथ पर लगाए गए पोल माउंटेड एलइडी लाइट और तिरंगा लाइट का उद्घाटन किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने निगम के कर्यो काफी सराहना की है। मेयर ने कहा कि निगम के द्वारा पहली बार सीता पथ पर आकर्षण लाइट लगाई गई है। इसके अलावा पूरे मेला क्षेत्र में दस हाई मास्क के रोशनी से जगमग किया गया है। उम्मीद है कि इसबार पितृपक्ष मेला में बाहर आए तीर्थयात्रियों काफी सुखद अनुभूति लेकर वापस लौटेंगे

स्टैंडिंग कमेटी सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार पितृपक्ष में मेला क्षेत्र को काफी आकर्षक बनाया गया है। मेला क्षेत्र सहित कई प्रमुख स्थानों पर 20 जगहों पर हाई मास्क लगाए गए हैं। इसके अलावा पहली बार सीतापथ में पॉल माउंटेड एलइडी लाइटिंग से मेला क्षेत्र को सजा दिया गया है। साथ तिरंगा लाइट से आकर्षित बनाया गया है। जिसका उद्घाटन आज किया गया है इस तरह का लाइट लगाई जाने से पूरे क्षेत्र की रौनक बढ़ गई है।

इस मौके पर पार्षद दीपक चन्द्रवंशी, डिम्पल कुमार, रणधीर कुमार गौतम, मो. हसनैन अली, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

# गाजे-बाजे के साथ गणपति बप्पा को दी गई भावभीनी विदाई, गूंजे जयकारें

प्रात : किरण संवाददाता

गया।गणपति बप्पा मोरया,अगले बरस तू जल्दी आना..... के जयघोष के साथ अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शहर में गणेश प्रतिमाओं का श्रद्धा पूर्वक विसर्जन किया गया। आजाद पार्क से फूलों से सजे वाहन पर रिद्धि-सिद्धि और बुद्धि-विवेक के देवता भगवान विघ्नहर्ता की प्रतिमा के साथ राधा-कृष्ण की अद्भुत झांकी और गुलाल उड़ाते भक्तों की अलौकिक वातावरण दिखाई दिया। बैंड- बाजे एवं ढोल- मजीरा के साथ भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए श्रद्धालु जय घोष कर रहे थे।इस दौरान महिलाओं का उत्साह चरम पर था। शहर के कई स्थानों पर गणपति बप्पा की आरती की गई। विसर्जन यात्रा आजाद पार्क से निकलकर टिकारी रोड, पुरानी गोदाम, केपी रोड, जीबी रोड, कोयरीबाड़ी, नादरागंज, नवागढी, रामसागर तालाब,चांद चौरा,मंगला गौरी, माडनपुर होते हुए रुक्मिणी तालाव पहुंची, जहां भक्त जनों ने पूरे भक्ति भाव के साथ आरती कर बप्पा को जल में विसर्जित कर पूरी पावनता के साथ विघ्न विनायक को अलौकिक विदाई दी। 19 सितंबर से 27 सितंबर तक पूरे 9 दिनों तक गणपति बप्पा की भक्ति भाव और विधि विधान के साथ दुग्धाभिषेक, दुर्वाभिषेक, लावाभिषेक कर पूजा अर्चना की गई। प्रतिदिन 100 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। बुधवार को हवन- पूजन के साथ 56 प्रकार के मिठाइयां और व्यंजनों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच भंडारें का प्रसाद वितरण किया गया। अंतिम दिन बप्पा के दर्शन करने के लिए गयावासियों की अपार भीड़ उमड़ी। समिति से जुड़े सदस्यों ने गणपति बप्पा से खुशहाली की मंगल कामना की। इस मौके पर पूर्व मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार अपने धर्मपत्नी प्रभादेवी के साथ भगवान गणेश के दर्शन करने पंडाल पहुंचें तो वही गया नगर निगम के आयुक्त अभिलाषा शर्मा अपने परिवार के साथ दर्शन किया।

विसर्जन यात्रा में श्री रामचरितमानस नवाहन पारायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष शिव कैलाश डालमिया, विनोद जसपुरिया,विजय शर्मा, अनिल स्वामी, ओम प्रकाश सिंह, वीरेंद्र कुमार, प्रताप सिंह, सुनील पोद्दार, प्राण मित्तल, विपेंद्र अग्रवाल,धर्मेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में सदस्य गण और शहरवासी उपस्थित थे।

# डीपीएस स्कूल के दो खिलाड़ी हैंडबॉल में हुए चयन, लोग ने दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ अरवल जिले के तत्वाधान में दिल्ली पब्लिक स्कूल से दो खिलाड़ियों हुए चयन , जिसका नाम सृष्टि कुमारी, आस्था कुमारी, वही संघ के सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि बिहार हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में आरा जिले के महाराजा कॉलेज में 37वीं नेशनल गेम जो गोवा में होने वाली है उसमें पूरे बिहार की बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे, दोनों खिलाड़ियों को दिल्ली पब्लिक स्कूल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, इस मौके पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हमारे जिले से खिलाड़ी हर एक खेल में जा रहे हैं और पढ़ाई के क्षेत्र में भी अपना नाम रोशन कर रहे हैं मैं उन खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं अरवल जिला का मान सम्मान बढ़ाया और अपने बिहार राज्य और देश मे अपनी कीर्तिमान रची है, हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ अरवल जिला अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने खिलाड़ियों को वं कोच को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अरवल जिला का मान सम्मान पूरे बिहार पूरे देश में स्थापित हो रहा है अरवल जिले के खिलाड़ी कर रहे हैं मैं उनको जितनी बधाई दूंगा उतना ही मेरे लिए कम होगा जो लोग अरवल जिला के नक्सली के क्षेत्र से नाम से जाना जाता था वह आज की दौर में अरवल जिले के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जिले का मान सम्मान बढ़ाया है।

# संगीत सभा में रागों से विभिन्न भाव की अभिव्यक्ति

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। लीजेंड बक्शी कुलदीप नारायण सिन्हा मेमोरियल कल्चरल सोसायटी के तत्वाधान में स्थानीय महाजन टोली स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में संगीत सभा आयोजन हुआ। जिले के वरिष्ठ शास्त्रीय गायक उस्ताद निजामुद्दीन खां साहब ने दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर खां साहब ने कहा कि संगीत में जोड़ने और जुड़ने की संस्कृति है। सद्भाव से ओतप्रोत भारतीय संगीत पूरे विश्व में अद्वितीय है। सामवेद पर आधारित यह संगीत प्राकृतिक है जिनके स्वरों की अनुगूंज समय प्रहर और मौसम को प्रभावित करती है। कार्यक्रम में युवा गायक उस्ताद निजामुद्दीन खां ने राग - बागेश्री में बड़ा ख्याल "बहुगुण काम ना आवे सजनी " छोटा ख्याल " कवन करत तोरी विनती पियरवा " राग मेघ में घन गरजत बरसन को आयो" भजन व ठुमरी प्रस्तुत कर समां बांधा। खां साहब ने स्वरों से विभिन्न भावों को प्रस्तुत किया। हारमोनियम पर सुमित सोनी, तानपुरे पर संचिता व तबले पर सूरज कान्त पाण्डेय ने संगत से रंग भरा। मंच संचालन आदित्या श्रीवास्तव व धन्यवाद ज्ञापन गुरु बक्शी विकास ने किया। इस अवसर पर संरक्षक सुशील कुमार 'देहाती', प्रोफेसर विश्वनाथ राय, तबला वादक देवेश दुबे, श्रेया पाण्डेय समेत समेत कई संगीत रसिक उपस्थित थे।

# नया भारत सशक्त भारत फोटो प्रदर्शनी का समारोह पूर्वक समापन

## भारत सरकार के मंच पर स्थानीय बच्चों ने दिखाया अपना दम पुरस्कार से हुए सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

डुमरांव (बक्सर)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), पटना द्वारा बक्सर के डुमरांव स्थित राजगढ़ में ह्यनया भारत सशक्त भारतह्ल विषय पर आयोजित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आज समारोह पूर्वक समापन। केंद्रीय संचार ब्यूरो की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में आज स्थानीय लोगों की उमड़ी भीड़। कार्यक्रमों का किया गया आयोजन।मौके पर सीबीसी,पटना के सहयक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सर्वजीत सिंह,कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अनिरुद्ध कुमार और मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुमित गुप्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सर्वजीत सिंह ने कहा कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आज अंतिम दिन है।फोटो प्रदर्शनी के मध्यम से डुमरांव की जनता को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया।तीन दिनों तक कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कल हुए चित्रांकन प्रतियोगिता में बच्चों ने काफी अच्छी चित्रकारी की जिसके लिए उन्हें आज पुरस्कृत किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा की स्वच्छता ही सेवा के तहत कार्यक्रमों के आयोजन में जन भागीदारी जरूरी है।प्रदर्शनी में नया भारत की परिकल्पना को समाहित किया गया।जिसे स्थानीय लोगों ने काफी सराहा।कई स्कूली बच्चों ने चित्रांकन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था उनमें से सफल प्रतिभागियो मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।आज मुख्य मंच से स्थानीय बच्चों ने गीत-संगीत और कला में अपनी प्रतिभा दिखाई।

डुमरा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने लोगों से अपील की कि वे स्वच्छ भारत अभियान का हिस्सा बने और डुमरांव को स्वच्छ बनाने में एक दूसरे की सहायता करें। जन भागीदारी से ही किसी भी लक्ष्य को पाया जा सकता है।इस लिए हमें प्रयास करना होगा।उन्होंने कहा की यहां के बच्चे काफी प्रतिभावान है,जिसकी छवि चित्रांकन प्रतियोगिता की चित्रकारी में दिखाई पड़ती है। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि,सुमित कुमार गुप्ता ने कहा की केंद्रीय संचार ब्यूरो की ये प्रदर्शनी काफी उपयोगी है। कार्यक्रम से सभी वर्ग के लोगों को जनउपयोगी सूचना प्राप्त होगी। स्वच्छता ही सेवा के तहत राजगढ़ में केंद्रीय संचार ब्यूरो और नगर परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सफाई अभियान चलाया गया।जिसका नेतृत्व कार्यपालक पदाधिकारी,डुमरांव अनिरुद्ध कुमार ने स्वयं किया।जिसमे सफाई अभियान चला कर मुख्य सड़क की सफाई की गई।

# नीतीश सरकार ने रचा इतिहास: कुमार गौरव

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया गदाधर धामीपंडा समिति द्वारा ब्रह्मकुंड, प्रेतशिला, रामकुंड, रामशिला, कागवली पंच वेदी मोक्षधाम में आयोजित पितृपक्ष मेला महासंगम का उद्घाट्न पूर्व मंत्री सह भाजपा के गया विधायक प्रेम कुमार और युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने संयुक्तरुप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया है।

इस मौके पर मेला को संबोधित करते हुए विधायक प्रेम कुमार ने कहा इस बार भी पितृपक्ष मेला को लेकर बेहतर व्यवस्था की गई है। मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि इस तरह की व्यवस्था आगे भी कायम रखें और जो अधूरी चीजें छूटी हैं उसको भी पूरा कराया जाए। वहीं युवा जदयू के गया जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया के दृश्य को ही बदलकर रख दिया है। जिस गया में लोग पानी के लिए तरसते थे उस गया में गंगाजल को पहुंचाकर गया में पेयजल की समस्या को दूर तो किया ही ऊपर से गंगाजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अलावे मोक्षदायिनी गया की धरती पर गंगाजल को लाकर मुख्यमंत्री ने भगीरथ की भूमिका निभायी है। पितृपक्ष मेला गया का विहंगम दृश्य सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इतना विश्वास है कि गया की धरती पर पितृपक्ष मेला में आने वाले पिंडदानियों को जो नीतीश सरकार ने सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं उसकी देश-दुनिया में प्रशंसा होगा। जबकि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवा पांडे ने कि और उन्होंने कहा कि हमलोगों के लिए यह गौरव का पल है कि सूबे के मुखिया गया के विकास पर लगातार ध्यान बनाए हुए हैं।

इस मौके पर शिवा पांडे जी, लाल पांडे , सत्येंद्र पांडे , भोलू पांडे , जय पांडे , देव पांडे , कृष्णा पांडे , प्रदेश महासचिव राजद विनय कुशवाहा, समाज से भी अंकुश बग्गा,नरेश पांडे , धीरज रौनीयार समाज सेवी,कोरमा पंचायत के मुखिया प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

# विधि-विधान पूर्वक की गई भगवान अनन्त की पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

गडहनी।( भोजपुर)नगर पंचायत स्थित शिव मंदिर पुरानी बाजार एवं पथार गाँव स्थित मिश्रनाथ महादेव मंदिर के प्रांगण मे गुरूवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सामुहिक रूप से क्षीरसागर मे शेषशैया पर विराजमान भगवान अनंत की पूजा अर्चना विधि विधान के अनुसार वैद्विक मंत्रोचार के साथ की गई।अनंत पूजा के दौरान सैकड़ों भक्तों ने अनंत भगवान की पूजा अर्चना के साथ कथा श्रवण किया।कथा के दौरान पण्डित अभिमन्यु मिश्र सविता नन्द मिश्र एवं अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने भगवान नारायण के स्वरूपों को विस्तार पूर्वक बताया कि भगवान विष्णु के अनन्त रूप की पूजा अर्चना भाद्रपद मास के चतुर्दशी तिथि को मध्याह्न काल मे व्रतोपवास रखकर की जाती है।अनंत पूजा करने से धन के साथ साथ मोक्ष की भी प्राप्ति होती है।कथा समाप्ति के पश्चात व्रतधारी श्रद्धालुओ द्वारा समुद्र मंथन कर 14 गांठ के धागो से बनी अनन्त को पुरुष दाहिने एवं महिलाएं बांए हाथ में बांधकर सुख समृद्धि की कामना की तत्पश्चात हवनादि से निवृत्त हो आरती वंदना की गई।पण्डित जी ने कहा कि अनंत चतुर्दशी को लेकर गौ माता की पूजा करना, झूठ नहीं बोलना, अतिथि को सत्कार करना एवं पुरोहित को दान करना फलदायक होता है।इस दौरान व्रतधारी श्रद्धालुओ ने भक्तिमय माहौल के बीच भगवान अनन्त के जयकारे लगाते रहे।इस अवसर पर अभिषेक कुमार मिश्र, अभिनव कुमार मिश्र, कुमार गौरव, रितेश कुमार मिश्र, दिवाकर मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, आलोक, छोटी, निकिता, निधि, शाम्भवी, सुरभि अंश कुमार आयुष कुमार सहित सैकडों श्रद्धालु भक्तों ने भगवान नारायण की पूजा अर्चना की।

# आरवाईए ने राष्ट्रनायक शहीद -ए -आजम भगत सिंह की 116 वीं जयंती पर निकाला युवा संकल्प मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहीद -ए -आजम भगत सिंह की 116 वी जयंती के अवसर पर बड़ी संख्या में नौजवानों का जत्था झंडा, बैनर और पोस्टर से लैस होकर जुलूस निकाला। इस जुलूस में शहीद-ए -आजम भगत सिंह की क्रांतिकारी विरासत जिंदाबाद, भगत तेरा मिशन अधूरा हम सब मिलकर करेंगे पूरा ,शहीदों के सपनों को नीलाम करने वालो खबरदार देश का यूवा है तैयार, नफरत का कारोबार बंद करो- रोजगार का प्रबंध करो, रोजी दो-रोजगार दो नहीं तो गद्दी छोड़ दो, देश के छात्र-युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करो, मुद्दा मत भटकाओ - रोजगार कहा है ये बतलाओ,रोजगार पर श्वेत पत्र लाना होगा, रेल बैंक व कल-कारखानों को बेचना बन्द करो, देश की संपदा को देशी-विदेशी पूंजीपतियों के हाथों बेचना बंद करो जैसे गगन भेदी नारे लगा रहे थे। यह जुलूस वीर कुँवर सिंह विश्विद्यालय से निकल कर कतीरा, स्टेशन, नवादा चौक होते हुए कर्मन टोल भगत सिंह मूर्ति के पास पहुंचा। जहां विभिन्न नेताओं द्वारा माल्यार्पण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन,आइसा राज्य सचिव सबीर कुमार,जिला सचिव पप्पू कुमार,जिला अध्यक्ष निरंजन केशरी,संजय साजन,हरिनारायण, अखिलेश कुमार,राजू राम,बिकाश कुमार,सुशील यादव,कमलेश यादव,हरेन्द्र यादव,सोनू,अभय कुशवाहा,पंकज कुशवाहा,अभय सिंह,हरिभजन बिंद,शियाकान्त,रौशन कुशवाहा,शामिल थे।

भाकपा माले की ओर से भगत सिंह के जन्मदिन दिवस पर समारोह आयोजित किया गया! इस दौरान नाट्य इकाई युवानीति के द्वारा जनवादी गीतों प्रस्तुति किया गया।उसके बाद भगत सिंह पर माल्यार्पण किया गया जिसमें मुख्य रूप से पोलित ब्यूरो सदस्य व पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य जी,केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव,राज्य कमेटी सदस्य तरारी विधायक सुदामा प्रसाद,क्यामुद्दीन अंसारी,सुधीर कुमार सिंह,आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम,दीना जी,बालमुकुंद चौधरी,जसम के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार,प्रोफेसर सुधीर सुमन,संत बिलास राम,हरिनाथ राम,हरेन्द्र यादव युवानीति के साथी राजू राजन,धनंजय सिंह,सूर्य प्रकाश,अंशु राजा,अमित मेहता,रवि कुमार शामिल थे! कार्यक्रम का संचालन नगर कमेटी सदस्य बब्लू गुप्ता ने किया! इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड स्वदेश भट्टाचार्य के ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। भगत सिंह ने पूंजीवाद ओर साम्राज्यवाद को मानव जाति का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। वह हर प्रकार के शोषण के खिलाफ थे। भगत सिंह एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करना चाहते थे जहा मनुष्य द्वारा मनुष्य का शोषण न हों।उत्पादन के साधनों पर कुछ लोगो का अधिकार न हों। लेकिन आज इसके बिल्कुल उलट हो रहा है।जिस भगत सिंह ने समाज को समतामूलक बनाने के लिए लड़ाई लड़ी थी।वर्तमान सरकार उनके सपनों को कुचल रही है। लोकतंत्र और संविधान खतरे में है, इसे बचाने के लिए भगत सिंह को अपना आईकॉन मांगने वाले आरवाईए के नेतृत्व में देशभर में संघर्ष चला रही है। भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं के साथ रोजगार के सवाल पर छल किया है .दो करोड़ रोजगार देने की बात तो की गयी.परंतु रोजगार देना तो दूर बल्कि करोड़ों रोजगार के अवसर खत्म कर दिये गये.छात्र युवाओं के शिक्षा-रोजगार निगलने वाली मोदी सरकार ने पूरे देश को हिंसा,उन्माद व मॉब लिंचिंग को भी बढ़ावा दिया है.मॉब लिंचिंग के आरोपियों को मंत्रियों द्वारा माला पहनाने का भी कार्य किया गया! इंनौस राज्य सचिव शिवप्रकाश रंजन ने कहा आज देश के नौजवान सम्मानजनक रोजगार चाहते है बेहतर भविष्य चाहिए जिसके लिए वह रात दिन संघर्ष कर रहे हैं लेकिन इस नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के बदले उनके हाथों में भाजपा सरकार तलवार थमा कर उन्हें नफरती उन्मादी और दंगाई बना कर एक विशेष धर्म के खिलाफ युद्ध में झोक देने का अभियान चला रही हैं।

# मेला क्षेत्र में कोई भी समस्या हो तो तुरंत सुचना दें : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया । विष्णु पद श्रेत्र के साफ सफाई के लिए दिन रात एक किए हैं नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा गया नगर निगम द्वारा संवास सदन समिति के कार्यालय में नगर विकास एवं आवास विभाग से पितृपक्ष मेला के लिए प्रतिनियुक्ति किए गए हैं ।उप नगर आयुक्त एवं नगर प्रबंधकों और मेला क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था हेतु आउटसोर्स किए गए एजेंसी के सुपरवाइजर को ब्रीफ किया गया है। इस ब्रीफिंग बैठक में सभी पदाधिकारियों के साथ साथ नगर निगम के दोनो उप नगर आयुक्त एवं नगर प्रबंधक एवं शैलेन्द्र कुमार सिन्हा सहायक अभियंता भी उपस्थित थे। आउटसोर्स एजेंसी के सुपरवाइजर को निर्देश दिया गया की सुबह 7.00 बजे तक मुख्य पथ, तालाब, घाट आदि का सफाई करा लें, 7.00 बजे के बाद भिड़ बढ़ने लगती है। सीढ़ियों को रगड़कर सफाई कराएं, कहीं फिसलन होने पर अच्छी तरह से रगड़कर सफाई कराएंगे,पिंडदानी द्वारा पिंड समाप्त कर लिए जाने के बाद पानी से धुलाकर सफाई कराएं, चुना ब्लीचिंग का नियमित छिड़काव कराएं, नदी एवं तालाब के पानी में झाग आने पर जाल और कपड़े से छनवाए। सभी प्रतिनियुक्त जोनल पदाधिकारी को प्रतिदिन अपने अपने जोन में सुबह से सफाई एवं अन्य निगम के कार्य का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। कहीं पर भी कुछ भी त्रुटि पाए जाने पर समन्वय कर अविलंब कार्यवाई कर निराकरण कराएंगे। पुरे मेला क्षेत्र में कहीं पर लाइट खराब हो, प्याऊ खराब हो, पंशाला में जलापूर्ति नही हो पा रही हो, तो रिपोर्ट करेंगे।

**सेंसेक्स**
**65508.32 पर बंद**
**निफ्टी**
**19523.50 पर बंद**

**सोना**
**57,523**
**चांदी**
**70,757**

## पहली बार भारत सरकार बेचेगी 50 साल के बॉन्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत पहली बार 50 साल के बॉन्ड बेचेगा। यह इंश्योरेंस और पेंशन फंड्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अल्ट्रा-लॉन्ग मैच्योरिटी कर्ज पेश करेगा। आरबीआई द्वारा मंगलवार को जारी एक बोरोइंग प्लान के अनुसार, नया बॉन्ड 30 साल और 40 साल की अवधि के ऋण को जोड़ता है इससे देश की यील्ड कर्व बढ़ेगी। बढ़ते मिडिल क्लास द्वारा संचालित देश की ग्रोइंग लाइफ इंश्योरेंस और पेंशन फंड इंडस्ट्री भारत के 1 ट्रिलियन डॉलर के सॉवरेन डेट मार्केट के परिदृश्य को बदल रही है। यह सेल उनकी बढ़ती हिस्सेदारी को दर्शाती है। इससे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को रिकॉर्ड उधारी को फंड करने के लिए बैंकों द्वारा खरीद पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

**इन्वेस्टर डिमांड मजबूत:** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की अर्थशास्त्री गौरा सेन गुप्ता ने एक नोट में लिखा, इन्वेस्टर डिमांड मजबूत रही है। यह फॉर्मल सेक्टर के विस्तार से समर्थित है, जिसमें परिवार जीवन बीमा, पेंशन और भविष्य निधि में वित्तीय बचत का एक उच्च हिस्सा लगा रहे हैं।

**30 अरब रुपये के बॉन्ड बिकेंगे:** सरकार अक्टूबर से फरवरी की अवधि में 30 अरब रुपये के 50 साल के बांड बेचेगी, जो इसकी कुल उधारी का लगभग 5 प्रतिशत है। सरकारी कर्ज का एक चौथाई हिस्सा जीवन बीमाकर्ताओं के पास है। इन्होंने पहले ही देश के यील्ड कर्व को प्रभावित किया है। इस साल की शुरुआत में लॉन्ग टर्म के कर्ज को शॉर्ट टर्म वाले पेपर की तुलना में कम यील्ड पर रखा गया था। 30 साल के बॉन्ड पर यील्ड इस साल 11 आधार अंक गिरकर 7.34 प्रतिशत हो गई है, जो 5 साल के नोट में गिरावट को पीछे छोड़ रही है, जो सात आधार अंक गिर गया है।

**10 साल के बॉन्ड पर यील्ड बढ़ी:** केंद्रीय बैंक ने कहा कि मोदी प्रशासन वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 6.55 लाख करोड़ रुपये के बॉन्ड बेचेगा। यह उम्मीदों के अनुरूप है और रिकॉर्ड 15.43 ट्रिलियन रुपये के पूरे साल के लक्ष्य का हिस्सा है। इससे पहले ट्रेडर्स के बीच चिंता थी कि अगले साल के आम चुनावों से पहले अतिरिक्त खर्च को पूरा करने के लिए सरकार अपनी उधारी बढ़ा सकती है। उधर बेंचमार्क 10 साल के बॉन्ड पर यील्ड एक आधार अंक बढ़कर 7.16 प्रतिशत हो गई है।

## क्रिप्टो पेमेंट्स ब्लॉक करेगा जेपी मॉर्गन चेस , बढ़ते स्कैम के मामलों के चलते लिया फैसला

नईदिल्ली, एजेंसी। जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी की ब्रिटिश इकाई ने क्रिप्टो पेमेंट्स बंद करने का फैसला किया है। डिजिटल पेमेंट्स में बढ़ती धोखाधड़ी और घोटालों के बढ़ते मामलों का हवाला देते हुए सबसे बड़े ब्रिटिश खुदरा बैंकों में से एक, जेपी मॉर्गन ने कहा है कि उसे ग्राहकों का क्रिप्टो भुगतान रोकना पड़ रहा है।

ग्राहकों को भेजे गए एक ई-मेल के अनुसार, चेस यूके के ग्राहक अब 16 अक्टूबर से डेबिट कार्ड या आउटगोइंग बैंक ट्रांसफर के माध्यम से क्रिप्टो लेनदेन नहीं कर पाएंगे।

**ग्राहकों को क्या दिया संदेश :** ईमेल में कहा गया है, आपके पैसे को धोखाधड़ी और घोटालों से सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए, हम आपके द्वारा चेज़ से किए जाने वाले भुगतान के प्रकारों को बदल रहे हैं। अगर हमें लगता है कि आप क्रिप्टो परिसंपत्तियों से संबंधित भुगतान कर रहे हैं, तो हम इसे अस्वीकार कर देंगे।

**2021 में हुआ लॉन्च:** चेज़ यूके, जो सितंबर 2021 में लॉन्च हुआ, यूके के सबसे लोकप्रिय नियोबैंक में से एक है, जिसने अपने संचालन के पहले वर्ष के बाद 1 मिलियन ग्राहकों को आकर्षित किया है। यह एचएसबीसी होल्डिंग्स पीएलसी और नेशनवाइड बिल्डिंग सोसाइटी जैसे ऋणदाताओं में शामिल हो गया है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में खुदरा ग्राहकों की क्रिप्टोकरंसी तक पहुंच की सीमा को उनके जोखिमों का हवाला देते हुए कड़ा कर दिया था।

चेस के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हमने यूके के उपभोक्ताओं को लक्षित क्रिप्टो घोटालों की संख्या में वृद्धि देखी है, इसलिए हमने चेस डेबिट कार्ड पर क्रिप्टो परिसंपत्तियों की खरीद को रोकने या चेस खाते से क्रिप्टो साइट पर पैसा हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है।

# गेट्स फाउंडेशन: सीईओ सुजमैन बोले- भारत विकासशील देशों की सबसे अहम आवाज, वैश्विक नेतृत्व में सक्षम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सीईओ मार्क सुजमैन ने दक्षिणी गोलार्ध में उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए भारत के समर्थन की सराहना की और इसे ग्लोबल साउथ की सबसे अहम आवाज करार दिया। साथ ही कहा है कि भारत वैश्विक नेतृत्व करने में सक्षम है।

न्यूज एजेंसी के साथ एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में सुजमैन ने कहा कि भारत में विकसित मॉडल वैश्विक स्तर पर, खासकर ग्लोबल साउथ में प्रगति को गति दे सकते हैं। भारत स्पष्ट रूप से ग्लोबल साउथ की सबसे महत्वपूर्ण आवाजों में से एक है।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा देश है, जहां हमने (गेट्स फाउंडेशन) 20 वर्षों में विकसित की गई मजबूत साझेदारियों के अलावा, भारत में बेहतर स्वास्थ्य और विकास परिणामों को चलाने में मदद करने के लिए भारत में काम किया है।

**यहां दिखती है ग्लोबल लीडर बनने की क्षमता:** अब हम कृषि में

डिजिटल वित्तीय समावेशन में मदद करने और स्वास्थ्य में अपने कुछ सबक और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में भारत की ग्लोबल लीडर बनने की क्षमता देखते हैं। उन्होंने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिस पर हम आने वाले वर्षों में काम करने और निर्माण करने के लिए उत्साहित हैं। इसके अलावा, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में एक विशेष कार्यक्रम इंडिया - यूएन फॉर ग्लोबल साउथ में ग्लोबल साउथ के कई नेताओं की मेजबानी की। साथ ही उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत किस तरह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।

### न्यूयॉर्क के गोलकीपर्स सम्मेलन में छाया भारत

सुजमैन की की कही बातें न्यूयॉर्क में वार्षिक गोलकीपर्स सम्मेलन में गूंजी, जो कि मुख्य रूप से कम आय वाले देशों में मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य में सुधार पर केंद्रित था। फाउंडेशन के शीर्ष अधिकारी ने सार्वजनिक और निजी भागीदारी के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के भारत के काम को भी मान्यता दी, जिससे प्रगति में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि हम विशेष रूप से बिहार और उत्तर प्रदेश राज्यों के साथ बहुत करीब से काम करते हैं, जहां पारंपरिक रूप से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के परिणामों के मामले में कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण आंकड़े रहे हैं, लेकिन हाल ही में इसमें सकारात्मक प्रगति देखी गई है।

**सुजमैन ने जी 20 को सराहा:** इस महीने की शुरुआत में अफ्रीकी संघ को शीर्ष विश्व अर्थव्यवस्थाओं के समूह 20 ( जी20 ) में स्थायी सदस्य का दर्जा दिया गया था। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के विकासशील देशों को ग्लोबल साउथ से संदर्भित किया जाता है, जबकि अमेरिका, कनाडा, यूरोप, रूस, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से विकसित देश ग्लोबल नॉर्थ का गठन करते हैं। अफ्रीकी महाद्वीप विश्व की लगभग 17 प्रतिशत जनसंख्या का निवास स्थान है। हालांकि, इस साल सितंबर तक दक्षिण अफ्रीका एकमात्र ज20 सदस्य था। सुजमैन ने जी20 की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम विशेष रूप से स्वास्थ्य और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोगों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और हम निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में इन्हें लागू करने में मदद करने के लिए भारत सरकार के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

## तालिबान के राज में अफगानी करेंसी का कमाल, अमेरिका, चीन...सबको पछाड़कर बना अव्वल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अगर आतंकवाद की बात होती है, तो सबसे पहले जो नाम याद आता है , वो है तालिबान। साल 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया। तालिबान के कब्जे के बाद से वहां की हालात लगातार बदतर ही हुए है। चाहे वहां की महिलाओं की बात हो, सुरक्षा की या फिर मानव अधिकारों की। तालिबान के कब्जे के बाद से अफगानिस्तान की स्थिति में बिगड़ती ही चली गई, लेकिन अफगानी करेंसी को लेकर को रिपोर्ट आई है, वो हैरान कर देने वाली है। तालिबान के शासन के बाद से अफगानिस्तान की करेंसी अफगानी का प्रदर्शन बेहतर रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर तिमाही में अफगानिस्तान की करेंसी अफगानी ने दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है।

**अफगानी का प्रदर्शन सबसे अच्छा:** रिपोर्ट के मुताबिक अफगानिस्तान की करेंसी अफगानी के मूल्य में 9 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। तालिबान के शासन के बाद से भले ही अफगानिस्तान की राजनीतिक और सामाजिक स्थिति चिंताजनक बनी हो, लेकिन अफगानी करेंसी की मजबूती ने सबको हैरान किया है। महिलाओं के प्रति अत्याचार और मानवीय अधिकारों के दमन के चलते अफगानिस्तान का मानवीय इंडेक्स नीचे सरकता जा रहा है, लेकिन पैसों के इंडेक्स ने इसे सबसे ऊपर खड़ा कर दिया है। चीन और अमेरिकी करेंसी को भी पछाड़कर यह सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गई।

**चीन और अमेरिका को भी पछाड़ा:** सितंबर तिमाही में अफगानी करेंसी ने दुनिया में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया है। अफगानी करेंसी के मूल्य में 9 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं इस साल में अब तक इस करेंगी ने कुल 14 फीसदी का ग्रोथ हासिल किया है। पहले ये तीसरे नंबर पर थी, लेकिन कोलंबिया और श्रीलंका की करेंसी को पीछे छोड़कर अब यह नंबर 1 पर पहुंच गई है। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली करेंसी का मतलब उसका रंग-रूप नहीं बल्कि मार्केट में उसका प्रचलन बढ़ना है। मार्केट में इसकी मौजूदगी बढ़ी।

**क्यों आई अफगानी करेंसी में तेजी:** अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण अफगानिस्तान वैश्विक वित्तीय प्रणाली से अलग-थलग पड़ा है। वहां बेरोगजारी, गरीबी उच्च स्तर पर पहुंच गई है। अफगानिस्तान के दो तिहाई से अधिक परिवार अपनी जरूरत की चीजें भी पूरा नहीं कर पाते हैं। आर्थिक दिक्कतों की वजह से उसे काफी वित्तीय मदद मिलती है। सयुंक्त राष्ट्र साल 2021 से ही अफगानिस्तान को 4 करोड़ रुपये भेज रहा है। वैश्विक प्रतिबंधों के कारण उसे अरबों डॉलर की मानवीय मदद मिलती रही है। वहीं एशियाई पड़ोसी देशों के साथ व्यापार में बढ़ोतरी के चलते उसकी करेंसी में मजबूती आ रही है। तालिबान ने अफगानी करेंसी को मजबूती देने के लिए डॉलर और पाकिस्तानी रूपये में रोक लगा दी। डॉलर को देश से बाहर जाने से रोकने के लिए कड़े प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया। जिसके कारण अफगानी करेंसी को मजबूती मिली है।

## फोनपे का दबदबा, पेटीएम की छलांग और गूगल पे को भारी नुकसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में यूपीआई पेमेंट का आंकड़ा हर महीने बढ़ता जा रहा है। देश में 95.7 परसेंट यूपीआई ट्रांजैक्शन फोनपे , गूगल पे और पेटीएम जैसे थर्ड पार्टी ऐप्स के जरिए हो रहा है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक साल में यूपीआई पेमेंट में फोनपे की हिस्सेदारी करीब 50 परसेंट पहुंच गई है। इस दौरान पेटीएम ने लंबी छलांग लगाई है जबकि गूगल पे की हिस्सेदारी में काफी गिरावट देखने को मिली है। वेल्यू के हिसाब से देखें तो इस साल जून में फोनपे की 49.8 फीसदी, पेटीएम की 33 फीसदी और गूगल पे की 10.9 परसेंट हिस्सेदारी है। एक साल पहले फोनपे की 48.8 परसेंट, पेटीएम की 9.9 परसेंट और गूगल पे की 34.6 परसेंट हिस्सेदारी थी।

एनपीसीआई ने इंडिविजुअल थर्ड पार्टी के लिए मार्केट शेयर में 30 परसेंट का कैप लगाया है। यह नियम 15 महीने बाद लागू होगा। वॉलमार्ट के मालिकाना हक वाली कंपनी फोनपे की जून, 2023 में वॉल्यूम के हिसाब से हिस्सेदारी 47.2 परसेंट हो गई है जो पिछले साल जून में 45.8 परसेंट थी। यूपीआई ट्रांजैक्शन से बैंकों को कोई कमाई नहीं हो रही है, इसलिए बैंकों ने इसे थर्ड पार्टी ऐप्स के हवाले कर दिया है। जहां तक बैंकों की बात है तो यूपीआई ट्रांजैक्शंस में यस बैंक की सबसे ज्यादा 0.7 परसेंट हिस्सेदारी है। माना जा रहा था कि वॉट्सऐप की एंट्री से यूपीआई में मुकाबला बढ़ सकता है लेकिन यह मेसेजिंग ऐप अब तक कोई खास नहीं कर पाया है।

### तीन ऐप्स का दबदबा

रिपोर्ट के मुताबिक ट्रांजैक्शन वॉल्यूम में फोनपे, गूगल पे और पेटीएम की 95.7 परसेंट हिस्सेदारी है जो पिछले साल जून में 94.6 परसेंट थी। ट्रांजैक्शन वैल्यू के हिसाब से देखें तो जून, 2023 में इन तीनों ऐप्स की हिस्सेदारी 93.7 परसेंट पहुंच गई जो पिछले साल जून में 93.4 परसेंट थी। फोनपे को बाकी ऐप्स के मुकाबले जल्दी यूपीआई स्पेस में उतरने का फायदा मिला है।

## किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स ने सीपीसीबी वीआई+ कॉम्प्लाएंट जेनसेट्स- फ्लेक्सी-फ्यूल और ऑप्टिप्राइम की सबसे बड़ी श्रृंखला लॉन्च की

**पुणे, एजेंसी।** बिजली उत्पादन के उद्योग में अग्रणी, किर्लोस्कर ऑयल इंजन्स (केओईएल) ने अपने सीपीसीबी वीआई+ कॉम्प्लाएंट जेनसेट्स की नई श्रृंखला को लॉन्च किया है। उच्च प्रदर्शन वाले, ईंधन के मामले में किफायती और पर्यावरण के लिये जिम्मेदार समाधानों की आपूर्ति पर केन्द्रित, यह नये जेनसेट केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा निर्धारित उत्सर्जन के सबसे नये नियमों को पूरा करते हैं।

यह जेनसेट स्थायी रूप से बिजली उत्पादन करने और पर्यावरण के प्रबंधन में किर्लोस्कर की प्रतिबद्धता दिखाते हैं। इन्हें विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की तरह-तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये डिजाइन किया गया है। इस प्रकार सुनिश्चित होता है कि व्यवसायों और समुदायों की पहुँच अधिक विश्वसनीय, शुद्ध एवं बेहतर बिजली तक हो। किर्लोस्कर के जेनसेट डीजल, प्राकृतिक गैस, बायोगैस, आदि समेत ईंधन के कई विकल्पों पर शानदार ढंग से चलने के लिये बनाये गये हैं और उपभोक्ताओं को बेजोड़ लचीलापन देते हैं। इसलिए, तरह-तरह के ईंधनों द्वारा चल सकने वाले जेनसेट की पेशकश के साथ किलोस्कर का लक्ष्य व्यवसायों एवं उद्योगों को उनकी आवश्यकताओं, जगह और उपलब्धता के आधार पर ईंधन का सबसे उपयुक्त स्रोत चुनने के लिये सशक्त करना है। यह पहल संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिये ब्राण्ड की प्रतिबद्धता का समर्थन करती है और पर्यावरण के अनुकूल तथा ऊर्जा के मामले में ज्यादा विविधतापूर्ण भविष्य में योगदान देती है। किर्लोस्कर 60,000 से ज्यादा लगाए गए आईओटी-इनेबल्ड जेनसेट्स को लॉन्च करने वाली पहली कंपनी थी। डेटा बताता है कि 90त्न जेनसेट्स अपने चलने के ज्यादातर समय में लोड की सक्षम सीमा से नीचे चलते हैं। किर्लोस्कर के ऑप्टिप्राइम जेनसेट्स की नई श्रृंखला हमारी पेटेंटेड हाइब्रिड टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जिससे सक्षम लोड की सीमा से बढ़ने में मदद मिलती है और ईंधन तथा दूसरी उपभोग योग्य वस्तुओं की खपत काफी कम होकर ग्राहकों की अच्छी बचत होती है। जेनसेट्स की ऑप्टिप्राइम श्रृंखला अधिक लचीलापन देती है, कम उत्सर्जन करती है और ग्राहकों की बचत बढ़ाती है। जेनसेट्स की नई श्रृंखला पूरी तरह से आईओटी-इनेबल्ड है और इसलिये बिजली के उत्पादन तथा इसकी निगरानी के परिदृश्य को बदल रही है।

## सप्लाई 3.0 की ओर तेज़ी से अग्रसर पी एंड जी इंडिया ने की 300 करोड़ के पी एंड जी सप्लाई चेन कैटलिस्ट फंड की घोषणा

**मंडीदीप एजेंसी।** प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया पी एंड जी इंडिया आदि के निर्माता ने आज बाहरी साझेदारों इनोवेटर के साथ मिलकर मिलकर नए इन्नोवेशन्स और सॉल्यूशन के विकास के लिए ?300 करोड़ के पी एंड जी सप्लाई चेन कैटलिस्ट फंड की घोषणा की, जो आधुनिक सप्लाई चेन इकोसिस्टम - सप्लाई 3.0 की दिशा में पी एंड जी इंडिया को आगे बढ़ाएगा। यह फंड सप्लाई के अगले स्तर को बनाने के लिए कस्टमाइज़ बिज़नेस सॉल्यूशन्स पर पी एंड जी के साथ सहयोग करने के लिए स्टार्ट अप और इनोवेटर को अवसर प्रदान करेगा- एक ऐसी सप्लाई चेन, जो अधिक कुशलता, फ्लेक्सिबिलिटी, स्केलेबिलिटी, पारदर्शिता और मजबूती प्रदान करती है। यह घोषणा प्रधानमंत्री की गति शक्ति पहल के अनुरूप है, जो देश में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी की दिशा में एक प्रयास है जो लक्षित कामकाज में सुधार के ज़रिए वस्तुओं और सेवाओं की बेरोक आवाजाही को बढ़ाएगी। पी एंड जी सप्लाई चेन कैटलिस्ट फंड के हिस्से के रूप में पी एंड जी इंडिया के रणनीतिक निवेश में सप्लाई चेन अनुकूलन, डिजिटलीकरण, क्षमता वृद्धि और स्थिरता सहित विभिन्न प्रकार की पहल शामिल होंगी, जो कंपनी के सप्लाई चेन कौशल को उभारने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। यह नया फंड पी एंड जी इंडिया के वीग्रो प्रोग्राम का हिस्सा है जो स्टार्ट-अप, छोटे बिज़नेस, व्यक्तियों और इन्नोवेटिव इंडस्ट्री-लीडिंग बिज़नेस सॉल्यूशंस पेश करने वाले बड़े संगठनों की पहचान करने और सहयोग करने पर फोकस है। ये सॉल्यूशन कंपनी को अपने उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव देने और नए बदलाव जारी रखने में मदद करेंगे।इस घोषणा के साथ, कंपनी ने 28 से 29 सितंबर 2023 तक होने वाले पी एंड जी वीग्रो एक्सटर्नल बिज़नेस पार्टनर सम्मेलन का छठा संस्करण भी लॉन्च किया। सम्मेलन इनक्यूबेट हब के साथ साझेदारी में मौजूदा और नए सप्लायर को पी एंड जी इंडिया की लीडरशिप टीम को अपने सॉल्यूशन पेश करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। पी एंड जी इंडिया के सीईओ, सबकॉन्टिनेंट एलवी वैद्यनाथन ने कहा है कि, हम देश की प्रगति के लिए उतने ही प्रतिबद्ध हैं जितना हम उपभोक्ताओं को हर दिन बेहतर उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'पी एंड जी सप्लाई चेन कैटलिस्ट फंड के साथ, हम इन्नोवेटिव सॉल्यूशन के सह-निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो हमारे संचालन के आधार - सप्लाई चेन को मजबूत करता है। हमें विश्वास है कि सप्लाई चेन में कार्य में सुधार पर ध्यान देने से नए बदलाव और उत्पादकता सहित हमारी सभी प्राथमिकताओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# कार्बन के नैट जीरो उत्सर्जन पर ब्रिटेन का यू टर्न

**लंदन एजेंसी।** दुनिया भर में बढ़ रही ग्लोबल वार्मिंग के लिए पश्चिमी देशों द्वारा भारत को दोषी ठहराया जाता है और हमारी इंडस्ट्री से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को लेकर पश्चिमी जगत एशियाई देशों पर हावी रहता है, लेकिन यू.के. ने अब अर्थव्यवस्था में आ रही मंदी के कारण कार्बन उत्सर्जन के अपनी नैट जीरो पालिसी में परिवर्तन करते हुए नैट जीरो के निर्धारित लक्ष्य को पांच साल आगे बढ़ा दिया है। दुनिया भर में होने वाले कुल कार्बन उत्सर्जन में 76 फीसदी हिस्सेदारी चीन, अमरीका और यूरोपीय यूनियन की है।

दुनिया भर में सबसे ज्यादा प्रदूषण चीन की इंडस्ट्री द्वारा किया जाता है और कुल प्रदूषण में चीन की हिस्सेदारी 2022 में 32 प्रतिशत थी, जबकि अमरीका 14 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर था जबकि भारत की हिस्सेदारी 8 प्रतिशत है। यू.के. में होने वाले कुल औद्योगिक उत्पादन में 1990 में कार्बन उत्सर्जन की हिस्सेदारी 11.17 प्रतिशत थी, जो 2020 में बढ़कर 42.42 प्रतिशत हो गई। इतने कार्बन उत्सर्जन के बावजूद यू.के. ने अपने नैट जीरो के निर्धारित लक्ष्य को पांच साल बढ़ा दिया है।

यू.के. के प्रधानमंत्री ऋषि सूनक ने कहा कि ब्रिटेन 2050 तक नैट जीरो कार्बन उत्सर्जन के अपने लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्ध है लेकिन हम इसे थोड़ा धीमा करने जा रहे हैं क्योंकि इंगलैंड इस मामले में पहले ही कई देशों से आगे है। उन्होंने कहा कि उनसे पहले की सरकारों ने इस मामले में ब्रिटिश नागरिकों का हित सोचे बिना तेजी से फैसले लिए, लिहाजा हमें इन पर पुनः विचार करना पड़ रहा है। यदि हम इन नीतियों पर आगे बढ़ते हैं तो इससे जनता को नुक्सान हो सकता है क्योंकि उन्हें इसका नुक्सान होगा। उन्होंने कहा कि इस विषय में ईमानदारी से चर्चा नहीं हुई है और तत्काल प्रभाव से बड़ी-बड़ी बातें करके मीडिया की हैडलाइन तो बन सकती है लेकिन लंबी अवधि में इसका नुक्सान है। उन्होंने कहा कि नैट जीरो के लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार नए विंड फार्म और परमाणु बिजली घर बनाएगी और नई ग्रीन टैक्नोलोजी में निवेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 1990 में यू.के. का कार्बन उत्सर्जन 46 प्रतिशत था, जिसमें अब कमी आई है। क्योंकि कोयले से बनने वाले बिजली के संयंत्र बंद कर दिए गए हैं। सरकार ने 1990 के मुकाबले 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में 68 प्रतिशत की कमी का लक्ष्य रखा है, जबकि 2050 तक इसे जीरो कर दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ऋषि सूनक द्वारा की गई घोषणा पर बोलते हुए फोर्ड यू.के. की चेयरपर्सन लीजा ब्रैंकिन ने कहा कि सरकार द्वारा की गई इस घोषणा का 2030 तक इलैक्ट्रानिक व्हीकल के लक्ष्य पर असर पड़ेगा। आटो सैक्टर सरकार से महत्वाकांक्षा, प्रतिबद्धता और निरंतरता की उम्मीद करता है लेकिन सरकार द्वारा की गई

इस घोषणा से इन तीनों पर आघात लगा है। लंदन चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंसस्ट्री के सी.ई.ओ. रिचर्ड बर्ग ने कहा कि सरकार द्वारा अचानक इस विषय में यू टर्न लेने से हमारी विश्वसनीयता में गिरावट आई है और इससे लगता है कि हम ग्रीन एनर्जी क्रांति को आगे बढ़ा पाने में सक्षम नहीं है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का मानना है कि इस फैसले से देश में आने वाले निवेश की संभावना पर चोट पहुंचेगी लेकिन अगले साल होने वाले चुनाव को देखते हुए वोटरों को लुभाने के लिए यह फैसला किया गया है क्योंकि ब्रिटेन की जनता पहले से ही महंगाई और अर्थव्यवस्था में गिरावट का असर झेल रही है।

# एशियाड में भारत का धमाकेदार प्रदर्शन, शूटिंग में मिला गोल्ड मेडल

- घुड़सवारी में अगरवल्ला ने दिलाया ब्रॉन्ज
- टेनिस में मायनेनी-रामनाथन की जोड़ी फाइनल में पहुंची, अब तक 25 मेडल

**हांगझोउ (एजेंसी)।** चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स का गुरुवार को 5वां दिन था। घुड़सवारी-ड्रेसेज के इंडिविजुअल इवेंट में अनुष अगरवल्ला ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। भारत का आज यह तीसरा मेडल है।वहीं भारतीय वुशु खिलाड़ी रोशिबिना देवी ने 60 किलो वेट कैटेगरी में सिल्वर जीता। भारतीय खिलाड़ी एशियन गेम्स 2023 में अब तक 6 गोल्ड, 8 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज सहित कुल 25 मेडल जीत चुके हैं।

भारत की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता जबकि देश के दो निशानेबाज व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। सरबजोत सिह, अर्जुन सिंह चीमा और शिव नरवाल ने बेहद करीबी मुकाबले में चीन की टीम को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया और भारत को निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक दिलाया।

भारतीय निशानेबाज मौजूदा खेलों में अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक जीत चुके हैं। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में कुल 1734 अंक जुटाए जो चीन की टीम से एक अधिक है। चीन को रजत जबकि वियतनाम (1730) को कांस्य पदक मिला। सरबजोत और अर्जुन ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में भी जगह बनाई और वे व्यक्तिगत पदक की दौड़ में भी बने हुए हैं।

# रोशिबिना देवी ने वुशु में रजत पदक मणिपुर को किया समर्पित

**रोते हुए कहा मणिपुर में हिंसा जारी है, मैं अपने गांव नहीं जा सकती।**

**हांगझोउ (एजेंसी)।** भारत की नाओरेम रोशिबिना देवी ने गुरुवार को यहां एशियाई खेलों की महिला 60 किग्रा वुशु सांडा फाइनल में स्थानीय दावेदार वू शियाओवेई के खिलाफ 0-2 की शिकस्त के साथ रजत पदक जीता। उन्होंने यह पदक मणिपुर हिस्सा के पीड़ितों को समर्पित किया। रोशिबिना का गृह राज्य मणिपुर इस साल मई से हिंसा से जूझ रहा है।

विरोधी कुकी जातीय समुदाय के दबदबे वाले चूरचांदपुर के करीबी बिष्णुपुर के क्वाशिफाई गांव की रहने वाली मैतेई समुदाय की रोशिबिना को स्थानीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। मणिपुर में दोनों समुदायों के बीच हिंसा में कई लोगों की जान जा चुकी है जबकि घायलों का आंकड़ा भी काफी अधिक है। रोशिबिना ने रजत पदक जीतने के बाद कहा, 'मणिपुर जल रहा है। मणिपुर में हिंसा जारी है। मैं अपने गांव नहीं जा सकती। मैं यह पदक उन लोगों को समर्पित करना चाहती हूं जो हमारी

रक्षा कर रहे हैं और वहां पीड़ा सह रहे हैं।

मणिपुर की इस खिलाड़ी ने रोते हुए कहा, 'मुझे नहीं पता कि क्या होगा, लड़ाई तो जारी है। यह कब रुकेगा और पहले की तरह सामान्य जिंदगी कब लौटेगी। रोशिबिना को गत चैंपियन शियाओवेई के खिलाफ जूझना पड़ा और उन्होंने चीन की खिलाड़ी को अच्छी शुरुआत करने का मौका दिया। जजों ने दो दौर के बाद शियाओवेई को विजेता घोषित किया। चीन की खिलाड़ी पहले दौर से ही आक्रामक दिखी और उन्होंने रोशिबिना को गिराकर अंक बनाए।

मणिपुर की खिलाड़ी ने वापसी करते हुए शियाओवेई का पैर पकड़कर उन्हें सीमा रेखा से बाहर करने की कोशिश की लेकिन नाकाम रही जिससे चीन की खिलाड़ी ने 1-0 की बढ़त बनाई। दूसरे दौर में चीन की खिलाड़ी ने रोशिबिना के शरीर के ऊपरी हिस्से पर प्रहार से अंक जुटाए और जीत दर्ज की। रोशिबिना ने 2018 में जकार्ता खेलों में कांस्य पदक जीता था। रोशिबिना ने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप की रजत और कांस्य पदक विजेता वियतनाम की थी थू थुइ एनगुएन को 2-0 से हराकर कम से कम रजत पदक सुनिश्चित किया था।

इस भारतीय खिलाड़ी ने बुधवार को अपने माता-पिता से बात की और उन्होंने अपनी बेटी को मणिपुर हिंसा से ध्यान नहीं भटकने देने और फाइनल पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने कहा, 'उन्होंने मेरे से कहा कि मैं मैच पर ध्यान दूं ना कि अन्य चीजों पर। मेरा परिवार ठीक है। मैं उनसे नियमित रूप से बात नहीं करती क्योंकि मेरे कोच कहते हैं कि वहां हो रही हिंसा से मेरा ध्यान भटक जाएगा। रोशिबिना ने कहा, 'हमने बहुत अच्छी तैयारी की और हम यहां अच्छा प्रदर्शन कर सके और रजत पदक जीता।

## पाकिस्तान से छीनी ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी, अब ओमान में होगा टूर्नामेंट

**लुसाने (एजेंसी)।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ और देश के खेल बोर्ड के बीच अंतर्कलह के कारण अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पुरूष हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी पाकिस्तान से छीनकर ओमान को दे दी। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने घोषणा की कि टूर्नामेंट अगले साल 15 से 21 जनवरी के बीच मस्कट में होगा।

तीन अन्य एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर चीन (महिला क्वालीफायर 15 से 24 जनवरी 2024) और स्पेन (महिला और पुरूष 13 से 21 जनवरी) में होंगे। एफआईएच ने एक बयान में कहा, 'पाकिस्तान हॉकी महासंघ प्रशासन के ताजा हालात को देखते हुए एफआईएच ने पुरूष ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी पाकिस्तान से वापस लेने का फैसला किया था। अब यह टूर्नामेंट ओमान में खेला जाएगा।

ओलंपिक क्वालीफायर से छह महिला और छह पुरूष टीमें पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करेंगी। आस्ट्रेलिया और नीदरलेंड की टीमें ओशियाना कप और यूरो हॉकी चैम्पियनशिप जीतकर पहले ही पेरिस ओलंपिक में जगह बना चुकी हैं। चीन में खेले जा रहे एशियाई खेलों, पैन अमेरिकी खेलों और अफ्रीकी हॉकी रोड टू पेरिस टूर्नामेंट से स्वतः क्वालीफाई करने वाली बाकी टीमों का निर्धारण होगा। पेरिस ओलंपिक में हॉकी स्पर्धा 27 जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी।

### राजकोट वनडे में हारने के बाद क्रिकेट विश्व कप की रणनीति पर बोले रोहित शर्मा

## हम वास्तव में बहुत अच्छा खेल रहे हैं, हर खिलाड़ी की भूमिका देख रहें हैं

**राजकोट (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले मैचों में भारत के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए बुधवार को यहां कहा कि टीम प्रबंधन विश्व कप से पहले खिलाड़ियों की भूमिका को लेकर किसी तरह की भ्रम की स्थिति में नहीं है। रोहित ने कहा कि हम वास्तव में बहुत अच्छा खेल रहे हैं। जब हम (विश्व कप की) 15 सदस्यीय टीम की बात करते हैं तो हम इस बात को लेकर स्पष्ट हैं कि हम क्या चाहते हैं और वह कौन सा खिलाड़ी है जो हमारे लिए यह भूमिका निभाएगा। रोहित ने कहा कि हम किसी तरह से भ्रम की स्थिति में नहीं हैं। हम इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। रोहित ने कहा कि उनकी टीम ने पिछले कुछ मैच में चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना किया और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे में मिली 66 रन की हर को बहुत तवज्जो नहीं देते। उन्होंने कहा कि पिछले सात-आठ मैचों में हमने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। हमने भिन्न परिस्थितियों में अच्छा खेल दिखाया।

### केएल राहुल ने निचले क्रम में खेलने पर बोले

# 'नंबर 5 पर उतरना बहुत अलग लग रहा था'

**राजकोट (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने राजकोट में भारत को वाइटवॉश का मौका नहीं दिया क्योंकि महमान टीम ने 66 रन से जीत हासिल की और श्रृंखला 2-1 से भारत के पक्ष में समाप्त हुई। सीरीज के अंतिम वनडे में कई प्रयोग देखने को मिल सकते हैं क्योंकि कई खिलाड़ी इस मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं थे और केएल राहुल ने निचले क्रम में खेलने की बात कही। मैच के बाद केएल राहुल ने निचले क्रम में खेलने के बारे में बात की।

राहुल ने कहा, चौथे और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करना कोई बड़ा अंतर नहीं लगता। लेकिन हां, अपने पूरे जीवन में ओपनिंग बल्लेबाजी करते हुए नंबर 5 पर उतरना बहुत अलग लग रहा था। पिछले कुछ वर्षों से मुझे वह भूमिका दी गई है और मैंने लंबे समय तक उस पद पर भूमिका निभाई है। इसलिए मैं समझता हूं कि मुझे तकनीकी और मानसिक रूप से क्या बदलाव करने हैं और कब जोखिम उठाना है। इसके अलावा मैं खेल से कुछ समय दूर था - वापस

गया और खिलाड़ियों के कुछ वीडियो देखे जिन्होंने नंबर 4 और 5 पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है और वे अपनी पारी को कैसे आगे बढ़ाते हैं। इसलिए जब मैं बीच में जाता हूं तो परिस्थितियों का आकलन करता हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता हूं।

उन्होंने एशिया कप में टीम के हालिया प्रदर्शन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रदर्शन के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, पिछले कुछ हफ्तों ने सभी को एक जैसी मानसिकता में डाल दिया है। एशिया कप वास्तव में हमारे लिए महत्वपूर्ण था, हर खेल को जीतना जरूरी था, और हम बहुत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। इस श्रृंखला के दौरान हमने बहुत अच्छी ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ खेला और पिछले कुछ वर्षों में भारत में उनका पलड़ा हम पर भारी रहा है। इसलिए हमने अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश की, हमें बहुत विशिष्ट भूमिकाएं सौंपी गईं और उन्हें सर्वोत्तम तरीके से निष्पादित करने के लिए कहा गया। सौभाग्य से हमारे लिए बहुत से लोगों ने वास्तव में यह अच्छा किया। इसलिए उम्मीद है कि हम उस पर आगे बढ़ सकते हैं और एक टीम के रूप में बेहतर हो सकते हैं।

## मलेशिया से हार के बावजूद भारतीय महिला स्क्वाश टीम सेमीफाइनल में, पदक पक्का हुआ

**हांगझोउ (एजेंसी)।** भारतीय महिला स्क्वाश टीम ने गुरुवार को यहां मलेशिया के खिलाफ अपने अंतिम पूल बी मैच में 0-3 की एकतरफा हार के बावजूद सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्का किया। मलेशिया और भारत ने पूल में शीर्ष दो स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई और अपने पदक पक्के किए। स्क्वाश में सेमीफाइनल में हारने वालों को भी कांस्य पदक मिलता है। भारत के लिए सबसे पहले जोशना चिनप्पा उतरीं जिन्हें सिर्फ 21 मिनट में मलेशिया की सुब्रमण्यम सिवसंगारी के खिलाफ 6-11, 2-11, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे मुकाबले में तन्वी खन्ना को 2-1 की बढ़त बनाने के बावजूद राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता एइफा बिंटी अजमान के खिलाफ 9-11, 11-1, 7-11, 13-11, 11-5 से हार झेलनी पड़ी। मुकाबले के अंतिम मैच में 15 साल की अनाहत सिंह को मलेशिया की राशेल मेइ के खिलाफ 7-11, 7-11, 12-14) से हार मिली। भारत ने इससे पूर्व अपने शुरुआती तीन मुकाबलों में पाकिस्तान, नेपाल और मकाऊ को 3-0 के समान अंतर से हराया था।

### एशियाई खेल

## भारत की रिले टीमें राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पहुंची



**हांगझोउ (एजेंसी)।** भारत की पुरुष चार गुणा 100 मीटर और महिला चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीमों ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए एशियाई खेलों के फाइनल में जगह बनाई। श्रीहरि नटराज, तनीष जॉर्ज मैथ्यू, अनिल कुमार और विशाल ग्रेवाल ने हीट में तीन मिनट 21.22 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहते हुए चार गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई।

इस तिकड़ी ने नटराज, साजन प्रकाश, वीरधवल खाड़े और अनिल कुमार के 2019 में बनाए तीन मिनट 23.72 सेकेंड के 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय में सुधार किया। धिनिधी देसिंघू, शिवांगी शर्मा, वृत्ति अग्रवाल और हशिका रामचंद्र ने इसके बाद आठ मिनट 39.64 सेकेंड के समय के साथ महिला चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय बनाया।

भारतीय टीम ने 10 टीम की हीट में आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारतीय चौकड़ी ने हशिका, धिनिधी, विहिता नयना और शिरिन के इस साल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बनाए आठ मिनट 40.89 सेकेंड के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। तैराकी में राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप में बनाए रिकॉर्ड को ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड माना जाता है।

अन्य प्रतियोगिताओं के समय को 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय कहा जाता है। पूर्व कांस्य पदक विजेता खाड़े और शिवांगी व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। खाड़े पुरुष 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में 24.67 सेकेंड के साथ 19वें स्थान पर रहे। शिवांगी महिला 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 26.92 सेकेंड के समय के साथ 18वें स्थान पर रही।

## भारत में भव्य स्वागत से अभिभूत हुए पाक कप्तान बाबर आजम, सोशल मीडिया पर जताया आभार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम आगामी वनडे विश्व कप में खेलने के लिए अपनी टीम और सहयोगी स्टाफ के साथ बुधवार 27 सितंबर को भारत पहुंचे। एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय बाबर और उनकी टीम का कई प्रशंसकों ने स्वागत किया। इस पर बाबर आजम ने भारत वासियों का आभार व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया का सहारा लिया और एक स्टोरी शेयर की। बाबर ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए फोटो डाली और लिखा, हैदराबाद में प्यार और समर्थन से अभिभूत हूं।

पिछले कुछ वर्षों में भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण द्विपक्षीय सीरीज में दोनों टीमें आमने-सामने नहीं होतीं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच मतभेद भी सामने आते रहे हैं। हालांकि सीमा के दोनों ओर ऐसे क्रिकेट प्रशंसक हैं जो अपने पड़ोसी देशों के खिलाड़ियों के प्रति बहुत सम्मान और प्रशंसा रखते हैं।

अपने खेल के दिनों में बहुत से भारतीयों ने इमरान खान की प्रशंसा की और वर्षों बाद तेजतर्रार शाहिद अफरीदी को भारतीय प्रशंसकों से बहुत प्यार मिल रहा है। दूसरी ओर एमएस धोनी और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों की पाकिस्तान में सराहनीय फैन-फॉलोइंग है।

इस सप्ताह की शुरुआत में यह घोषणा की गई थी कि पाकिस्तान अपना पहला अभ्यास मैच शुक्रवार 29 सितंबर को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में बंद दरवाजों के पीछे न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा। स्थानीय पुलिस द्वारा पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाने के बाद यह निर्णय लिया गया। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) ने बीसीसीआई को इस समस्या के बारे में सूचित किया और भारत की क्रिकेट संचालन संस्था के पास खाली स्टेडियम के सामने मैच जारी रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। बीसीसीआई ने प्रशंसकों को यह भी सूचित किया कि जिन लोगों ने मैच के लिए टिकट खरीदे थे, उन्हें पूरा पैसा वापस मिलेगा।

## यौन उत्पीड़न मामले में दनुष्का गुणाथिलका को बड़ी राहत, नहीं पाए गए दोषी

**सिडनी (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2022 के लिए ऑस्ट्रेलिया में टिंडर डेट पर 'चुपके से' यौन उत्पीड़न करने के आरोपी श्रीलंका के बल्लेबाज दाशुंका गुनाथिलका को 'दोषी नहीं' पाया गया है। 32 वर्षीय गुनाथिलाका पर नवंबर 2022 में टिंडर डेट के बाद सिडनी की महिला के साथ उसके घर पर मारपीट करने का आरोप भी लगाया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक गुनाथिलका को बरी करते हुए गुरुवार को सिडनी के डाउनिंग सेंटर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज सारा हगेट ने पाया कि गुनाथिलका ने पुलिस को सच बताया था और कहा था कि उनके पास ऐसा करने का 'कोई मौका नहीं' था।

जज ने फैसला सुनाते हुए कहा, साक्ष्य यह स्थापित करते हैं कि आरोपी के पास संभोग के दौरान कंडोम हटाने का कोई मौका नहीं था क्योंकि वह संभोग लगातार चल रहा था। उन्होंने कहा, उस साक्षात्कार में उन्होंने जो कहा, उसे अस्वीकार करने या उस पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है। दूसरी ओर हगेट ने पाया कि शिकायतकर्ता, जिसे कानूनी रूप से नामित नहीं किया जा सकता है, ने पुलिस को दिए अपने बयानों में दो अलग-अलग विवरण दिए थे और जो कुछ हुआ उसकी उसे स्पष्ट स्मृति नहीं थी। हगेट ने आगे कहा कि शिकायतकर्ता क्रिकेटर को प्रतिकूल छवि में चित्रित करने की इच्छा से प्रेरित था।

गुनाथिलका ने अपने वकीलों, माता-पिता और अन्य लोगों को धन्यवाद दिया जिन्होंने इन कठिन 11 महीनों के दौरान उनका समर्थन किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मुझे खुशी है कि मेरा जीवन फिर से सामान्य हो गया है, इसलिए मैं वापस जाकर क्रिकेट खेलने का इंतजार कर रहा हूं।

गुनाथिलाका ने 8 टेस्ट सहित 100 से अधिक मैचों में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया है, उनकी गिरफ्तारी के बाद उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से निलंबित कर दिया गया था। गुनाथिलका मुकदमे के दौरान जमानत पर थे लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने या अपने गृहनगर कोलंबो लौटने में असमर्थ थे। गुनाथिलका और महिला की मुलाकात डेटिंग ऐप पर हुई और सिडनी सीबीडी में एक साथ पिज्जा खाने और ड्रिंक के लिए मिले थे।

पुलिस ने शुरू में गुनाथिलका के खिलाफ चार आरोप लगाए जिन्हें हयात रीजेंसी में गिरफ्तार किया गया था, उन पर बलात्कार के कई मामलों का आरोप लगाया गया था, लेकिन केवल चोरी का एक मामला था और मुकदमा चलाया गया। हगेट ने गुरुवार को गुनाथिलका पर मुकदमा चलाने में पुलिस के आचरण को बहुत चिंताजनक और संतोषजनक से बहुत दूर बताया।

# एशियन गेम्स के लिए टीम इंडिया रवाना

**ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे टीम का नेतृत्व, सीधे क्वार्टरफाइनल खेलेंगा भारत**

**हांगझोउ (एजेंसी)।** चीन के हांगझोउ शहर में चल रहे एशियन गेम्स क्रिकेट मैच के लिए टीम इंडिया मुंबई एयरपोर्ट से गुरुवार को रवाना हो चुकी है। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क (ट्विटर) पर ट्वीट करते हुए इस बात की जानकारी दी है। 4 साल में एक बार होने वाले एशियन गेम्स में इस बार फिर क्रिकेट को शामिल किया गया है। विमेंस क्रिकेट टीम ने पहले ही गोल्ड को अपने नाम कर लिया है।

मेंस कैटेगरी के मैच 27 सितंबर से शुरू हो चुके है। 2 अक्टूबर तक ग्रुप स्टेज के मुकाबले होंगे। 3 अक्टूबर को टीम इंडिया पहला क्वार्टरफाइनल खेलेगी, भारत का सामना ग्रुप-डी में टॉप करने वाली टीम से होगा। इसी तरह पाकिस्तान का मुकाबला ग्रुप-सी की टॉपर, श्रीलंका का मुकाबला ग्रुप-बी की टॉपर और बांग्लादेश का मुकाबला ग्रुप-ए की टॉपर से होगा।वी वी एस लक्ष्मण टीम इंडिया एशियन गेम्स के हेड कोच। मुंबई के एअरपोर्ट से रवाना होते वक्त की तस्वीर।

**मेंस क्रिकेट में कितनी टीमें होंगी** - मेंस इवेंट में 15 टीमें हिस्सा लेंगी। 15 टीमों में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें सीधे क्वार्टरफाइनल खेलेंगी। जबकि बाकी 11 टीमें ग्रुप स्टेज से क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी। अफगानिस्तान और मंगोलिया को ग्रुप-ए में रखा गया है, इनके बीच एक मुकाबला एक अक्टूबर को होगा। 3-3 टीमों को बी, सी और डी ग्रुप में रखा गया। इन ग्रुप में टॉप करने वाली टीमें क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। जबकि ग्रुप-ए में जीतने वाली टीम क्वार्टरफाइनल की आखिरी टीम होगी।

**मेंस टीम इंडिया का पहला मैच कब होगा** - मेंस कैटेगरी में 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक ग्रुप स्टेज के मुकाबले होंगे। 3 अक्टूबर को टीम इंडिया पहला क्वार्टरफाइनल खेलेगी, भारत का सामना ग्रुप-डी में टॉप करने वाली टीम से होगा। इसी तरह पाकिस्तान का मुकाबला ग्रुप-सी की टॉपर, श्रीलंका का मुकाबला ग्रुप-बी की टॉपर और बांग्लादेश का मुकाबला ग्रुप-ए की टॉपर से होगा। 3 और 4 अक्टूबर को क्वार्टर फाइनल होंगे। 5 अक्टूबर को ब्रेक के बाद 6 अक्टूबर को दोनों सेमीफाइनल मैच होंगे। वहीं 7 अक्टूबर को थर्ड प्लेस मैच और फाइनल खेला जाएगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ का साला सद्दाम दिल्ली से गिरफ्तार, एक लाख का था इनामी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** माफिया अशरफ के साले सद्दाम को एसटीएफ ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। उस पर एडीजी की ओर से एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। माफिया अशरफ के साले सद्दाम के खिलाफ बरेली में दो मुकदमे दर्ज हैं। एक मुकदमा अशरफ से अवैध मुलाकात को लेकर थाना बिथरी चैनपुर में और दूसरा मुकदमा थाना बारादरी में धोखाधड़ी से मकान लेने और वहां से चोरी करने के आरोप में दर्ज है। दोनों ही मामलों में सद्दाम फरार चल रहा है और उस पर एडीजी ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पिछले दिनों बिथरी चैनपुर पुलिस ने सद्दाम की कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर प्रयागराज स्थित उसके घर पर धारा 82 का नोटिस चस्पा कराया था। इसके साथ ही पुलिस टीमें लगातार उसकी धरपकड़ में लगी थीं। गुरुवार को एसटीएफ की बरेली इकाई ने सद्दाम को दिल्ली के मालवीय नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उसे बरेली लाया जा रहा है। लगातार बदल रहा था ठिकाने पिछले दिनों सद्दाम के दुबई के फोटो वायरल हुए थे, जिसके बाद यह माना जाने लगा था कि वह देश छोड़कर भाग चुका है। मगर वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पिछले लंबे समय से वह दिल्ली में ठिकाने बदल बदलकर रह रहा था। इसी बीच सूचना मिलने पर एसटीएफ ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया

### भाजपा से हाथ मिलाना जेडीएस को पड़ रहा भारी, 100 से अधिक नेताओं ने दिया इस्तीफा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन करना एचडी देवगौड़ा की पार्टी जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के लिए भारी साबित हो रहा है। अब तक सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता पार्टी का साथ छोड़ दिए हैं। इनमें से अधिकांश अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं। बुधवार को मैसूर शहर के नरसिम्हराजा विधानसभा क्षेत्र के अब्दुल खादर सहित 100 से अधिक पदाधिकारियों ने जेडीएस से इस्तीफा सौंप दिया। जेडीएस के सिंबल पर विधानसभा चुनाव लड़ने वाले खादर ने कहा, भाजपा और आरएसएस पूरे देश में मुस्लिम समुदाय को निशाना बना रही है। नफरत की राजनीति कर रही है। वे मुस्लिम समुदाय को परेशान कर रहे हैं। भाजपा नेता खुले तौर पर कहते हैं कि वे नहीं चाहते हैं मुस्लिम वोट दे। ऐसे में हम सभी इस बात से दुखी हैं कि जेडीएस कर्नाटक में बीजेपी के साथ गठबंधन में है।ज्ज्मुस्लिम नेताओं ने कहा कि उनके मन में जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के लिए सम्मान है, लेकिन भाजपा के लिए नहीं। इस्तीफा देने वाले जेडीएस अल्पसंख्यक नेताओं ने जेडीएस अध्यक्ष सीएम इब्राहिम से भी आग्रह किया कि वह तुरंत इस्तीफा दें। जेडीएस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद शफीउल्ला साहब ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। जेडीएस की प्रवक्ता रहीं यूटी फरजाना अशरफ ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। फरजाना ने जेडीएस मीडिया सेल के प्रमुख श्रीकांत गौड़ा को लिखे पत्र में कहा कि वह च्चैचारिक मतभेदों के कारणज पार्टी के प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे रही हैं। जेडीएस के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक के बाद भाजपा के साथ गठबंधन करेंगे। जेडीएस की बात करें तो लंबे समय से कर्नाटक में एक मजबूत तीसरा खिलाड़ी है। यहां बीजेपी और कांग्रेस की आमने-सामने की लड़ाई होती है। बीते विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बीजेपी को कर्नाटक की सत्ता से बेदखल किया।

### पीएम मोदी ने मंदिर में 21 रुपए नहीं चढ़ाए थे, सामने आया सफेद लिफाफे वाले दावे का सच

**भीलवाड़ा, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के भीलवाड़ा मंदिर में 21 रुपए दान किए थे। हो सकता है पिछले एक-दो दिनों में आपने भी सोशल मीडिया पर वायरल वह वीडियो देखा होगा, जिसमें ऐसा दावा किया जा रहा है। लोग तरह-तरह की टिप्पणी करने लगे। चूंकि एक सफेद लिफाफा दिखाते हुए दावा मंदिर के पुजारी कर रहे थे इसलिए लोगों को यकीन भी हो गया। हालांकि, अब पड़ताल में इसकी सच्चाई कुछ और ही निकली है। आइए आपको पूरी बात बताते हैं। पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें मंदिर के पुजारी कुछ लोगों की मौजूदगी में दानपात्र खोलते हैं। इसमें तीन लिफाफे निकलते हैं। पुजारी दावा करते हैं कि सफेद रंग का लिफाफा पीएम मोदी ने इस साल जनवरी में दानपात्र में डाला था और इसे खोलने पर 21 रुपए निकले हैं। हालांकि, लिफाफे पर देने वाले का नाम नहीं लिखा था। पुजारी मौके पर मौजूद मीडियाकर्मी से कहते हैं, आपके सामने इसमें से तीन लिफाफे निकले हैं। एक में 121 और एक 2100 और एक में 21 रुपए। वीडियो में जो थोड़ा सा दिखता है उसमें कुछ वाइट दिखता है। इसे आपके सामने खोला और इसमें 21 रुपए मिले। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया। लोग तरह-तरह के कॉमेंट करने लगे। कुछ लोगों ने इसे पीएम मोदी की कंजूसी कह डाला तो कुछ ने कहा कि यह श्रद्धा का विषय है और दान व्यक्ति अपनी इच्छा अनुसार कुछ भी दे सकता है। हालांकि, जब इस मामले की पड़ताल की गई तो सच्चाई कुछ और ही सामने आई। यह सच है कि 28 जनवरी 2023 को पीएम मोदी भीलवाड़ा के मालासेरी डूंगरी मंदिर में गए थे। भगवान देव नारायण जी के 1111 अवतरण महोत्सव के मौके पर पीएम मोदी मंदिर गए थे। यहां पूजा अर्चना के बाद उन्होंने जनसभा भी की थी। इंटरनेट पर मौजूद उस कार्यक्रम के पूरे वीडियो को ध्यान से देखने पर पता चला कि पीएम मोदी ने दानपात्र में कुछ नोट डाले थे, जो बिना किसी लिफाफे के थे। पीएम मोदी के पीछे वही पुजारी खड़े थे जिन्होंने अब सफेद लिफाफे वाली बात कही है।

# राजस्थान में बिना सीएम फेस के उतरेगी भाजपा

### जयपुर में अमित शाह, जेपी नड्डा की मौजूदगी में चला मंथन

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा ने किसी नेता को सीएम फेस घोषित किए बिना ही उतरने का फैसला लिया है। बुधवार को शाम 7 बजे से देर रात 3 बजे तक जयपुर में अमित शाह, जेपी नड्डा की मौजूदगी में मंथन चला। इसी दौरान यह फैसला लिया गया। यही नहीं सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने वसुंधरा राजे को भी खुश कर लिया है, जो अब तक नाराज बताई जा रही थीं। वह राजस्थान की कई बार सीएम रह चुकी हैं। ऐसे में वह खुद को सीएम फेस मानकर चल रही थीं, लेकिन पार्टी ने उन्हें बिना किसी चेहरे के ही लड़ने पर राजी कर लिया है। खबर है कि उन्हें यह आश्वासन जरूर मिला है कि टिकट बंटवारे में उनकी राय को महत्व दिया जाएगा।

इसी के चलते वसुंधरा राजे खुश हैं और अब मेहनत से चुनाव में जुटने का फैसला लिया है। इसका संकेत तभी मिल गया, जब वह दफ्तर से रात को बाहर निकलीं तो चेहरे पर मुस्कान थी। अमित शाह और जेपी नड्डा शाम को 7 बजे पहुंचे थे और 3 बजे तक मीटिंग हुई। यही नहीं इसके बाद सुबह 6 बजे एक बार फिर से अमित शाह उठ गए और अब छत्तीसगढ़ का दौरा है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीटिंग की जानकारी देते हुए बताया कि कोर कमेटी की मीटिंग में फैसला हुआ कि इलेक्शन के लिए कोई सीएम फेस नहीं होगा। इस मीटिंग के दौरान राजस्थान के नेताओं के साथ भी अलग-अलग 45 मिनट की मीटिंग हुई।

रात को 3:30 बजे वसुंधरा राजे भाजपा दफ्तर से बाहर निकलीं तो उनके चेहरे पर मुस्कान थी। उन्होंने कहा कि सब कुछ सही रहा है और पॉजिटिव है। रात भर चली मीटिंग के बाद राष्ट्रीय संगठन मंत्री बीएल संतोष और प्रदेश के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर की मीटिंग चल रही है। इस बैठक में राजेंद्र सिंह राठौड़ भी मौजूद हैं। खबर है कि वसुंधरा राजे को संकेत दिया गया है कि भले ही वह चेहरा नहीं होंगी, लेकिन उनकी अहम भूमिका होगी। शेखावत ने कहा कि इस मीटिंग में राजनीतिक मुद्दों के साथ ही जनता के बीच किन मसलों को लेकर जाएं, इस पर भी चर्चा हुई। भाजपा राजस्थान में भी मध्य प्रदेश वाली रणनीति अपना रही है। वह यहां भी बिना सीएम फेस के उतरने जा रही है और चुनाव में हाइप बनाने के लिए लोकसभा सांसदों तक को उतारने की तैयारी है। इसी के तहत सुखबीर सिंह जौनपुरिया, किरोड़ी लाल मीणा और दीया कुमारी को उतारने का प्लान है। तीनों ही अलग-अलग समुदाय से हैं और भाजपा को लगता है कि उन्हें उतारने से माहौल बनेगा।

## कैलकुलेट नहीं की जा सकती गृहिणी की सैलरी, हाई कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी को दिया मुआवजा बढ़ाने का आदेश

**कलकत्ता, एजेंसी।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक मामले में बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि एक गृहिणी की आय अन्य किसी सामान्य व्यक्ति की तरह कैलकुलेट नहीं की जा सकती। कोर्ट ने कहा कि हाउसवाइफ केवल घर के काम ही नहीं करती बल्कि पूरे परिवार का खयाल भी रखती है। कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल बेंच एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसने इंश्योरेंस कंपनी को चुनौती दी थी। जस्टिस अजय कुमार गुप्ता ने याचिकाकर्ता प्रतिमा साहू को मिलन वाला मुआवजा बढ़ाने का फैसला दिया है। दरअसल प्रतिमा का अक्टूबर 2013 में ऐक्सिडेंट हो गया था। इसके बाद प्रतिमा ने मोटर ऐक्सिडेंट क्लेम ट्राइब्यूनल को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा था कि वह महीने के 4 हजार रुपये कमाती हैं। लेकिन ट्राइब्यूनल ने उनकी इनकम को 3 हजार ही स्वीकार किया। इस मामले में बेंच ने कहा कि किसी गृहिणी को अपनी इनकम का सबूत देने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने कहा, किसी हाउसवाइफ से उसकी आय का प्रमाण नहीं मांगा जा सकता। किसी गृहिणी को एक सामान्य नौकरी करने वाले व्यक्ति से ज्यादा जिम्मेदारी उठानी होती है। वह पति, बच्चों, सास ससुर और परिवार के अन्य लोगों की देखभाल भी करती है और पूरे दिन घर के काम में भी लगी रहती है। इसलिए उसकी मेहनत के परिणाम को किसी सैलरी से नहीं मापा जा सकता। उसकी कैलकुलेशन किसी मासिक सैलरी के रूप में नहीं की जा सकती। तामलुक के एमएसीटी ने फरवरी 2020 में फैसला सुनाया था और इंश्योरेंस कंपनी से महिला को 2.09,746 रुपये देने का आदेश दिया था। महिला को ऐक्सिडेंट में काफी चोट आई थी। वह चलने फिरने में भी असमर्थ हो गई थी। उसने दावा किया था कि भविष्य में उसकी इनकम नहीं हो पाएगी और वह मानसिक दर्द से गुजर रही हैं। बेंच को पता चला कि एमएसीटी ने मेंटल पीस के नाम पर केवल 5 हजार रुपये देने का आदेश दिया था। इसके बाद कोर्ट ने पहले सेस्वीकृत मुआवजे को बढ़ाने का आदेश दिया।

## शिंदे के विधायकों की अयोग्यता पर इस साल भी लटक सकता है स्पीकर का फैसला

**मुंबई, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता वाली याचिका पर सुनवाई में देरी के लिए फटकार लगाई थी। इसके बावजूद स्पीकर ने फिलहाल मामले को लटका दिया है। आपको बता दें कि इस याचिका के खिलाफ 6 अक्टूबर को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत 16 शिवसेना विधायक जवाब देंगे। इसके बाद 13 अक्टूबर को उद्धव गुट की याचिका पर बहस और सुनवाई होगी। शिंदे खेमे ने याचिकाओं को एक साथ न जोड़ने की मांग की है। वहीं, उद्धव ठाकरे गुट की मांग है कि याचिकों पर अलग-अलग सुनवाई नहीं हो। स्पीकर नार्वेकर 20 अक्टूबर को इस विषय पर फैसला करेंगे कि याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई होगी या अलग-अलग। 27 अक्टूबर को दोनों पक्ष अपनी दलीलें पेश करेंगे कि किन दस्तावेजों को स्वीकार किया जाना चाहिए। 6 नवंबर को दोनों पक्ष लिखित जवाब दाखिल करेंगे कि अयोग्यता के मुद्दे पर फैसला करते समय किन मुद्दों पर विचार किया जाना चाहिए। 10 नवंबर को स्पीकर दोनों पक्षों को सुनेंगे कि अयोग्यता पर फैसला लेते समय किन मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। 20 नवंबर को दोनों पक्ष अपने गवाह और शपथ पत्र आयोग को सौंपेंगे। इस मामले पर 23 नवंबर को जिरह होगी। जिरह और सुनवाई पूरी होने के दो हफ्ते बाद विधानसभा अध्यक्ष अपना फैसला सुनाएंगे। उद्धव ठाकरे गुट तारीखों को लेकर नाराज है। उनका कहना है कि सुनवाई में देरी के लिए इस तरीके से तरीखों को निर्धारित किया गया है। आपको बता दें कि तारीखों की जानकारी सुप्रीम कोर्ट द्वारा उद्धव ठाकरे गुट द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान हुआ है। गुट ने कहा था कि याचिका की सुनवाई में देरी हो रही है। इसके बाद कोर्ट ने स्पीकर से विधायकों की अयोग्यता मामले पर सुनवाई करने का आदेश दिया था।

उद्धव गुट ने दावा किया है कि इस बहस को दो महीने तक खींचने की कोई जरूरत नहीं है। स्पीकर को अयोग्यता को लेकर दायर याचिकाओं को एक साथ जोड़ देना चाहिए और अपना फैसला देना चाहिए।

## आपस में भिड़े पूर्वोत्तर के दो राज्यों के लोग, एक-दूसरे पर चला रहे धनुष-तीर और गुलेल

**गुवाहटी, एजेंसी।** पूर्वोत्तर के दो राज्यों असम और मेघालय की अंतरराज्यीय सीमा पर फिर हिंसक झड़प हुई है, जिसमें एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया है। दोनों राज्यों के लोगों ने एक-दूसरे पर हमला करने के लिए गुलेल, धनुष और तीर का इस्तेमाल किया। यह घटना तब हुई जब मेघालय के ग्रामीण विवादित भूमि के टुकड़े पर फसल काटने के लिए जमा हुए थे। मंगलवार को मेघालय के पश्चिम जैंतिया हिल्स जिले और असम के पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले के बीच सीमा पर लापांगप गांव में ये झड़पें हुईं। बुधवार को भी झड़पें जारी रहीं।

अधिकारियों ने बताया कि घटना में कार्बी आंगलोंग जिले का एक व्यक्ति घायल हो गया, जबकि मेघालय की ओर से किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। दोनों राज्यों के पुलिस दलों ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थानीय लोगों से बात कर उन्हें समझाया जिसके बाद स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। मेघालय के एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने झड़प वाले स्थान पर ग्रामीणों के जुटने पर रोक लगा दी। ऐसे में शांति तो है, लेकिन बुधवार को सुबह तक स्थिति तनावपूर्ण थी। वेस्ट जंयतिया हिल्स जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, च्च्हम स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए असम के वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में अपने समकक्षों के साथ समन्वय कर रहे हैं।ज्ज

लापांगप गांव के एक बुजुर्ग देइमोनमी लिंगदोह ने दावा किया कि गांव के किसान अपने धान के खेतों में काम कर रहे थे तभी खेतों के पास छिपे असम के लोगों ने उन पर गुलेल और तीर-कमान से हमला किया। उन्होंने कहा,जैसे ही हमले के बारे में जानकारी मिली तो हमारे गांव के लगभग 250-300 लोग घटनास्थल पर पहुंचे और जवाबी हमला किया। कल पूरे दिन तनाव बना रहा। वहीं, कार्बी आंगलोंग के तापत इलाके के स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मंगलवार को जब वे अपने खेतों में काम कर रहे थे तो पड़ोसी राज्य मेघालय के लगभग 200 लोगों ने उन पर गुलेल, लाठियों और खंजर से हमला किया। झड़प के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं।

असम-मेघालय अंतरराज्यीय सीमा के एक विवादित खंड पर स्थित मुकरोह गांव में पिछले साल 22 नवंबर को हुई गोलीबारी की घटना में पांच मेघालय निवासियों और असम के एक वन रक्षक सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई थी। अंतरराज्यीय सीमा को पुनर्गठित करने के लिए दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच आधिकारिक वार्ता अग्रिम चरण में है।

## कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार मांग ली माफी

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा इन दिनों विवादों का सामना कर रहा है। निज्जर की हत्या के बाद भारत के साथ संबंध खराब हो चुके हैं। वहीं, एक नाजी दिग्गज की प्रशंसा करने के कारण रूस के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है। इस सबके बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को औपचारिक रूप से माफी मांगी है। उन्होंने यह माफी हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर ने चैंबर में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की मौजूदगी में एक नाजी दिग्गज की प्रशंसा के लिए मांगी है। ट्रूडो ने यह भी कहा कि ओटावा माफी मांगने के लिए राजनयिक चैनलों के माध्यम से पहले ही कीव और जेलेंस्की तक अपनी बात पहुंचा चुका है।

एंथोनी रोटा ने बीते शुक्रवार को सदन में सार्वजनिक रूप से यारोस्लाव हुंका को हीरो करार दिया। इसके बाद मंगलवार को सदन के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि जो कुछहुआ उसके लिए वह पूरी तरह जिम्मेदार हैं। आपको बता दें कि हुंका एक पोलिश मूल के यूक्रेनी

थे, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एडॉल्फ हिटलर की वेफेन एसएस इकाइयों में से एक में नौकरी की थी। बाद में वह कनाडा चले गये।

रूस का कहना है कि यह घटना उसके उस दावे का समर्थन करती है जिसमें कहा गया है कि यूक्रेन में युद्ध का उद्देश्य देश की एकता को खंडित करना है। वहीं, कीव और उसके सहयोगी पश्चिमी देशों ने आरोप को निराधार बताया है।

ट्रूडो ने बुधवार को सदन में कहा, इस सदन में हम सभी की ओर से मैं खेद व्यक्त करना चाहता हूं। वहां मौजूद हम सभी लोगों के लिए अनजाने में इस व्यक्ति को पहचानना एक भयानक गलती थी। यह उन लोगों का अपमान के समान था तो जो नाजी शासन के हाथों गंभीर रूप से पीड़ित थे। इस मामले पर क्रेमलिन ने पहले कहा था कि पूरी कनाडाई संसद को सार्वजनिक रूप से नाजीवाद की निंदा करनी चाहिए। आपको बता दें कि हुंका कनाडा में रोटा के संसदीय क्षेत्र में रहते हैं। ट्रूडो ने कहा कि स्पीकर ने किसे आमंत्रित किया है, इसकी जांच करने की लिबरल सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। वहीं, विपक्ष का कहना है कि जो कुछ हुआ उसके लिए अंततः ट्रूडो जिम्मेदार थे, क्योंकि उन्होंने जेलेंस्की को कनाडाई संसद को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया था।

## कनाडा के गुरुद्वारे में मिले खालिस्तानी और मणिपुर के आदिवासी संगठन के लोग

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा में खालिस्तान की सक्रियता को लेकर भारत चिंतित है। यही नहीं इस मामले में जस्टिन ट्रूडो सरकार के ऐक्शन न लेने की वजह से दोनों देशों में तनाव भी पैदा हुआ है। इस बीच एक और खबर ने एजेंसियों को चौकन्ना कर दिया है। कनाडा के सरे स्थित एक गुरुद्वारे में खालिस्तानी अलगाववादियों और मणिपुर के आदिवासी संगठन से जुड़े लोगों की मुलाकात हुई है। इसे लेकर एजेंसियां सतर्क हैं और दोनों पर नजर रखी जा रही है। नॉर्थ अमेरिकन मणिपुर ट्राइबल एसोसिएशन के कनाडा चैप्टर के प्रेसिडेंट लेइन गांगटे ने इस आयोजन में भाषण भी दिया था। इस कार्यक्रम में गांगटे ने भारत में अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न विषय पर भाषण दिया था। इस टॉपिक के चलते ही चिंता बढ़ गई है कि खालिस्तानी तत्व आदिवासी संगठनों को भी भड़काने में जुटे हैं। दरअसल सरे के गुरुद्वारे पर खालिस्तानी तत्वों का कब्जा बताया जाता है। इसका कंट्रोल हत्या का शिकार हुए खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर के पास ही था। उसी के चलते सरे का गुरुद्वारा भारत विरोधी गतिविधियों का केंद्र बन गया था। खालिस्तान टाइगर फोर्स से जुड़ा रहा हरदीप सिंह निज्जर सरे में ही गुरुद्वारे के पास मारा गया था। एक इंटेलिजेंस नोट के मुताबिक सरे के गुरुद्वारे में हुए आयोजन से पहले ट्राइबल संगठन और हरदीप सिंह निज्जर के सहयोगियों के बीच एक मीटिंग भी हुई थी। अपने भाषण में गांगटे ने सिख समुदाय के भाइयों का धन्यावद देते हुए कहा था कि आप लोगों ने मणिपुर में कुकी समुदाय के लोगों का साथ दिया है। इस बीच एक और जानकारी सामने आई है कि खालिस्तानी गुरपतंवत सिंह पन्नू चीन के साथ मिलकर भी काम करता है।

## राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति मध्य प्रदेश से अलग होगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की रणनीति मध्य प्रदेश से अलग होगी। पार्टी नेतृत्व इन दोनों सूबों में भी कुछ बड़े नेताओं को तो चुनाव लड़ा सकता है, लेकिन मध्य प्रदेश की तरह सभी बड़े नेताओं को नहीं उतारा जाएगा। इसकी एक बड़ी वजह दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार होना है।

भाजपा संभलकर उम्मीदवार तय करेगी, क्योंकि वहां वसुंधरा राजे को साधना बेहद जरूरी है। छत्तीसगढ़ में तो भाजपा पहली सूची में एक सांसद को उतार भी चुकी है। हारी हुई सीटों पर ज्यादा मशक्कतः इस साल के आखिर में चुनाव तो पांच राज्यों में हो रहे हैं, लेकिन भाजपा के लिए सबसे ज्यादा अहम मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान है। ये तीनों राज्य भाजपा के गढ़ हैं और लोकसभा की 75 में से पार्टी के पास 72 सीटें हैं। ऐसे में वह इन राज्यों के विधानसभा चुनावों में जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही। रणनीति के तहत वह हारी हुई सीटों पर ज्यादा मेहनत कर रही है। मध्य प्रदेश में भाजपा ने हाल में अपने अधिकांश बड़े नेताओं को विधानसभा के चुनाव मैदान में उतार दिया है, जिनमें तीन केंद्रीय मंत्री और चार सांसद एवं एक राष्ट्रीय महासचिव हैं। बड़े नेताओं पर दांव पार्टी की रणनीतिः भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी नई रणनीति के तहत बड़े नेताओं को उतार रही है, लेकिन हर राज्य की जरूरत और रणनीति अलग है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी बड़े नेता उतारे जाएंगे, लेकिन मध्य प्रदेश जैसा ही हो, यह जरूरी नहीं है।

## जातिगत भेदभाव के खिलाफ भारतीय मूल के दो इंजीनियरों ने खटखटाया कोर्ट को दरवाजा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कैलिफोर्निया में जातिगत भेदभाव के खिलाफ मुकदमा करने वाले दो भारतीय-अमेरिकी सिस्को इंजीनियर एक हिंदू वकालत समूह द्वारा दायर मुकदमे में शामिल हो गए और आरोप लगाया कि राज्य के नागरिक अधिकार विभाग (सीआरडी) ने हिंदुओं व भारतीय-अमेरिकियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। वर्षों की मुकदमेबाजी के बाद, सुंदर अय्यर और रमाना कोम्पेला के खिलाफ जातिगत भेदभाव का मामला इस साल अप्रैल में सीआरडी द्वारा खारिज कर दिया गया था। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) द्वारा दायर एक संशोधित शिकायत के अनुसार, सीआरडी ने जिस तरह से सिस्को सिस्टम्स पर जातिगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए अपने मामले को आगे बढ़ाया, उससे कई हिंदुओं और भारतीय अमेरिकियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ। इसमें सीआरडी पर गलत तरीके से यह दावा करने का आरोप लगाया गया है कि

जाति व्यवस्था और जाति-आधारित भेदभाव हिंदू शिक्षाओं और प्रथाओं का अभिन्न अंग हैं। कोम्पेला और अय्यर के अलावा, लंबे समय से कैलिफोर्निया निवासी और अंतरधार्मिक नेता, दिलीप अमीन, भारतीय मूल के तीन हिंदू तकनीकी कर्मचारी और अन्य भी मुकदमे में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने हिंदू धर्म और भारतीयों के बारे में सीआरडी के असंवैधानिक और गलत बयानों से नुकसान का दावा किया है। नई शिकायत पिछले सप्ताह संघीय अदालत में दायर की गई थी, जब न्यायाधीश ने बर्खास्तगी से बचने के लिए एचएएफ को अपनी शिकायत में संशोधन करने के लिए 21 दिन का समय दिया था। एचएएफ के प्रबंध निदेशक समीर कालरा ने एक बयान में कहा, अदालत ने विशिष्टता के उस स्तर के लिए कहा, जो आमतौर पर प्रारंभिक शिकायत में आवश्यक नहीं होता है। लेकिन हम उस विशिष्टता को शामिल करने के साथ-साथ कई व्यक्तिगत वादी को जोड़ने का मौका पाकर खुश हैं, जिन्होंने हमारी मूल फाइलिंग के समय से सीआरडी के अतिरेक के साथ साझा चिंताओं के साथ आगे कदम बढ़ाया था। संशोधित शिकायत में कहा गया है कि कैलिफ़ोर्निया वह काम करके हिंदू धर्म को बदनाम करता है, जो अमेरिकी संविधान कहता है कि वह नहीं कर सकता। इसमें कहा गया है कि सरकार को धार्मिक सिद्धांतों को स्थापित करने या धार्मिक प्रथाओं में हस्तक्षेप करने से रोकना उतना ही पुराना सिद्धांत है, जितना गणतंत्र। कैलिफ़ोर्निया के कानून और विनियम किसी की जाति को निर्धारित करने के लिए कोई परिभाषा या व्यावहारिक तरीका प्रदान नहीं करते हैं। सिवाय इसके कि दक्षिण एशियाई, विशेष रूप से भारतीय मूल के हिंदुओं को आवश्यक रूप से एक विशिष्ट जाति के हिस्से के रूप में पहचाना जाना चाहिए। इस बीच, कैलिफोर्निया में कई हिंदू-अमेरिकी गवर्नर गेविन न्यूसम से हाल ही में राज्य विधानसभा द्वारा पारित जाति-विरोधी भेदभाव विधेयक को वीटो करने का आग्रह कर रहे हैं। उनका कहना है कि मार्च में सीनेटर आइशा वहाब द्वारा पेश किया गया बिल भेदभावपूर्ण है और हिंदुओं को लक्षित करता है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129